CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 09°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 338 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई पेज 2




भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 2024 में 260 सैंपल पॉजिटिव खेल टाइम्स



दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है सम्पादकीय



भारत–ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत पेज 12

# भारी हंगामे के बीच वीबी जी-राम जी विधेयक पारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के बीच विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम-जी (विकसित भारत जी राम जी) विधेयक 2025 पारित किया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का स्थान लेने वाले वीबी जी-राम जी विधेयक पर बुधवार मध्यरात्रि तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक के माध्यम से महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम कर बापू के आदर्शों को जिंदा रखने का काम किया गया है। यह गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श ग्राम की स्थापना करेगा, जिसमें लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं उनकी पहुंच में होगी।



**लोकसभा में विपक्ष ने कागज फाड़े, शिवराज बोले–चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम**

**निजी क्षेत्र के लिए खुले परमाणु ऊर्जा के दरवाजे, दोनों सदनों में पारित हुआ परमाणु ऊर्जा विधेयक**

उन्होंने कहा कि हम किसी से भेदभाव नहीं करते हैं। बापू हमारी प्रेरणा और श्रद्धा हैं। पूरा देश हमारे लिए एक है। हमारे विचार संकीर्ण और संकुचित नहीं है। कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि असल मायने में मनरेगा के फंड का दुरुपयोग किया गया है। दूसरी तरफ हमारी सरकार -शेष पृष्ठ दो पर

## मनरेगा खत्म करने की साजिश है वीबी जी रामजी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (संशोधन) विधेयक 2025' गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है, जिसका सख्त विरोध किया जाएगा।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा में 'वीबी–जी– राम–जी (संशोधन) विधेयक 2025 के पारित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि यह बिल गरीबों के खिलाफ है। वह और

**खड़गे–प्रियंका ने कहा: बिल गरीबों के खिलाफ कांग्रेस विधेयक का करेगी विरोध**

उनकी पार्टी इस विधेयक का विरोध करेगी। इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा। जैसे ही इसका बोझ राज्यों पर पड़ेगा, यह योजना धीरे–धीरे खत्म हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करने वाले इस विधेयक का उनका गठबंधन पूरी तरह से विरोध करेगा।

## पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में भवाली–अल्मोड़ा मोटर मार्ग में वीरवार को पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में तीन पर्यटकों की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गुरुवार को करीब सुबह 9.30 बजे वाहन स्कॉर्पियो नंबर यूपी 25 डीजेड–4653 से बच्चे व चालक समेत कुल 9 पर्यटक इज्जतनगर बरेली से कैंची धाम को आ रहे थे कि भवाली पेट्रोल पंप से अल्मोड़ा मोटर मार्ग की ओर करीब 500 मीटर की दूरी पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मय एसडीआरएफ तथा

**छह लोग घायल**
**बरेली से कैंची धाम जा रहे थे पर्यटक**

फायर सर्विस मौके पर पहुंची बाद में प्राथमिक उपचार के लिए सभी को हायर सैंटर रेफर किया गया। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जिसमें गंगा देवी (55) पत्नी भूप राम, बृजेश कुमारी पत्नी राहुल पटेल (26) निवासी ग्राम चावण पोस्ट मुडिया थाना इज्जतनगर बरेली तथा नैंसी गंगवार (24) पुत्री जयपाल सिंह गंगवार निवासी पीलीभीत बरेली की मौत हो गई, जबकि ऋषि पटेल उर्फ -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में घना जहरीला स्मॉग, एक्यूआई 'बहुत खराब' से गंभीर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को ज्यादातर हिस्सों में जहरीले स्मॉग की घनी परते छाई रहने से दृश्यता तेजी से कम हो गई और लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। इंडिया गेट, एम्स , अक्षरधाम, आईटीओ और बारापुला फ्लाईओवर जैसी खास जगहों से मिले दृश्यों में शहर भर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से दृश्यता बहुत कम हो गई। दिल्ली के अलग–अलग हिस्सों में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब से लेकर गंभीर तक बना रहा।

### दिल्ली में सख्ती, जगह–जगह गाड़ियों की चेकिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार–गुरुवार रात 12 बजे से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा फेज लागू हो गया है। इसके तहत कई सख्त नियम लगाए गए है। दिल्ली में गुरुवार से सिर्फ बीएस–6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है। इससे कम मानक वाले, दिल्ली के बाहर की गाड़ियों को शहर में आने नहीं दिया जा रहा है। इस फैसले से दिल्ली में बाहर से रोजाना आने–जाने वाली 12 लाख गाडियों पर असर पड़ा है।

### अभद्र टिप्पणी मामले में आजम दोष मुक्त

**रामपुर।** रामपुर जिले की एक अदालत ने पूर्व मंत्री मंत्री आजम खां को प्रशासनिक अधिकारियों से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दोष मुक्त करार दिया है। मामले में अभियोजन साक्ष्य साबित नहीं कर सका। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के मुकदमों की सुनवाई तेजी से चल रही है। ज्यादातर मुकदमे फैसले के करीब आ गए हैं। गुरुवार को फिर एक अन्य मुकदमे में फैसला आया।

### प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का निधन

**नोएडा।** प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की जानकारी दी। श्री राम सुतार ने देर रात अपने नोएडा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका गुरुवार दोपहर को नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। श्री सुतार के पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी।

# आवारा कुत्ते मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो इस मामले में पक्ष रख रहे हैं, ने बताया कि इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गुरुवार को गठित होने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ की बैठक रद्द कर दी गई है। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि अब यह मामला 7 जनवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा। अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। जब पीठ ने कहा कि वह 7 जनवरी को इस मामले पर विचार करेगी, तो सिब्बल ने कहा कि अधिकारी दिसम्बर में ही नियमों को लागू कर देंगे। उन्होंने तर्क दिया कि वे इसे लागू करेंगे और कुत्तों को हटा देंगे। उनके पास आश्रय स्थल नहीं हैं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कोई बात नहीं, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे। सिब्बल ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ किया जा रहा है वह बेहद अमानवीय है। न्यायमूर्ति मेहता ने सिब्बल से कहा कि अगली तारीख को हम आपके हित में एक वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या है। सिब्बल ने जवाब दिया कि वे यह दिखाने के लिए एक वीडियो भी चलाएंगे कि क्या हो रहा था। सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि आपके माननीय न्यायाधीश ने एक आदेश पारित किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि वैधानिक नियम हैं। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर 7 जनवरी को विचार करेगी। बता दें कि 7 नवम्बर को, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद आवारा कुत्तों को तुरंत निर्दिष्ट आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने यह भी कहा था कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। पीठ ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा जानवरों को हटाने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि खेल परिसरों सहित संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं की पुनरावृत्ति न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि इन परिसरों को रोके जा सकने वाले खतरों से सुरक्षित करने में प्रणालीगत विफलता को भी दर्शाती है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए दायर मामले में कई निर्देश जारी किए थे।

**कहा: अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा, मानवता आखिर है क्या**



### रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसला सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों।

# घने कोहरे से उत्तर, पूर्वी भारत में उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली, चंडीगढ़, पटना और उत्तर व पूर्वी भारत के अन्य हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन प्रभावित होने के बीच कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया है।

एयर इंडिया ने चेताया है कि अगले कुछ दिनों में घना कोहरा दिल्ली और कई अन्य हवाई अड्डों पर परिचालन सेवा को प्रभावित कर सकता है, जिसका संभावित प्रभाव इसके पूरे नेटवर्क पर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि आपकी यात्रा की बेहतर योजना में मदद करने के लिए, विशेष रूप से त्यौहारों के सीजन दौरान, हमारा अनुरोध है कि आप एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें। आपकी सुविधा के लिए एयर इंडिया ने कोहरे से संबंधित व्यवधानों को कम करने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं। हालांकि, यदि घने कोहरे के कारण अचानक उड़ानें रद्द होती हैं या अधिक देरी होती है, तो हमारे ग्राउंड स्टाफ के सहयोगी आपकी सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे और वैकल्पिक व्यवस्थाएं करेंगे। एयरलाइन के 'फॉगकेयर' पहल के तहत, प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले



**एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें :एयरलाइंस**

से सूचना मिलेगी और वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान बदल सकते हैं या फिर बिना किसी जुर्माने के पूरा किराया मांग सकते हैं। इंडिगो ने कहा कि उत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे का पूर्वानुमान जताया गया है, जिससे दृश्यता कम हो सकती है और शुरुआती घंटों के दौरान उड़ान परिचालन की गति धीमी हो सकती है। सुरक्षा के मद्देनजर, कुछ उड़ानों में देरी भी हो सकती है या बदलाव हो सकते हैं।

### यूपी में 30 जिलों में घना कोहरा, कई फ्लाइट्स, ट्रेनें लेट, हेमकुंड में माइनस 20 डिग्री सेल्सियस पारा

**नई दिल्ली।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। फतेहपुर, डूंगरपुर, लूणकरणसर और नागौर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री तापमान रहा। फतेहपुर में 3.8, लूणकरणसर में 4.3, डूंगरपुर में 4.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में गुरुवार सुबह कोहरे की मोटी परत छाई रही। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अमेठी, अयोध्या सहित कई जिलों में विजिबिलिटी जीरो या अधिकतम 10 मीटर रही। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने कुछ भी नहीं दिख रहा था। यूपी में घने कोहरे के कारण बुधवार को 7 फ्लाइट्स लेट हुईं। एक उड़ान रद्द करनी पड़ी, जबकि एक अन्य को डायवर्ट करना पड़ा। कई ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। राज्य में बीते 4 दिनों में 150 से ज्यादा सड़क हादसों में 150 वाहनों की टक्कर हुई।

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में 9वीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले महीने दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले के आसपास हुए बम धमाके के सिलसिले में एक और प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार किया गया नौवां व्यक्ति यासिर अहमद डार, श्रीनगर (जम्मू–कश्मीर) के शोपियां का निवासी है। बता दें कि इस धमाके में 11 लोगों की मौत हो गई थी। कई अन्य घायल हो गए थे। एनआई की ओर से जारी बयान के मुताबित, आरोपी को मामला संख्या आरसी -21/2025/ एनआईए/डीएलआई के तहत शहरी अतिक्रमण अधिनियम 1967 और बीएनएस 2023 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। एनआईए की जांच से पता चला है कि 10 नवम्बर को राजधानी में हुए कार बम धमाके की साजिश में यासिर की सक्रिय भूमिका थी।




**प्रयागराज : कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वीबी–जी राम जी विधेयक के तहत एमजीएनआरईजीए का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन किया।**

# हर प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार है वायुसेना: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत और अभियान क्षमता का बखूबी से प्रदर्शन किया।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां वायुसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचारों, प्रौद्योगिकी और जल्द से जल्द स्थिति के अनुरूप ढलने क्षमता की लड़ाई है। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आर्म्ड फोर्सेज ने भारत की हाई–इम्पैक्ट, कम समय की ऑपरेशनल क्षमता दिखाई। वायुसेना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा यह कि टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड, ऑपरेशन में फुर्तीली, स्ट्रेटेजिक रूप से कॉन्फिडेंट और भविष्य को ध्यान में रखने वाली फोर्स है, जो लगातार बदलती ग्लोबल व्यवस्था के बीच देश के हितों की रक्षा कर रही है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी कैंपों को नष्ट करने और 'स्ट्राइक' के बाद पाकिस्तान की गैर–जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया को असरदार तरीके से संभालने की हिम्मत, तेजी और सटीकता के लिए वायुसेना की तारीफ़ की। वायु रक्षा प्रणाली क्षमता में लोगों के भरोसे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आमतौर पर, जब दुश्मन हमला करता है, तो लोग छिप जाते हैं, लेकिन जब पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, तो भारत के लोग शांत रहे और अपने रोजाना के काम करते रहे।

**रक्षा मंत्री ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण बताया**

**अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताया**



# तलाक के लिए एक साल अलग रहना जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि आपसी सहमति से तलाक लेने वाले पति–पत्नी के लिए एक साल तक अलग रहने की शर्त अनिवार्य नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम (एचएमए), 1955 के तहत बनाए गए इस शर्त को सही मामलों में माफ किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, पति–पत्नी को शादी के बंधन से मुक्त करने के बजाय, उन्हें एक गलत रिश्ते में उलझाए रखना गलत होगा। इससे दोनों पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तनाव पड़ेगा। यह स्पष्टीकरण एक डिवीजन बेंच द्वारा किए गए एक रेफरेंस के जवाब में आया, जिसमें अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका पेश करने की समयसीमा पर मार्गदर्शन मांगा गया था।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा: पति–पत्नी को अनचाहे रिश्ते में उलझाए रखना गलत**

## संक्षिप्त समाचार

### ईओडब्ल्यू ने फर्जी नौकरी मामले में दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आर्थिक अपराध शाखा ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरा. प में एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 2024 में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित आरोपपत्र न्यायिक फैसले के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बडगाम की अदालत में पेश किया गया। यह मामला एक लिखित शिकायत से शुरू हुआ, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के जरिहामा की रहने वाली इशरत बानो ने शिकायतकर्ता को यह कहकर कि उसका पति सरकारी उसे नौकरी दिला देगा, 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता ने यह पैसे एक बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए। हालांकि उसे न तो कोई नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए। ईओडब्ल्यू ने शिकायत मिलने पर विस्तृत जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि रकम आरोपी गुलजार अहमद वानी उर्फ शाहिद, जरिहामा/ लिडरवान, कुपवाड़ा निवासी के बैंक खाते में जमा की गई थी।

### धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि खेल्लानी के सरसी गांव में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि डोडा थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

# कश्मीर में 20 दिसम्बर से बर्फबारी का अनुमान

**श्रीनगर, वार्ता**

**■ कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी**

कश्मीर में मौसम विभाग ने लंबे समय से चल रहा शुष्क मौसम 20 दिसम्बर से समाप्त होने का अनुमान लगाया है। श्रीनगर मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को जम्मू- कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का 20-21 दिसम्बर को हिमपात का अनुमान कश्मीर घाटी में सर्दियों के सबसे भीषण दौर चिल्लई कलां की शुरुआत के साथ मेल खाता है। कश्मीर में नवम्बर की शुरुआत से ही लंबे समय से शुष्क मौसम है।

मौसम विभाग ने कहा कि 20-21 दिसम्बर को सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है, कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी और जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और उत्तरी एवं मध्य कश्मीर के कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। हालांकि 20 दिसम्बर की देर रात से पश्चिमी विक्षोभ के ज्यादा सक्रिय होने का अनुमान है। बारिश की तीव्रता 20 दिसम्बर की देर रात से 21 दिसम्बर के दोपहर तक चरम पर रहने की उम्मीद है। 22 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहने और छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान है, जबकि 23 से 29 दिसम्बर तक आंशिक रूप से या सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। जबकि ऊंचे इलाकों में 30 और 31 दिसम्बर को हल्की बर्फबारी होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुपवाड़ा, बांदीपा. रा और गांदरबल जिलों के कुछ ऊंचे इलाकों में, विशेष रूप से 21 दिसम्बर को, मध्यम से भारी बर्फबारी हो सकती है। यात्रियों एवं चालकों को सलाह दी गई है कि वे मौसम अपडेट पर नजर रखें और अपनी यात्रा की योजना उसी अनुसार बनाएं तथा यातायात एवं प्रशासनिक निर्देशों का सख्ती से पालन करें। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही होने से और बर्फबारी होने से घाटी में लंबे समय से चल रहे शुष्क मौसम की स्थिति से राहत मिलने की उम्मीद है।

# वंदे मातरम पर चर्चा कर मुद्दों से भाग रही सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ कहा: भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया**

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है। उन्होंने कहा कि खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी। धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है। कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है। बड़े-बड़े अपराधी घूम रहे हैं। कोडीन भैया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पर्यावरण को लेकर काफी चिंता है। दिल्ली का एक्यूआई क्या है। जब सब लोग सवाल उठा रहे हैं, तो बोल रहे हैं सरकारी एप पर देखिए। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर विधायको के साथ बैठक की गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के कारण भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट मैच रद्द करना पड़ा, लेकिन सरकार के लोग दावा कर रहे हैं कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) ठीक था। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार यह एक्यूआई के आंकड़े कहां से ला रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्वतंत्र एजेंसियों के आंकड़ों को नकार कर प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे पर चर्चा से बचना चाहती है।

### फॉग नहीं बल्कि स्मांग की वजह से रद्द हुआ भारत दक्षिण अफ्रीका मैच: अखिलेश

**लखनऊ।** लखनऊ में भारत दक्षिण अफ्रीका टी20 मैच रद्द होने का परोक्ष रुप से भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि क्रिकेट मैच न हो पाने की वजह कोहरा नहीं बल्कि प्रदूषण था, क्योंकि भाजपा सरकार ने शुद्ध हवा के लिए बनाए गए पार्कों को बरबाद कर दिया है। यादव ने बुधवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में आयोजित होनेवाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है।

## खेती के साथ खिलवाड़ अब 'सामान्य अपराध' नहीं

# उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: मुख्यमंत्री**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई करते हुए साफ संदेश दिया है कि खेती और किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद माफिया के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है।

योगी सरकार का मानना है कि उर्वरकों की कालाबाजारी केवल आपूर्ति या प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा, किसान की आजीविका और प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर अपराध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग किसानों को संकट में डालकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, वे केवल कानून नहीं तोड़ रहे, बल्कि देश और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को 'सामान्य अपराधी' मानकर नहीं छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ी, तो उनके खिलाफ एनएसए जैसी कठोर धाराएं लगाई जाएंगी, ताकि वे लंबे समय तक समाज के लिए खतरा न बन सकें। योगी सरकार ने खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और ओवररेटिंग की शिकायतों पर त्वरित एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अब केवल नोटिस या चेतावनी देकर मामले को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जाएगा। जिला प्रशासन को अधिकार दिया गया है कि वह मौके पर ही सख्त कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़े, यह सरकार के लिए स्वीकार्य नहीं है।

अगर कहीं भी कालाबाजारी की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी सीधे हस्तक्षेप करेंगे और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। योगी सरकार ने खाद की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरप्राइज इंस्पेक्शन का तंत्र मजबूत किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब केवल दुकानदार ही नहीं, बल्कि निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अफसर भी जवाबदेह होंगे। औचक निरीक्षण के दौरान स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, दर सूची और वितरण प्रक्रिया की गहन जांच की जा रही है। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या आंख मूंदने की शिकायत सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई तय है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में डेली स्टॉक रिपोर्टिंग सिस्टम लागू किया है। इसके तहत हर खाद दुकान और गोदाम को रोजाना उपलब्ध स्टॉक, बिक्री और शेष मात्रा की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि किसी भी जिले या ब्लॉक में संभावित कमी का पहले ही आकलन किया जा सकेगा। ऐसे में तकनीक का इस्तेमाल कर खाद माफिया की हर चाल पर नजर रखी जा रही है और समय रहते कार्रवाई की जा रही है।

### सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा भातखंडे विश्वविद्यालय: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्तिथ भातखंडे विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भातखंडे विश्व. विद्यालय सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र रहा है और आने वाले समय में भी देश की सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में मंगलवार को शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सदन में चर्चा करा सकती है सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ बैठक में मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को विधानभवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है।

इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। इससे पहले शीतकालीन सत्र की रूपरेखा तय करने के लिए कार्यमंत्रणा समिति की बैठक भी बुलाई गई। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया जाएगा। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर से शुरू होकर 24 दिसम्बर तक चलेगा। ,

सत्र की अवधि को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने जाते समय समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मल्होत्रा ने कहा कि सरकार जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसी वजह से शीतकालीन सत्र को इतना छोटा रखा गया है। उन्होंने सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता से जुड़े सवालों पर विस्तार से चर्चा जरूरी है।



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 78 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक (0.09 प्रतिशत) टूटकर 84,481.81 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत उतरकर 25,815.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। बाजार में आज काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह गिरावट में खुलने का बाद सेंसेक्स नीचे 84,238.43 अंक और ऊपर 84,780.19 अंक तक गया। बुधवार को यह 84,559.65 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मीडिया, ऑटो, रसायन, तेल एवं गैस और फार्मा समूहों के सूचक. ांकों में गिरावट रही, जबकि आईटी, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक चढ़ गए। सेंसेक्स की कंपनियों में सनफार्मा का शेयर पौने तीन फीसदी के करीब टूट गया। टाटा स्टील और पावरग्रिड में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टीसीएस का शेयर लगभग दो प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा और इंफोसिस में भी डेढ़ फीसदी से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर हरे निशान में रहे।

# बुरा समय बीच चुका है: इंडिगो सीईओ

**नई दिल्ली।** इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को कहा कि बुरा समय बीत चुका है और 19 साल पुरानी विमान सेवा कंपनी को सिर्फ संकट के 'तीन दिन' के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

एल्बर्स ने कर्मचारियों के नाम जारी एक वीडियो संदेश में कठिन समय में साथ देने के लिए कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बुरा समय अब पीछे छूट चुका है। कंपनी आज 2,200 उड़ानों का परिचालन कर रही है। यह टीमवर्क का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अब एयरलाइंस तीन बातों पर फोकस कर रही है- खुद को मजबूत बनाना, मूल कारणों का विश्लेषण और पुनर्गठन। कंपनी ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में पैदा संकट की जांच के लिए विदेशी विशेषज्ञ की नियुक्ति की है। साथ ही वह खुद भी विभिन्न स्थानों का दौरा कर कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे। वीडियो संदेश में एल्बर्स ने बताया है कि मूल कारणों की विश्लेषण और कर्मचारियों के इनपुट से इंडिगो पहले से कहीं मजबूत और बेहतरीन बनकर उभरेगी। हमने मिलकर 19 साल में जो बनाया है उसे सिर्फ तीन दिन (03-05 दिसम्बर) के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 3 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक और उसके बाद भी इंडिगो ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कीं। सबसे बुरा हाल 05 दिसम्बर को रहा, जब 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं। उसने इसके लिए पायलटों की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित नए नियमों और उसके अनुसार रोस्टरिग में कंपनी विफलता को मुख्य कारण बताया था।

# भारत में यूपीआई से लेन-देन में 33.5 प्रतिशत की वृद्धि: वर्ल्डलाइन इंडिया

**कोलकाता, वार्ता**

भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में काफी तेजी से विकास हो रहा है। इस बात का खुलासा वर्ल्डलाइन इंडिया ने किया है। वर्ल्डलाइन इंडिया ने गुरुवार को डेटा से भरपूर एक संक्षिप्त विवरण जारी किया, जिसमें 2025 की तीसरी तिमाही में देश के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास को दर्शाया गया।

इसमें यूपीआई के जरिए लेन-देन की संख्या सालाना 33. 5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59. 33 अरब हो गई है। यह विवरण वर्ल्डलाइन की प्रमुख इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट का ही एक विस्तार है, जो इस तिमाही में पेमेंट कर्ताओं के बारे में समय पर जानकारी देता है। इस एनालिसिस में यूपीआई के लगातार दबदबे, क्यूआर आधारित व्यापार स्वीकृति में तेजी से बढ़ोतरी, कार्ड जारी करने में लगातार ग्रोथ और मेट्रो शहरों तथा उभरते भारत दोनों में डिजिटल अपनाने में गहराई को उजागर किया गया। क्यू3 2025 ने दुनिया की सबसे डायनामिक रियल टाइम पेमेंट अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत किया और कहा कि यहां हर स्कैन, टैप और क्लिक उपभोक्ताओं और कारोबारियों के व्यवहार को बदल रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूपीआई ने रिकॉर्ड तोड़ने का सिलसिला जारी रखा, लेन-देन सालाना आधार पर 33.5 प्रतिशत बढ़कर 59.33 अरब हो गया और लेन-देन का मूल्य सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 74.84 लाख करोड़ रुपये हो गया है। व्यक्ति से कारोबारी (पी2एम) लेन.देन व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) से आगे रहे, जो रोजमर्रा के खुदरा लेन-देन में यूपीआई के दबदबे को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार पी2एम लेन-देन 35 प्रतिशत बढ़कर 37. 46 अरब हो गया और पी2पी 29 वृद्धि के साथ 21.65 अरब लेन-देन हो गया है। औसत टिकट साइज घटकर 1,262 रुपये (1,363 रुपये से) हो गया, जो रोजमर्रा के सामान, खाना, हेल्थकेयर की जरूरी चीजों और हाइपरलोकल कॉमर्स जैसे छोटे लेने-देन के लिए बढ़ते इस्तेमाल को दिखाता है। भारत में 70.90 करोड़ सक्रिय यूपीआई क्यूआर हो गए हैं, जो जुलाई 2024 से 21 प्रतिशत ज्यादा हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारी हंगामे...** ने विकास कार्यों पर खर्च करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से किसानों और गरीबों का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि नरेगा को महात्मा गांधी के नाम के साथ शुरू नहीं किया गया था। उन्होंने 2009 के चुनावों से पहले वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ा था। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने अपने कार्यकाल में इस पर सिर्फ 2.13 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जबकि मोदी सरकार ने 2014 से इस पर 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले इसमें भ्रष्टाचार था, लेकिन मोदी सरकार ने इसे भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है। ग्रामीण विकास मंत्री ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार अपनी मर्जी से योजनाओं के नाम बदल देती है। इस आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने नेहरू गांधी परिवार के सदस्यों के नाम पर कई कल्याणकारी कार्यक्रमों की सूची गिना दी और तर्क दिया कि कांग्रेस का राजनीतिक फायदे के लिए नाम जोड़ने का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर महात्मा गांधी के आदर्शों को धोखा देने का भी आरोप लगाया और कहा कि पार्टी ने भारत के बंटवारे को स्वीकार किया और आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने की गांधी की बात को नजर. अंदाज किया। कांग्रेस ने खुद गांधीवादी सिद्धांतों को खत्म कर दिया। उधरसंसद ने गुरुवार को परमाणु ऊर्जा से जुड़े एक अहम विधेयक को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने सिविल परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी का रास्ता खोलने वाले श्भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा से पारित हो चुका है। अब मौजूदा कानून को बदलने के लिए लाए गए विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद केंद्र परमाणु ऊर्जा पर सरकार का एकाधिकार खत्म करने की ओर कदम बढ़ा देगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा 24गुणा 7 विश्वसनीय बिजली आपूर्ति का स्रोत है, जबकि अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में यह निरंतरता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा तंत्र से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। जितेंद्र सिंह ने विकिरण को लेकर जताई जा रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि अब तक आम जनता के लिए किसी भी प्रकार के विकिरण-संबंधी खतरे की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि परमाणु क्षेत्र में सार्वजनिक उपक्रमों की कीमत पर निजी कंपनियों को बढ़ावा देना राष्ट्रीय हित में नहीं है। उन्होंने फ्रांस का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां परमाणु ऊर्जा पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में है। रमेश ने विदेशी तकनीक के बजाय भारत के स्वदेशी 700 मेगावाट के रिएक्टरों को मानक बनाने और देश के विशाल थोरियम भंडार के उपयोग पर जोर दिया। वहीं, भाजपा सांसद किरण चौधरी ने बिल का समर्थन करते हुए इसे आधुनिक परमाणु कानून बताया, जो कड़े सुरक्षा मानकों के साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करेगा।

**पर्यटकों का...** यूवी (7) पुत्र राहुल पटेल, स्वाति (20) पत्नी भूप राम, अक्षय (20) पुत्र ओमेंद्र, राहुल पटेल (35) पुत्र भूप राम निवासीगण चावण पोस्ट मुडिया थाना इज्जतनगर बरेली, करन (25) पुत्र जितेंद्र निवासी गुजरात तथा ज्योति (25) पत्नी करन निवासी गुजरात घायल हो गए। घाटना किस वजह से हुई इसका अभी स्पष्ट कारण पता नहीं चल पा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा: गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने वालों को अब पुलिस से पूछताछ या अन्य किसी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा और उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।

गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं, जिससे सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को चिकित्सीय सहायता देने या अस्पताल पहुंचाने वालों को अब पुलिस परेशान नहीं करेगी और वे किसी तरह के कानूनी पचड़े में भी नहीं पड़ेंगे। घायलों की मदद करने वालों को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने लोगों से सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने बताया कि घायलों के अस्पताल पहुं. चने पर तुरंत उनका इलाज शुरू हो सके, इसके लिए अस्पतालों को तत्काल डेढ़ लाख रुपये तुरंत प्रतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में प्रति वर्ष पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें करीब डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें अधिक युवा अधिक होते हैं। उन्होंने कहा कि इन दुर्घटनाओं में घायल होने वालों को यदि तत्काल चिकित्सीय मदद पहुंचाई जाए, तो 50 हजार लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सांसदों से अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरुकता अभियान चलाने की अपील की और उनसे सुझाव भी मांगे। केन्द्रीय मंत्री ने अध्यक्ष ओम बिरला से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में विचार-विमर्श करने के लिए सदन में चर्चा कराने की भी मांग की और कहा कि इससे देश भर के सांसदों के सुझाव लेकर बेहतर उपाय निकाले जा सकेंगे। बिरला ने इस पर सदस्यों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन की मदद से लोगों खासकर युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करें। उन्होंने कहा कि वह अगले सत्र में इस गंभीर समस्या पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की कोशिश करेंगे और उनका मानना है कि सबके सुझावों-विचारों से अच्छे परिणाम सामने आ सकेंगे।

### टोल टैक्स भुगतान प्रणाली का किया जा रहा है सरलीकरण: गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि नई नीति में टोल टैक्स उसी स्थान से लगेगा, जहां से कोई वाहन सड़क पर प्रवेश करेगा। गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि नई नीति में अब किसी वाहन को सड़क पर प्रवेश करने वाले स्थान से ही अगले नाके पर टोल टैक्स देना होगा। यदि कोई वाहन 15 किलोमीटर चलने के बाद ही किसी टोल नाके पर पहुंच जाता है, तो उसे इतनी ही दूरी का टोल टैक्स देना होगा।

उन्होंने बताया कि नई नीति के प्रावधानों के अनुसार 15 रुपये में भी एक टोल नाके को पार किया जा सकेगा। अब ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वाहनों को टोल नाकों पर कतार नहीं लगानी पड़े और गाड़ियां 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से भी टोल नाके पार कर सकेंगी। उनके वाहन की नंबर प्लेट और फास्ट टैग को नाके पर रिकॉर्ड करने के बाद टैक्स स्वत: कट जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के दीपेन्द्र हुड्डा के प्रश्न के उत्तर में बताया कि हरियाणा में 12 वर्षों में सबसे ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं, इसीलिए वहां सबसे ज्यादा टोल नाके हैं। हरियाणा और पंजाब में यातायात सघनता भी सबसे ज्यादा है। जहां ज्यादा नई सड़कें बनेंगी, वहां टोल नाके भी अधिक होंगे। गडकरी ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत का कार्य कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 703 प्रस्तावित है और व्यवहार्यता रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है।

# 80 लाख की लूट में पुलिस के हाथ खाली

## मेरठ-सहारनपुर व जनपद के अधिकारियों ने वारदात के खुलासे की संभाली कमान

शाह टाइम्स सवांददाता

**खतौली।** नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करते हुए कोतवाली से महज कुछ कदम दूर हुई करीब 80 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट को दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक बदमाशों तक नहीं पहुंच पाई है। हाई-प्रोफाइल वारदात के खुलासे में हो रही देरी ने पुलिस महकमे के लिए चुनौती और दबाव दोनों बढ़ा दिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए आला अफसर खुद मैदान में उतर आए हैं।

पहले एडीजी भानु भास्कर और गुरुवार को सहारनपुर जोन के डीआईजी अभिषेक सिंह ने खतौली पहुंचकर जांच की कमान संभाली। दोनों अधिकारी सीधे कोतवाली पहुंचे, जहां एसएसपी संजय वर्मा, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और सीओ राम आशीष यादव के साथ लंबी समीक्षा बैठक की। बैठक में वारदात की पूरी टाइमलाइन, बदमाशों का हुलिया, उनकी गति. विधियां और वारदात के तरीके पर बारीकी से चर्चा हुई। डीआईजी अभिषेक सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मामले का शीघ्र और प्रभावी खुलासा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनके साथ है और न्याय हर हाल में मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मोहल्ला लाल मोहम्मद निवासी प्रॉपर्टी डीलर नाजिम अली के घर बीती शुक्रवार देर रात तीन नकाबपोश बदमाश इलेक्ट्रिशियन और डेकोरेशन कर्मी बनकर पहुंचे थे। रात करीब 11 बजे हेलमेट पहने एक बदमाश ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खुलते ही बदमाशों ने घर में घुसकर एक महिला को दबोच लिया और पिस्टल की नोक पर चार महिलाओं को बंधक बना लिया।

इसके बाद अलमारियां तोड़कर करीब 65 तोला सोना-चांदी और 11 लाख रुपये नकद समेत लगभग 80 लाख रुपये की संपत्ति लूट ली गई। घटना के बाद से एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत स्वयं निगरानी कर रहे हैं।

तीन से चार मंडलों की क्राइम ब्रांच, एसओजी, स्वॉट और एसटीएफ की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। डीआईजी के दौरे और सख्त रुख के बाद कोतवाली पुलिस पर दबाव और बढ़ गया है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि यह लूट जल्द सुलझेगी और आरोपी गिरफ्त में होंगे।

### एडीजी की निगरानी में एसटीएफ करेगी खुलासा

**डीआईजी के आदेश पर जीटी रोड पर बढ़ी गश्त**

शाह टाइम्स संवाददाता



**खतौली।** नगर में बीते पांच दिसंबर को कोतवाली के पीछे लाल मोहम्मद क्षेत्र में हुई लाखों रुपये की सनसनीखेज लूट की घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी थी। दो सप्ताह बीतने के बाद भी घटना का खुलासा न होने पर पुलिस विभाग ने जांच को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इसे अब स्पेशल टास्क फोर्स द्धएसटीएफऋ को सौंप दिया है। माना जा रहा है कि यह फैसला लूटकांड के शीघ्र खुलासे की दिशा में एक बड़ा कदम है।

गुरुवार को खतौली में लूट के मामले को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी अभिषेक सिंह, एसएसपी संजय वर्मा, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत तथा एसपी देहात आदित्य सिंह मौजूद रहे। बैठक कई घंटे चली, जिसमें लूट की घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू पर बारीकी से चर्चा की गई। अधिकारियों ने घटनास्थल का विश्लेषण, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल्स, संदिग्धों की गतिविधियां और आसपास के इलाकों में सक्रिय आपराधिक गिरोहों की भूमिका पर मंथन किया। बैठक के दौरान एडीजी भानु भास्कर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जांच में तेजी लाते हुए सभी संभावित एंगल पर एक साथ कार्रवाई की जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस प्रकरण की निगरानी स्वयं डीआईजी कर रहे हैं और एसटीएफ के अनुभवी अधिकारी तकनीकी और फील्ड स्तर पर गहन जांच में जुट गए हैं। अधिकारियों ने संकेत दिए कि कुछ अहम सुराग सामने आए हैं, जिनके आधार पर जल्द ही लूटकांड का खुलासा किया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में बदलते मौसम को देखते हुए ठंड और घने कोहरे के दौरान बढ़ रही आपराधिक घटनाओं और सड़क हादसों को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई। हाईवे और जीटी रोड पर कोहरे की आड़ में लूट, चोरी, वाहन कटिंग और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए विशेष रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत रात के समय गश्त बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग तथा अपराधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ठंड व कोहरे के मौसम में किसी भी तरह की आपरा. धिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन का दावा है कि एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के संयुक्त प्रयासों से न केवल इस लूटकांड का जल्द पर्दाफाश होगा, बल्कि हाईवे और जीटी रोड पर अपराधियों का मनोबल भी पूरी तरह टूटेगा।

# बढ़ते अतिक्रमण पर चला पालिका का हंटर

# सड़क पर रखा सामान जब्त कर दी चेतावनी

## भगत सिंह रोड व शिव चौक के आस-पास सामान जब्त कर ट्रॉली में भरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** शहर में बढ़ता अतिक्रमण यातायात व्यवस्था में भारी बाधा बनने लगा है पालिका प्रशासन ने अब सख्त रुख अपनाते हुए भगत सिंह रोड पर अभियान चलाकर टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया और वहां रखा गया सामान जब्त किया।

गुरुवार को टीम ने भगत सिंह रोड पर दुकानदारों व ठेला संचालकों द्वारा सड़क पर फैलाया गया सामान हटवाया गया। अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

कार्रवाई के दौरान पालिका कर्मचारियों ने ट्रैक्टर में अतिक्रमण से संबंधित सामान लादकर जब्त किया। कुछ स्थानों पर दुकानदारों को भविष्य में सड़क पर सामान न रखने की सख्त चेतावनी भी दी गई। पालिका अधिकारियों ने बताया कि पहले भी कई बार अतिक्रमण न करने को लेकर समझाइश दी गई थी, लेकिन नियमों की अनदेखी जारी रहने पर यह कार्रवाई की गई। नगर पालिका परिषद के अधिका. रियों ने कहा कि शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठानों के भीतर ही सामान रखें और प्रशासन का सहयोग करें। पालिका शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्हेंनि दुकानदारों से अपील की कि वे स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठानों के भीतर ही सामान रखें और प्रशासन का सहयोग करें। ईओ डॉक्टर प्रज्ञा सिंह का कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयों का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना और नागरिकों को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराना है। आने वाले दिनों में अन्य प्रमुख मार्गो और बाजार क्षेत्रें में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।




दुकान के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देती पालिका टीम।

### किशोरी से दुष्कर्म में आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर।** अभियोजन के अनुसार दक्षिणी खालापार निवासी पीड़िता ने 27 जुलाई 2023 को कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था मौ. सलीम उर्फ बारू ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने इस मामले को धारा 452, 342, 376 (ए,बी), 506 आइपीसी व 5 एम/6 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने 25 जुलाई 2023 को गिरफ्तार जेल भेजा और दो अगस्त 2023 को उसके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। पैरोकारी एडीजीसी प्रदीप बालियान व दिनेश शर्मा ने की और यह मुकदमा अपर जिला सत्र न्यायाधीश (पोस्को एक्ट) कोर्ट नम्बर प्रथम की न्यायाधीश मंजुला भालोटिया ने सुना। न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए उसको आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### गोल मार्केट की जर्जर इमारत का मलबा गिरने से हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालि. का के अधीन शहर की गोल मार्किट में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक पुरानी और जर्जर हालत में खड़ी इमारत की छत का मलवा अचानक नीचे गिर पड़ा। गनीमत रही कि जिस कारण मलबा गिरा तो वहां कोई नहीं था जिससे जनहानि होने से बच गई।

दरअसल स्थानीय गोल मार्केट शहर का अति व्यस्त इलाका है रास्ता सुबह होते ही ग्राहकों, दुकानदारों और राहगीरों से भर जाता है। दिन भर यहां भारी आवाजाही रहती है। जिस भवन से छत का मलवा गिरा, उसकी हालत लंबे समय से जर्जर बताई जा रही है।

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि भवन की छत और दीवारों में दरारें पहले से ही नजर आ रही थीं, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मलबा गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के दुकानदार और लोग मौके पर इकट्ठा हो गए व्यापारियों ने हंगामा करते हुए प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि गोल मार्केट में मौजूद पुरानी और जर्जर इमारतों का तत्काल सर्वे कराया जाए। उनका कहना है कि समय रहते यदि इन भवनों की मरम्मत या ध्वस्तीकरण नहीं कराया गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

व्यापारियों का कहना था कि दिन निकलते ही खरीदारी के लिए लोग यहां आना शुरू हो जाते हैं। ऐसे में जर्जर भवनों से लगातार खतरा बना हुआ है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि यदि कोई बड़ा हादसा हो गया तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा।

# जनपद में दुर्घटनाओं के 27 प्वाइंट चिन्हित

## दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगेंगे शाईन बोर्ड व रम्बल स्ट्रिप्स

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** कोहरे की धुंध में हाईवे से लेकर आसपास के मार्गो पर भी आए दिन लगातार दुर्घटनाएं हो रही है इसमें तेजी से दौडने वाले वाहन में सवार लोग मौत का शिक. ार हो रहे है। यह जनपद मुजफ्फरनगर में ही नहीं दूसरे जनपद व राज्यों में भी हो रहे है, हालांकि ठण्ड से पहले भी भयानक हादसे हुए है जिनमें कई-कई लोगों की जान चली गई और शवों को देखकर लोगों की रूह कांप उठी। हाईवे व कस्बा क्षेत्रों के मार्गो पर होने वाले भयानक हादसों की सूचनाएं शासन प्रशासन को लगातार मिल रही है। इसी के चलते जनपद के हाईवे और राज्य मार्गो पर करीब 27 प्वाइंट ऐसे चिन्हित किए गए है जहां हादसों की संभावना ज्यादा है, हालांकि हादसों से बचने व दुर्घटनाओं को टालने के लिए यहां पर शाईन बोर्ड और रम्बल स्टिप्स लगाने की कार्य योजना है। इसी के साथ वाहन चालकों को भी लगातार जागरूक किया जा रहा है और हाल में भी जागरूक करने की कार्यवाही चल रही है। इन प्वाइंटों पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए छोटे-बडे वाहनों चालकों को जानकारी दी जा रही है। दुर्घटनाओं को इस साल के ग्यारह माह में पिछले साल का रिकॉर्ड देखा जाए तो करीब बारह प्रतिशत दुर्घटनाएं कम है। बता दे कि जनपद के दिल्ली -देहरादून हाईवे, पानीपत-खटीमा मार्ग व अन्य मार्गो पर एक माह में दर्जनभर से अधिक भयानक दुर्घटनाएं हुई है इसमें छपार क्षेत्र, मंडी क्षेत्र और भोपा रोड सहित कई मार्ग शामिल है। कई घटनाए तो छपार क्षेत्र में ऐसी भयानक हुई जिसमें आधा-आधा दर्जन लोगों की जान चली गई। छोटी मोटी घटनाएं तो आए दिन हो रही है जिसमें शामली मार्ग व रोहाना भी शामिल है। बेकसूरों की जान जाने से पुलिस प्रशासन पूरी तरह चिन्तित है और शासन भी दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर है। इसी के चलते जनपद मुजफ्फरनगर में हादसों को रोकने के लिए पूरी तरह प्रयास किए जा रहे है, हालाकि अधिकतर दुर्घटनाएं तेज रफ्तार वाहनों के कारण हुए है। इन मामलों को जनपद मुजफ्फरनगर के एसएसपी संजय वर्मा ने भी गंभीरता से लिया और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई स्थानों को चिन्हित किया है। जनपद में दिल्ली-देहरादून हाईवे के अलावा सहारनपुर, शामली सहित करीब 27 प्वाइंट चिन्हित किए गए है। एसएसपी संजय वर्मा का कहना है कि दुर्घटना होने वाले मार्गो पर वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए बोर्ड लगाए जाएगे और दुर्घटना संभावी प्वाइंटो पर रम्बल स्ट्रिस बनाए जा रहे है।

# तांत्रिक से दहशत: विरोध में दंपती को मिली जान से मारने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**खतौली।** कस्बे के सैनी नगर क्षेत्र में तांत्रिक गतिविधियों को लेकर लोगों में भय और आक्रोश का माहौल बन गया है। कोचिंग सेंटर के समीप खुलेआम की जा रही तंत्र क्रिया का विरोध करना एक दंपती को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर तांत्रिकों ने न केवल गाली-गलौच की, बल्कि पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।

सैनी नगर निवासी प्रति जैन पत्नी मुकुल जैन ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर और पास स्थित कोचिंग सेंटर के निकट कुछ लोग लंबे समय से तंत्र विद्या की गतिविधियां कर रहे हैं। कई बार मना करने और विरोध के बावजूद उक्त लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि तांत्रिक आए दिन अभद्र व्यवहार करते हैं और डराने-धमकाने पर उतारू रहते हैं। पीड़िता के अनुसार गुरुवार को भी उनके घर के पास तंत्र क्रिया की जा रही थी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपित जगदीश, भूषण, सरोज, पंकज और कुसुम ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है।



पीड़िता ने यह भी बताया कि तंत्र क्रिया के चलते क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है। संदिग्ध लोगों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे कॉलोनी की शांति भंग हो रही है।

वहीं, कोचिंग सेंटर के पास ऐसी गतिविधियों के कारण छात्रों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ रहा है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपित तांत्रिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला की कब्र उखाड़कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास

## आठ साल पूर्व हुई थी मौत, क्षेत्रवासियों में फैला आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** कुछ असमाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से एक महिला की कब्र ही उखाड़ डाली। इस घटना का पता आज बृहस्पतिवार की अल सुबह तब लगा जब रोजाना की भांति अन्य मृतकों के परिवार के लोग सूरे फातिहा पढ़ने कब्रिस्तान में आए। घटना की सूचना पर सैंकड़ों लोग मौके पर पहुंच गये। जिसे लेकर जबरदस्त तनाव बन गया। फिलहाल इतनी बड़ी घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गयी। पुलिस ने भी घटना से अनिभिज्ञता जताई है। अब सवाल यह है कि कब्र फाडने के पीछे क्या मकसद है किसी ने माहौल बिगाडने के लिए किया या तंत्र-मंत्र करने के लिए किया अब यह पुलिस जांच का विषय है।

बीती 19 मई सन 2017 में बुढ़ाना कस्बे की निवासी एक महिला साजिदा बेगम पत्नि हबीब अहमद की मृत्यु हो गयी थी। जिनको उसी दौरान बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित बाबा पीर शाह विलायत के मैदान में स्थित गोर ए गरीबा कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया था। आज सुबह कुछ लोग रोजाना की भांति अपने मृतकों को कब्र पर आए तो देखा साजिदा की कब्र को किसी असमाजिक तत्व ने पूरी तरह से उखाड दिया है। तब इसकी सूचना मृतक महिला के पौत्र बुढ़ाना निवासी बिलाल अहमद को दी गयी तो वो अपने परिजनों को लेकर कब्रिस्तान में पहुंचा और क्षतिग्रस्त कब्र देखकर आग बबूला हो गया। तभी यह खबर आसपास के लोगों में आग की तरह फ़ैल गयी। जिसको भी इस घटना का पता लगा वही कब्रिस्तान में पहुंच गया। मौजूद लोगों ने बताया कि कस्बे के कुछ भूमाफिया लोग अपने फायदे के लिए इस कब्रिस्तान की लुहसाना रोड साइड वाली दीवार को तोड़कर अवैध रूप से दुकानें बनाना चाहते हैं। वह इस साइड वाली जगह पर किसी भी मृतक के आश्रित को कब्र खोदने नही देते हैं जबकि एक दशक पूर्व के आसपास के काफी मृतक व्यक्ति इसी जगह पर सुपुर्द ए खाक हैं। इस कब्रिस्तान में पूरे कस्बे के किसी भी बिरादरी के मृतक सुपुर्द ए खाक हो सकते हैं। इस घटना को लेकर सैंकड़ों लोगों में रोष है।

# एसआईआर अभियान की सपा प्रभारी ने की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के एसआईआर प्रभारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर भुवन जोशी ने जिलाध्यक्ष जिया चौधरी के साथ मिलकर पुरकाजी विधानसभा में चलाए गए एसआईआर अभियान की समीक्षा की।

सिसौना बागोवाली स्थित बैक्वट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पुरकाजी विधानसभा अध्यक्ष संजीव आर्य व साबिर हसन के संच. ालन में कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा की साजिश से सावधान रहकर पीडीए समाज की प्रत्येक वोट की सुरक्षा के लिए तैयार है। इस दौरान साजिद हसन, सतीश गुर्जर, धर्मेन्द्र नीटू, मुस्तकीम प्रधान, बालेन्द्र मौर्य, दीप्ती पाल, अंकित शर्मा रहे।




# विवचेना में लापरवाही पर एसएसपी ने छपार चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

**थाने के निरीक्षण के दौरान तलब की थी विवेचना**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शासन के निर्देश अनुसार अपराधियो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर रहे है। जिस तरह अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी उन्हे जेल की हवा खिला रहे है तो महकमे में भी अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा है। एसएसपी ने लापरवाही के मामले में छपार चौकी इंचार्ज अक्षय खारी को लाइन में भेज दिया है।

बता दे कि जनपद में एक के बाद एक बदमाशों को मुठभेड में लंगडा कर जेल भेजा जा रहा है और कई शातिर अपराधियों पर संगीन कार्यवाही भी की गई। इसी तरह विभाग की छवि साफ करने के लिए लापरवाह पुलिसकर्मियों पर भी विभागीय कार्यवाही की जा रही है। बताया जाता है कि छपार थाना क्षेत्र की चौकी पर तैनात दरोगा अक्षय खारी को एक मुकदमे की विवेचना के निस्तारण की कार्यवाही के आदेश दिए गए थे। गत दिवस एसएसपी संजय वर्मा छपार थाने के वार्षिक निरीक्षण कर रहे थे इसी दौरान उन्हे थाने में लम्बित पडे मामले और पुरानी विवेचनाओं की गहनता से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान की गई समीक्षा में एसएसपी के सामने आया कि कई पुरानी विवेचना का निस्तारण समय से नहीं किया गया। उन्होने माना की इससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होती है और एसएसपी ने इस मामले में कडा रूप अपनाते हुए छपार चौकी इंचार्ज अक्षय खारी की लापरवाही पर नाराजगी जताई।

इस मामले में सीओ सदर डॉक्टर रवि कांत से रिपोर्ट मांगी गई थी जहा सीओ सदर की रिपोर्ट के बाद चौकी इंचार्ज अक्षय खारी को विवेचना के निस्तारण में लापरवाही मानी गई। इसी के चलते एसएसपी ने दरोगा अक्षय खारी को लाइन हाजिर कर दिया है। इस कार्यवाही की पुष्टी छपार थाना प्रभारी द्वारा भी की गई है।

# व्यापारियों की सुरक्षा को अफसरों ने किया मंथन

## एसपी क्राइम व सिटी मजिस्ट्रेट ने सीसीटीवी कैमरे और गार्ड रखने की दी सलाह

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ व सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर ने गुरूवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ पुलिस लाइन के सभागार में बैठक कर सुरक्षा प्रबंधको पर विचार विमर्श किया। इस दौरान व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा और मार्किट में सुरक्षाकर्मी रखने की सलाह भी दी। साथ ही अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियानो के बारे में भी व्यापारियों को जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अपराध ने बताया कि व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर है और व्यापारियों से सुरक्षा की दृष्टि से यह सलाह दी जाती है कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए। उन्होने मार्किट में सुरक्षा गार्ड या चौकीदार रखने की सलाह भी दी। उन्होने कहा कि व्यापारीक कार्यो के दौरान नगदी ईधर से उधर ले जाने पूर्व पुलिस को इसकी जानकारी दे। और किसी व्यापारी को अपराधिक गतिविधियों वाले व्यक्ति से किसी प्रकार का यदि खतरा हो तो इसकी जानकारी तुरंत ही पुलिस को दी जाए। उन्होने कहा कि पुलिस व्यापारियों के सहयोग के लिए हर संभव प्रयासरत है और किसी भी घटना के पहले पुलिस अपनी कार्यवाही करेगी। उन्होने इस दौरान साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी से बचने की भी जानकारी दी।




### गंग नहर मे युवक व वृद्धा की तलाश जारी

**भोपा।** बेलड़ा गंग नहर पुल से कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक व वृद्धा के शव की तलाश लगातार जारी है। मृतकों के परिजन शव न मिलने से परेशान हैं।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू निवासी 27 वर्षीय राजन ने बीते सोमवार को गांव बेलड़ास्थित पुल से नहर मे कूदकर आत्म हत्या कर ली थी। वहीं क्षेत्र के गांव सिकंद. रपुर निवासी 80 वर्षीय रामेश्वरी देवी ने भी सप्ताह पूर्व बीते गुरुवार को इसी स्थान से नहर मे कूदकर आत्म हत्या कर ली थी। युवक राजन के शव की तलाश मे ग्रामीण जुटे हुए हैं। परिजन भोपा पुल पर पॉलीथिन आदि का शिविर लगाकर निरंतर डेरा डाले हुए हैं। वहीं महिला के शव की तलाश भी जारी है। गुरुवार को जौली गंग नहर मे मोटरबोट की सहायता से सर्च अभियान चलाया गया।

# पटेलनगर रजवाहा रोड नाला निर्माण का पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों के बीच जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप सख्त रवैया अपनाये हुए हैं। वार्ड संख्या 33 में जल निक. ासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा कथित रूप से निम्न गुणवत्ता की सामग्री प्रयोग किए जाने की शिकायत सामने आने के बाद तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वयं मौके पर पहुँचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप भी मौजूद रहे।




निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए पालिकाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि जनहितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर भी सख्त नसीहत दी।गौरतलब है कि वार्ड सभासद सीमा जैन ने पूर्व में नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप को पत्र लिखकर इस मामले में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी। पत्र में आरोप लगाया गया था कि नाला निर्माण कार्य तकनीकी रूप से मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है तथा निर्माण विभाग के कुछ अधिकारियों की ठेकेदार से मिलीभगत के चलते घटिया गुणवत्ता का कार्य कराया जा रहा है। सभासद ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी।

इन्हीं शिकायतों का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने मौके पर पहुँचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और तकनीकी पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी विकास कार्य में लाप. रवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि वार्ड संख्या 33 के अंतर्गत पटेलनगर राजवाहा रोड स्थित नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान सामने आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिका. रियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य में तेजी लाकर उच्च गुणवत्ता का निर्माण किया जाए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह नाला निर्माण कार्य क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे स्थानीय नागरिकों को बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पालिका अध्यक्ष ने निर्माण विभाग के अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की है। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए भरोसा दिलाया कि यदि जांच में किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में होने वाले प्रत्येक विकास कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, समा. जसेवी अनिल ऐरन के अलावा नगरपालिका के एई नैपाल सिंह, जेई कपिल कुमार सहित ठेकेदार और अन्य कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने पोल्ट्री फार्म पर भरे अण्डों के सैम्पल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिला. धिकारी महोदय के आदेश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुजफ्फरनगर की टीम द्वारा 16 दिसम्बर को पुरकाजी में AKA एग फॉर्म प्राइवेट लिमिटेड तथा गुरुवार को जाहिद एग सेंटर,सिकंदर एग स्टोर, राजधानी एग स्टोर, जांबाज एग स्टोर तथा नेशनल पोल्ट्री फार्म जानसठ रोड मुजफ्फरनगर में कोल्ड स्टोरेज संचालकों ,अंडा होलसेल विक्रेता एवं रिटेलरो को अंडों के संग्रहण, भांडारण परिवेश,ताप,उत्पाद तिथि,बेस्ट बिफोर आदि वितरण/उपभोग की समय सीमा के संबंध में प्रशिक्षित करते हुए जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




# ब्लाक स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**भोपा।** ब्लाक संसाधन केंद्र गुरुवार को ब्लाक स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खो-खो बालक वर्ग में बिहारगढ़ व मजलिसपुर तौफीर और बालिका वर्ग में कैडी व भोपा की टीम प्रथम व द्वितीय रही जबकि बैडमिंटन में बालक व बालिका वर्ग में बरुकी की टीम अव्वल रही

शुभारंभ सेवानिवृत शिक्षक कंवर पाल सिंह ने फीता काटकर किया। जिसमें उच्च प्राथमिक वर्ग में बालक वर्ग 100 मीटर मे शिवम, वंश, 200 मीटर में शिवम, एतेशाम, 400 में आलम, शाहनूर, 600 मीटर में हिमांशु, मिलन, गोला फेंक में शुभम, मिलन, उंची कूद में विशाल, हिमांशु अव्वल रहे जबकि कबढी में भोपा विजेता व भुवापुर उपविजेता रही। बालिका वर्ग में 100 मीटर में जोया, राधिका, 200 मीटर में जिया, हिमांशी, 400 में मनी व राम भतेरी, 600 मीटर में राम भतेरी, प्रीति तथा लंबी कूद में राधिका व खुशी अव्वल रही जबकि कबड्डी में कैडी विजेता व



भुवापुर उप विजेता रही।प्राथमिक स्तर की बालक वर्ग 50 मीटर में सुभान , अजय, 100 मीटर शुभम , सुभान, 200 मीटर में लविश, कार्तिक, 400 मीटर में शुभम, अनमोल , लंबीकूद में आशीष , कार्तिक अव्वल रहे जबकि

कबढी के फाइनल में भोपा ने रूडकली को हराया। बालिका वर्ग में 50 मीटर में मानसी, दीपा, 100 में मानसी, राधिका, 200 में राफिया, दीपा, 400 में नरगिश, अदिति, लंबी कूद में दीपा अव्वल रही। । समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी मोरना ध्यानचंद, व्यायाम शिक्षक सुबोध कुमार, शर्मिल कुमार, राजन वशिष्ठ, आशु, राजीव सहरावत, अमित, सचिन, अरविंद अंजू चौधरी ने छात्रों को पुरस्ख्रत किया।

# ई रिक्शा पलटने से शुकतीर्थ जा रहे श्रद्धालू हुए घायल

**मोरना।** शुक्रताल मार्ग पर ई रिक्शा पलट गयी जिसमे आधा दर्जन श्रद्धालू घायल हो गये घायलों को मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिए लाया गया। भोपा थाना क्षेत्र के मोरना मे शुक्रताल मार्ग पर गुरुवार की सुबह ई रिक्शा के पलटने से आधा दर्जन सवार हुए घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चरथावल क्षेत्र के गांव लुहारी निवासी धनसिंह, लक्ष्मी, राजेश, महक, प्रिंस,राजा,बुलबुल आदि धार्मिक अनुष्ठान कराने के लिए शुकतीर्थ जा रहे थे। अचानक वाहन आदि से बचने के प्रयास मे ई रिक्शा पलट गयी।जिसमे ई रिक्शा सवार घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिए लाया गया।गंभीर रूप से घायल हुए तीन व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

# विवाहिता की हत्या में नामजद महिला अरेस्ट

**बुढ़ाना/फुगाना।** पुलिस और एण्टी रोमियो स्कवायड की संयुक्त टीम द्वारा फुगाना थाने में दर्ज हुए एक मुकदमे में फरार चल रही एक महिला को आज फुगाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त आरोपी महिला का नाम बबली पत्नी ओमकार सिंह निवासी ग्राम खेडा मस्तान थाना फुगाना जनपद मुजफ्फरनगर है। उक्त महिला को किसी मुखबिर की सूचना पर फुगाना थाना क्षेत्र में मेरठ वाया करनाल हाईवे पर गांव खेडा मस्तान के गेट से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह कहीं अज्ञात स्थान पर जाने की फिराक में थी। गिरफ्तारी फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार, कांस्टेबल मन्दीप सिंह और महिला कांस्टेबल उमा चौधरी है। उल्लेखनीय है कि बीती 28 नवम्बर को फुगाना थाना क्षेत्र के गांव खेडामस्तान में 23 वर्षीया आरती पत्नि रोहित की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। ग्रामीणों का कहना था कि वह छत पर कपडे सुखा रही थी कि अचानक बंदरों के हमले से वह छत से नीचे गिर गई। सिर में चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला बागपत के गांव बसी निवासी मृतका के मायके वाले गांव बसी से थाना फुगाना पहुंचे थे। मृतका आरती की माता मुनेश पत्नि सोहनबीर ने बेटी के पति व मायके वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। आरोप है कि उनकी बेटी से ससुराल वाले व मृतका का पति दहेज में 50 हजार की नकदी, बाइक व सोने के जेवर मांग रहे थे। मांग पूरी न होने पर महिला की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा, बैंक अफसरों पर गुस्सा हुए जिलाधिकारी

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति/DLRC (जिला स्तरीय समीक्षा समिति) की बैठक का आयोजन विकास भवन के सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना से बिजली पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने बैंकों द्वारा लोन समय से न देना तथा लोन के आवेदन पत्र रिजेक्ट करने तथा लोन की धनराशि 100 प्रतिशत वैण्डर्स को एकमुश्त नहीं दिये जाने पर, उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी संबंधित बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए लोन का आवेदन प्राप्त होने के 07 दिन के अन्दर धनराशि सम्बन्धित वैण्डर्स के खाते में हस्तांतरण कर दी जाये। बिजली का बिल, आधार कार्ड, बैंक पास बुक को आधार मानते हुए लोन स्वीकृत कर दिया जाये। किसी भी कीमत पर आवेदन को निरस्त न किया जाये। अगर कागजात में कोई कमी है, तो बैंक मैनेजर सम्बन्धित लाभार्थियों से प्राप्त करेंगें। अगर कोई बैंक मैनेजर लोन करने में आनाकानी करते है, तो सम्बन्धित बैंक मैनेजर के विरूद्व नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी ने परियोजना प्रभारी को निर्देश दिये गये कि बैंक अधिकारियों से समन्वय करते हुए जनपद में अधिक से अधिक घरों पर सोलर संयंत्र की स्थापना कराये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी बैंको को शीघ्र लोन करने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिक. ारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, आरबीआई के अशोक कुमार, एलडीएम, जिला प्रबन्धक नाबार्ड, बैंको के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर, बैंक मैनेजर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक उपायुक्त जिला उद्योग, परियोजना प्रभारी यूपीनेडा भजन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा देवी डिग्री कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का रंगारंग आयोजन




**मुजफ्फरनगर।** शिक्षा देवी डिग्री कॉलेज मे आज फेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ कर भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डा.राजकुमार अग्रवाल व सभी शिक्षको द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात नव प्रवेसित छात्रो ने अपना-अपना परिचय दिया तथा सांस्ख्रतिक कार्यक्रम यथा नृत्य,विचार, मोनो एक्टिंग इतयादि प्रस्तुत किए। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

अंत मे प्राचार्य डा. राजकुमार अग्रवाल ने छात्रो को सम्बोधित किया तथा बताया की विद्या प्राप्त करने के लिए शिक्षको के प्रति श्रद्धा भाव होना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अंशिका शर्मा तथा छात्राओं सलोनी व मंतशा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी शिक्षको नितिन छाबड़ा, श्यामपाल, नेहा, संगीता वंदना गौड राजीव कुमार व नीशू त्यागी का विशेष सहयोग रहा।

# अटाली के खेत में गौकशी करने वाला मुठभेड़ में जख्मी

**बुढ़ाना।** करीब सवा दो माह पूर्व गांव अटाली के जंगल में गौकशी करने वाला गौकश आखिर बुढ़ाना पुलिस के शिकंजे में आ ही गया। पुलिस टीम ने बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में गौतस्कर को मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से बाइक, तमंचा, खोखा व कारतूस बरामद किए। सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने मुठभेड़स्थल पर पहुंचकर पुलिस को शाबाशी दी। बीते 11 अक्टूबर को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अटाली के जंगलो में अज्ञात लोगों ने गौकशी की थी। जिसमें बुढाना कोतवाली में मामला दर्ज हुआ था। जांच में कुछ लोगों के नाम आये प्रकाश में आए थे। तब पुलिस गौकशों की तलाश में लग गयी थी। पुलिस ने बीते दिनों 3 गौकशों को अरैस्ट कर जेल भेजा था। चौथे आरा. पी ने आत्मसमर्पण कर दिया था। 5वें आरोपी की तलाश में पुलिस लगी थी। एसएसपी ने फरार युवक पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आज बुढाना पुलिस विज्ञाना मार्ग पर चौकिंग कर रही थी। चौकिंग दौरान पुलिस द्वारा बाइक सवार एक युवक को रूकने का इशारा किया तो वह रुका नही। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार युवक का पीछा किया गया तो बाइक सवार द्वारा बाइक को कच्चे रास्ते पर मोडा गया। कुछ दूर चलकर बाइक तेज गति के चलते कच्चे रस्ते पर फिसल गयी। स्वयं को पुलिस टीम से घिरा देख युवक बाइक छोड़कर टीम पर फायरिंग कर ईंख के खेत में घुस गया। पुलिस द्वारा युवक को



आत्मसमर्पण की चेतावनी दी गयी लेकिन युवक पर इसका कोई असर नही हुआ तथा पुलिस टीम पर फिर फायर कर दिया। जिसमें पुलिस बाल बाल बच गयी।

टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। जिसमें शौकत उर्फ राशिद पुत्र जाबिर निवासी गांव नंगला गोली लगने से जख्मी हो गया। जिसे अरेस्ट कर लिया गया। उसके पास से तमंचा, खोखा, कारतूस व बाइक बरामद की गयी। घायल को उपचार हेतु सीएचसी भेजा गया। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने अपने साथियों संग अटाली के जंगलों में गौकशी की थी। पुलिस से बचने को वो छिपता फिर रहा था। आज पुलिस से बचने के लिए कहीं बाहर जाने की फिराक में था तभी पुलिस द्वारा उसे पकड लिया गया। बदमाश पर डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज बताए गये हैं। पुलिस टीम में कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, गढ़ी चौकी के प्रभारी ललित कसाना, दारोगा गजेंद्र सिंह, दारोगा छविकांत सिंह, हैड कांस्टेबल नीरज त्यागी, संजय कुमार, सुनील, निर्वेश भारद्वाज और कांस्टेबल नकुल सांग. वान थे।

## सुभाष राज में हुए 8 एनकाऊंटर....

**बुढाना।** करीब साढ़े 3 माह के अपने कार्यकाल में बुढाना कोतवाल सुभाष अत्री ने 8 बदमाशों के एनकाउंटर किए। इनमें एक लाख के इनामी बदमाश महताब उर्फ गलकटा निवासी शामली की बीते 3 अक्टूबर को मौत हो गयी थी। बीते 12 सितम्बर को नौशाद पुत्र अलीमु मेरठ, बीती 16 सितम्बर को महताब कल्लू पुत्र महफूज मंदवाडा, बीती 21 सितम्बर को शादाब अली, बीती 10 अक्टूबर को आस मौहम्मद राठी पुत्र जिलेदीन निवासी कल्याणपुर, बीते 04 नवम्बर को संतराम उर्फ पतराम पुत्र सुरेश उर्फ पंछी, बीती 17 नवम्बर को मुनीत कुमार और आज सुबह शौकत उर्फ राशिद पुत्र जाबिर निवासी गांव नंगला को गोली मारकर घायल कर दिया।

# इस्कॉन व सुधांशु से युवा उत्थान पर चर्चा : रेशू



**मुजफ्फरनगर।** सत्यप्रकाश रेशू युवाओं के चहुमुखी विकास के लिए लगनशील है। जिसके लिए उन्होंने इस्कॉन चंद्रोदय मुखिया अकुर दास व आध्यात्मिक संत सुधांशु महाराज से लम्बी चर्चा की। रेशू ने दोनों महान धर्म गुरुओं के समक्ष युवा - युवतियों की अनेकों समस्याएं रख कर चर्चा की। सुधांशु महाराज से रेशू की वार्ता लगभग 90 मिनट उन्हीं की जहांगीर पुरी, दिल्ली स्थित आश्रम में चली। इस्कॉन चंद्रोदय के मुखिया अकुर दास से वृन्दावन स्थित चंद्रोदय इस्कॉन मंदिर आश्रम में हुई। जहां बिव का सबसे ऊंचा मंदिर बन रहा है। जिसमें रेशू भी अपना योगदान कर रहे हैं।

सत्यप्रकाश रेशू मुजफ्फरनगर की साथ साथ देश की युवा शक्ति के ष्तन-मन-धनष को विभिन्न रूपों में बिव महाशक्ति बनाने पर लम्बे समय से शोध कर रहे हैं। जिसके लिए वे गुप्ता बंधु मुखिया ष्अजय गुप्ताष से भी मिले। रेशू ने अपने द्वारा किए गए शोध विस्तार पूर्वक अकुर दास व सुधांशु महाराज के समक्ष रख आशीर्वाद लिया। ताकि सभी शोध 144 करोड़ भारतीयों के लिए जन उपयोगी बन सके। इस्कॉन चंद्रोदय मुखिया अकुर दास व सुधांशु महाराज को मुज़फ्फरनगर के हर प्राणी की ओर से सुप्रसिद्ध गुड़ - शक्कर भेंट किया। साथ ही दोनों विद्वानों को शुकतीर्थ आने का निमंत्रण दिया गया। जिसे दोनों ने सहर्ष स्वीकार कर युवाओं को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग देने का आवासन दिया। जिससे देश का चहुमुखी विकास युवाओं के माध्यम से हो सके। जिसके लिए कुछ ट्रैनिंग सेंटर शुरू कर दिए हैं और कुछ ट्रैनिंग सेंटर शीघ्र शुरू कर दिए जाएंगे।

# ईडी-बीजेपी के विरोध में भाजपा कार्यालय घेराव की कोशिश, कांग्रेस कार्यकर्ता हाउस अरेस्ट

**मुज़फ़्फ़रनगर।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार की एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और भाजपा की नीतियों के विरोध में 'हल्ला बोल' का ऐलान करते हुए भाजपा मुख्यालय के घेराव की घोषणा की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल कटियार के नेतृत्व में कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय की ओर कूच करने वाले थे, लेकिन पुलिस ने पहले ही मोर्चा संभालते हुए नई मंडी थाना क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोक लिया। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

घेराव की अनुमति न मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौके पर ही जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया। ईडी और भाजपा के खिलाफ नारे लगाए गए और केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया। कुछ देर चले धरना-प्रदर्शन के बाद प्रशासनिक समझाइश के बीच प्रदर्शन समाप्त कराया गया।



इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल कटारिया ने कहा कि ईडी और भाजपा जिस तरह से सत्ता का दुरुपयोग कर रही हैं, उसका कांग्रेस करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि तानाशाही रवैया किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि सत्ता के नशे में जिन नेताओं पर पहले आरोप लगाए गए थे, आज वे आरोप हकीकत की बुनियाद पर साबित होते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सत्य और सत्ता के बीच की है, और यह संघर्ष आगे भी पूरी ताकत के साथ जारी रहेगा। कुल मिलाकर, भाजपा कार्यालय के घेराव से पहले ही कांग्रेस के इस प्रदर्शन ने शहर का सियासी माहौल गरमा दिया, जहां भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हालात नियंत्रित रहे, लेकिन विरोध की धार और तेज नजर आई।प्रदर्शन करने वालो में पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र त्यागी आकिल राणा, असजद एडवोकेट, मुर्तुजा सलमानी राजीव राठी व अनिल चौधरी विपिन चौधरी आनंद गुप्ता जी अनिल साहनी तनवीर अहमद समेत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे?

# नवाब अज़मत अली खॉ गर्ल्स इण्टर कॉलेज में मनाया अल्पसंख्यक दिवस

**मुजफ्फरनगर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी ने बताया कि उप्र शासन अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसम्बर, 2025 को नवाब अज़मत अली खॉ गर्ल्स इण्टर कालेज आर्य समाज रोड़ मुजफ्फरनगर में समय 12.00 बजे आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में ज्ञानी हरजीत सिंह, मुख्य ग्रन्थी, गुरूद्वारा गॉधी कालोनी, फादर आशीष मसीह चर्च टाउनहाल झांसी की रानी, अनुज जैन, उपाध्यक्ष प्रेमपुरी, जैन मन्दिर समिति, युसुफ संस्थापक, फ्लोरा जूहाई स्कूल, काज़ी तनवीर आलम शहर काज़ी एवं मैत्री रस्तोगी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित गणमान्य सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किये गये तथा अल्पसंख्यक अधिकारों के सम्बन्ध में सभी को अवगत कराया



गया। मैत्री रस्तोगी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, द्वारा अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक तथा समाजिक विकास हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारें में जानकारी दी गयी तथा इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसी के साथ पीएम जेवी के योजनान्तर्गत निर्मित परियोजनाओं एवं विगत वर्षों में वितरित छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में सभी को अवगत कराया गया। अल्संख्यक वर्ग के अधिकारों की जागरूक्ता हेतु छात्र-छात्राओं में फनप्र कराया गया तथा जिन छात्राओं द्वारा सही उत्तर दिया गया उनकों जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी एवं प्रधानाचार्य सफिया बैगम द्वारा सम्मानित किया गया।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रूपक और उसकी पत्नी सनी मेरे साथ गाली गलौच व मारपीट करते है। और उस पर नाजायज तरीके से दबाव बनाते है। मेरा पुत्र रूपक व उसकी पत्नी सनी मेरे बेटे व परिवार के अन्य लोगों को छेडछाड व अन्य संगीन मुकदमें में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दे रहे है। उनकी गलत हरकत व नाजायज मांग से परेशान होकर मैं उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। और उन्हे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद उनके द्वारा किए गए कोई भी गलत कृत्य व लेनदेन के जिम्मेदार रूपक व सनी स्वयं होगे।

**सुरेश पुत्र अतरू**
**निवासी-ग्राम झबरपुर**
**थाना-पुरकाजी, तहसील सदर**
**जिला मुजफ्परनगर**

## सार्वजनिक सूचना

मेरा पुत्र विनय उर्फ जैन पुत्र सोमपाल व पुत्रवधू श्रीमति काजल पत्नी विनय उर्फ जैन निवासीगण ग्राम गढी सखावतपुर थाना बुढाना जिला मु.नगर मेरे कहने में नही हैं। मेरा पुत्र गलत संगत मे है। अब मैने अपने पुत्र विनय उर्फ जैन व पुत्रवधु श्रीमति काजल पत्नी विनय उर्फ जैन को अपने परिवार, चल अचल संपत्ति, घर, घेर, कृषि भूमि, नगद रुपये, पैसे, डंगर ढोर आदि से बेदखल कर दिया है। आज से इनके किसी अच्छे बुरे कार्य के लिये मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। अगर कोई व्यक्ति इनसे लेन देन व अन्य किसी प्रकार का व्यवहार रखता है तो उसकी खुद की जिम्मेदारी होगी।

**प्रार्थी**
**सोमपाल पुत्र श्री जिला**
**निवासी ग्राम गढी सखावतपुर**
**थाना बुढाना जिला मु.नगर।**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम Mohd Irshad Ahamad से बदलकर Irshad Mirja रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए ।

**Irshad Mirja**
**S/o Salauddin**
**393, इस्लामनगर खतौली,**
**थाना खतौली,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मयूर व उसकी पत्नी शबा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों को काफी समझाया लेकिन मयूर की पत्नी मुझे व मेरे परिवार को देख लेने की धमकी देती है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने मयूर व उसकी पत्नी शबा से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है आज के बाद इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कलवा पुत्र शाकर**
**निवासी मौहल्ला कुंगर पट्टी**
**सुजडू थाना खालापार**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश कोर्ट न. 4 मुज़फ़्फ़रनगर

दांडिक पुनरीक्षण संख्या 158 सन 2025 अभिनव स्वरूप पुत्र अनिल स्वरूप निवासी राजभवन भोपा रोड निकट ग्रान्ड प्लाजा माल थाना नई मंडी मुज़फ़्फ़रनगर .......... **रिवीजनकर्ता बनाम** 1- उत्तर प्रदेश सरकार। 2- नवनीत भारद्वाज पुत्र राममोहन भारद्वाज निवासी मकान स. 85 साऊथ भोपा रोड मुज़फ़्फ़रनगर। 3- सुनन्द सिंघल पुत्र स्व. अरुण कुमार निवासी वकील रोड नई मंडी मुज़फ़्फ़रनगर । 4- वरुण भंडारी पुत्र सुरेन्द्र भंडारी निवासी गली न. 13 नई बस्ती शिव नगर थाना नई मंडी मुज़फ़्फ़रनगर। 5- शुभम त्यागी पुत्र बलराम त्यागी निवासी 429/5 नुमाईश केम्प कलोनी थाना सिविल लाइन मुज़फ़्फ़रनगर। 6- अनुराधा गुप्ता प्रिंसिपल माउन्ट लिट्रा जी स्कूल लिंक रोड थाना नई मंडी मुज़फ़्फ़रनगर। 7- योगेन्द्र कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी गाँधी नगर कूकड़ा नई मंडी मुज़फ़्फ़रनगर । 8- विकाश वर्मा पुत्र हंसराज वर्मा सहायक एकाउंटेंट माउन्ट लिट्रा जी स्कूल गाँधी कालोनी नई मंडी मुज़फ़्फ़रनगर।.......... विपक्षीगण चुंकि उपरिनामांकित रिवीजनकर्ता ने इस न्यायालय में दांडिक पुनरीक्षण प्रस्तुत किया है अत आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस दांडिक पुनरीक्षण के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 06.01.2026 को 10.30 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपक अनर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात (उपस्थित) हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त दांडिक पुनरीक्षण एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 18.12.2025 को निकाला गया।

**आज्ञा से- न्यायधीश**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश कोर्ट न. 4 मुज़फ़्फ़रनगर।**

# विकास कार्यों की जांच के दौरान रहकड़ा मे हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** विकास कार्यों की शिकायत पर जांच को रहकड़ा गांव मे पहुंची टीम के सामने हंगामा खड़ा हो गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शान्ति व्यवस्था को क़ायम किया। मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव रहकड़ा मे गुरुवार को दो पक्षों मे हंगामा खड़ा हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी जहूर मेंहदी द्वारा गांव मे हुए विकास कार्यों की 9 बिन्दुओ पर जांच की मांग की थी।गुरुवार को जांच के लिए गांव स्थित सचिवालय मे पहुंचे पंकज कुमार जिला अर्थ एवं सांख्यिक अधिकारी शामली व कामेश्वर प्रसाद गुप्ता सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड ग्राम सचिव योगेश कुमार व प्रधान पति प्रवेज जैदी तथा शिकायत कर्ता सहित ग्रामीणों से जानकारी कर रहे थे। जिसके बाद ग्रामीणों के दोनों पक्ष जांच के लिए नवनिर्मित मार्ग की जांच कराने पहुंचे तभी दो पक्षों मे कहासुनी शुरू हो गयी।तथा हंगामा खड़ा हो गया।हंगामा होने की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह भारी पुलिस के साथ मौके पर पहुँच गये और ग्रामीणों की भीड़ को वहां से हटाया साथ ही शान्ति भंग का प्रयास करने वालों को कड़ी चेतावनी दी। जिसके बाद मार्ग पर लगी टाइल्स को उखाड़ कर मेट्रियल की जांच की गयी। जांच अधिकारी पंकज कुमार ने बताया की शिकायतकर्ता को विकास कार्यों के स्थान को लेकर भ्रम हुआ है। दो बिन्दुओ पर जांच की गयी जिसकी रिपोर्ट अधिकारियो को प्रस्तुत की जायेगी।

थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की रहकड़ा गांव मे हंगामा होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर शान्ति व्यवस्था क़ायम की गयी। हंगामा कर शान्ति भंग वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।





बुढाना: कब्र खुदाई से सम्बन्धित न्यूज पेज 3 पर।

# रंग-बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच सेंट थॉमस स्कूल ने मनाया रजत जयंती उत्सव

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों की सफल और गौरवशाली यात्रा पूर्ण करने पर सेंट थॉमस स्कूल में गुरुवार को रजत जयंती समारोह उत्साह, गरिमा और सांस्ख्रतिक वैभव के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को भव्य सजावट से सुसज्जित किया गया, जहां विद्यार्थियों, अभिभावकों और अतिथियों के चेहरों पर उल्लास साफ झलक रहा था। समारोह का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। नृत्य, गीत और नाटड प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया, बल्कि भारतीय संस्कृति और सामाजिक सरोकारों से जुड़े प्रेरक संदेश भी मंच से दिए। इन मनोहारी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेरठ धर्म प्रांत के बिशप भास्कर जेसुराज उपस्थित रहे। उनके साथ एसडीएम निकिता शर्मा, सीएमआई प्रांतीय वरिष्ठ फादर डॉ. डेविस वरायिलन, सीएमआई बिशप जॉन वडक्केल तथा इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बघेल ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की सराहना की।

प्रधानाचार्य फादर थांमसन ने अपने संबोधन में विद्यालय की 25 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेंट थॉमस स्कूल ने शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को भी अपनी पहचान बनाया है। उन्होंने रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित की जा रही शैक्षिक, सांस्ख्रतिक और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर विद्यालय की विशेष स्मारिका पत्रिका का विमोचन किया गया, जिसमें स्कूल के इतिहास, उपलब्धियों तथा पूर्व विद्यार्थियों और शिक्षकों के अनुभवों को संजोया गया है। समारोह में विद्यालय के प्रबंधक फादर जोज़फ, उप-प्रधानाचार्या सिस्टर सुजा सहित समस्त शिक्षण एवं प्रशासनिक स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए रजत जयंती समारोह को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# समाज सेवी की पुण्यतिथि पर स्कूल के बच्चों को किया गर्म कपड़ों का वितरण

**मोरना।** लाला राम अवतार माहेश्वरी की पुण्यतिथि के अवसर पर मजलिसपुर तौफीर गांव मे जिला पंचायत अध्यक्ष सहित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी व स्कूल के बच्चों को गर्म कपड़े भेंट किये गये।

मोरना ब्लॉक क्षेत्र गांव मजलिसपुर तौफीर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रसिद्ध समाज सेवी स्वर्गीय राम अवतार माहेश्वरी की 18 वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र सम्मुख श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी।जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल ने कहा की जरूरतमंदो की सेवा बड़ा पुनीत कार्य है। स्वर्गीय रामअवतार का जीवन समाजसेवा को समर्पित रहा। किसान मजदूर इंटर कॉलिज के प्रधानाचार्य पंकज माहेश्वरी ने कहा की स्वर्गीय समाज सेवी के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर विजय लक्ष्मी माहेश्वरी, नीलम माहेश्वरी, सुशील माहेश्वरी,ग्राम प्रधान योगेश कुमार चौहान, महेंद्र सिंह चौहान,ग्राम सचिव प्रांजल, विपिन कुमार, कुलदीप कुमार, महिपाल राठी, रजत कुमार, प्रवीण कश्यप, गौरव,हारून,अंकित गर्ग, धर्मेन्द्र सिंह, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



# कृषि अधिकारियों ने जैविक खेती पर दिया बल

**मोरना।** छछरौली गांव में पहुंचे संयुक्त कृषि निदेशक कृषि अभियंत्रण लखनऊ नोडल अधिकारी मुजफ्फरनगर नरेंद्र सिंह चौहान द्वारा भ्रमण किया गया। जहां ख्रषि अधिकारियों ने जैविक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया तथा जैविक खेती के संबंध में किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई।

मोरना में स्थित सहयोगी संस्थान बिट्रो बायोटेक्नोलॉजिस्ट लिमिटेड के कार्यालय का निरीक्षण कृषि अधिकारी द्वारा किया जिसके बाद क्षेत्र के गांव छछरौली मे जाकर प्रगतिशील किसान ब्रजवीर सिंह राठी के खेत का निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान संयुक्त कृषि निदेशक के द्वारा जैविक विधि से बोई गयी आलू के साथ गन्ने की फसल का अवलोकन किया तथा किसान ब्रजवीर सिंह राठी के द्वारा संयुक्त कृषि निदेशक को बताया गया कि आलू की प्रजाति चिप सोना है और गन्ने की प्रजाति ब्व00118 पूर्ण रूप से जैविक विधि से लगाई गई है फसल की बुवाई में कंपोस्ट खाद और जीव अमृत का प्रयोग किया गया है तथा नाइट्रोजन की पूर्ति के लिए किसान के द्वारा सिंचाई के साथ जीवामृत डाला गया है। फसल की बुवाई से पूर्व आलू के बीज को और गन्ने के बीज को बीजा अमृत के माध्यम से शोधित किया गया है।वहीं उप ख्रषि निदेशक प्रमोद कुमार सिरोही के द्वारा किसानों जैविक के लाभ बताये गये तथा जैविक खेती के संबंध महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा की जिन किसानो ने प्रथम वर्ष की जैविक निवेश इकाई नहीं खरीदी है वह तुरंत जैविक निवेश इकाई खरीद कर बिल सहयोगी संस्थान के कार्यालय में जमा करें जिससे कि डीबीटी के माध्यम से किसानों का भुगतान समय से किया जा सके साथ ही जिन किसानों का द्वितीय वर्ष का अनुदान धनराशि खाते में भेजी जानी है वह किसान बायोफर्टिलाइजर और बायोपेस्टिसाइड खरीद कर बिल सहयोगी संस्थान के कार्यालय में जमा करें जिससे कि द्वितीय वर्ष की भी डीबीटी अनुदान धनराशि किसानों के खाते में भेजी जा सके इस अवसर पर सहयोगी संस्थान के वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक डॉ जेपी शर्मा जिला प्रभारी मुजफ्फरनगर पूनम यादव समूह प्रभारी जितेंद्र कुमार वरिष्ठ जिला प्रभारी अंकित कुमार समूह प्रभारी राजेश यादव पूजा तथा अनेक किसान मौजूद रहे।



# एक पखवाड़े में दो मंदिरों में हुई चोरी का किया खुलासा

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने एक पखवाड़े में अलग अलग मंदिरों में हुई चोरी की दो घटनाओं का खुलासा चोर को पकड़ने के बाद किया है। वैसे चोर के पास से कुल 4880 रुपये ही बरामद हुए हैं बाकी पैसे उसने अपनी अ"याशियों में खर्च कर दिए। इस खुलासे से बुढ़ाना पुलिस का इकबाल बुलंद हुआ है। कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में हुई इस कार्यवाही से हिंदू समाज खुश है। दरअसल बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बड़ौदा में बीती 03 दिसम्बर को मंदिर में चोरी की घटना हुई थी। इस घटना से पुलिस के हाथ पांव फूल गये थे। अभी पुलिस इस घटना के सही खुलासे के लिए लगी हुई थी कि बीती देर रात भी कस्बे के एक मंदिर में फिर चोरी की घटना हो गयी। यह तो चौकीदार की फुर्ती रही कि उसने चोर को पकड़ लिया। तब पुलिस ने चोर से पूछताछ की तो उसने बड़ौदा मंदिर में हुई चोरी की घटना को कबूल कर लिया। पुलिस ने उसके पास से लगभग पांच हजार रूपये की नगदी चोरी की जबकि बाकी रुपये उसने अपनी बाहधवाई में खर्च कर दिए। पकड़े गये चोर ने अपना नाम रिहान निवासी कस्बा बुढ़ाना बताया। बुढ़ाना कोतवाल के नेतृत्व में पकड़े गये इस चोर ने मंदिर की दोनों घटनाओं को कबूल लिया। पुलिस टीम में सब इंस्पेक्टर अनुपम सारस्वत के अलावा हैड कांस्टेबल अरविन्द सिंह और कांस्टेबल गौर सिंह भी रहे। उधर बुढ़ाना पुलिस ने लिखापढ़ी करने के बाद आरोपी रिहान को जेल भेज दिया है।

# तीन दिवसीय आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं योग शिविर का समापन



**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जनपद मुजफ्फरनगर डा. इसमपाल के दिशा निर्देशों के अनुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रिम्पल चौधरी के मार्गदर्शन में योग के प्रचार प्रसार हेतु दीपचंद ग्रेन चौंबर इंटर कालेज नई मंडी में 16 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में योग प्रशिक्षक पूनम वर्मा व रविकुमार द्वारा छात्र छात्राओं को योगाभ्यास व प्राणायाम कराया गया तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्रेन चौंबर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्रीचन्द्रभान सिंह का इस शिविर में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

तीन दिवसीय योग शिविर में लाभार्थी छात्र छात्राओं की कुल संख्या लगभग 3450 रही।

# जग्गाहेड़ी टोल प्लाजा पर अवैध वसूली के खिलाफ भाकियू तोमर का हल्ला बोल

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने प्रेस वार्ता में दी चेतावनीरू ष्नशे में धुत टोल कर्मी कर रहे महिलाओं से अभद्रता, अब बर्दाश्त नहीं होगा शोषणष।'

मुजफ्फरनगर द्धरामपुर तिराहाऋ। भारतीय किसान यूनियन द्धतोमरऋ के राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित एक आपातकालीन बैठक में संगठन ने जग्गाहेड़ी टोल प्लाजा के खिलाफ आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने प्रेस वार्ता के दौरान सख्त लहजे में कहा कि 21 दिसंबर को जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी के नेतृत्व में जग्गाहेड़ी टोल प्लाजा को पूर्ण रूप से फी कराया जाएगा।परिवार और महिलाओं के साथ अभद्रता पर फूटा गुस्सा चौधरी संजीव तोमर ने एक गंभीर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 10 दिसंबर को संगठन के नगर उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र अपने परिवार के साथ पानीपत जा रहे थे। जग्गाहेड़ी टोल पर कर्मियों ने उनके और उनके परिवार की महिलाओं के साथ अत्यंत अभद्र व्यवहार किया। 112 नंबर पर सूचना और थाना तितावी में तहरीर देने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई एक्शन न लिए जाने से संगठन के कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। टोल कर्मियों पर नशे और नियमों की अनदेखी के आरोप प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने टोल प्लाजा की अव्यवस्थाओं को उजागर करते हुए निम्नलिखित आरोप लगाए नशे में डड्यूटीरू टोल कर्मी वर्दी और नेम प्लेट के बिना रहते हैं और दिन-रात नशे में धुत होकर आम जनता व किसानों से बदसलूकी करते हैं। केंद्र सरकार के नियमों को ताक पर रखकर किसानों के ट्रैक्टरों से टोल वसूला जा रहा है और उन्हें जीप की पर्ची दी जा रही है।टोल के पास न तो पुल और सड़क का निर्माण पूरा हुआ है, न ही शौचालय, विश्रामगृह या पीने के पानी द्धप्याऊऋ की व्यवस्था है।

संजीव तोमर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी भी किसान या पदाधिकारी का शोषण टोल कर्मियों की गुंडई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि 21 दिसंबर को भारी संख्या में पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाएं। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष महबूब बालियान, जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी,युवा जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी शमशाद पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान चौधरी, युवा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर, युवा प्रदेश महासचिव शहजाद मलिक, अजय त्यागी, मुकेश गुर्जर विशाल अहलावत दिलशाद छोटा चांद फिरोज हुसैंन आसिफ विपिन चौधरी जाहिद शाकिर मलिक सलमान महबुब अरूण ऐजाज मोनू धीमान साजीद मुकेश चौधरी रियाज राणा संजय त्यागी साजीद अल्वी टीटू मलिक साजीद समीर जावेद आलम ईस्राईल अयूब नेता साऊद , सोनू, अरुण, सलीम, आकिल और मुस्तफा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।'



# मैक्स क्रिकेट क्लब की हुई धमाकेदार जीत

**बुढाना।** मैक्स क्लब ने खेले गए रोमांचक मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को 9 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए विरोधी टीम 19.2 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई। मैक्स क्लब की ओर से नईम ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 6 विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाज़ों की कमर तोड़ दी। उनके इस शानदार प्रदर्शन से टीम को मज़बूत बढ़त मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैक्स क्लब की टीम ने आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए मात्र 12 ओवर में 162 रन सिर्फ 1 विकेट के नुकसान पर बना लिए। इस जीत में जावेद का योगदान बेहद अहम रहा जिन्होंने 102 रन की नाबाद शतकीय पारी खेलकर मुकाबले को एकतरफा बना दिया। कुल मिलाकर कहा जाए तो मैक्स क्लब की इस जीत में जावेद और नईम का बहुत बड़ा योगदान रहा जिनके दमदार प्रदर्शन ने टीम को यादगार जीत दिलाई। आज के मुकाबले में कमेंट्री शोएब खान ने की जबकि अंपायर की भूमिका में शाहरुख और अरशद ने निष्पक्ष निर्णय दिए। मैक्स क्लब की इस जीत से खिलाड़ियों और दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला।



# खुलेआम दौड़ रहे देवबन्द, तितावी मिल के ओवरलोड गन्ने के ट्राले व ट्रक

**चरथावल।** चरथावल क्षेत्र मे देवबंद, तितावी समेत अन्य चीनी मिलों के ओवरलोड गन्ना ट्राले और ट्रक खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं, और यह अवरलोड ट्रक ट्राले खुलेआम हादसों को न्यौता देते दिख रहे हेस इसके अलावा नई-नई बनी सड़कों की हालत बिगड़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी केवल शुगर मिलों को पत्र लिखने तक ही सीमित हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्रवाई का अभाव है। इसी लापरवाही का नतीजा है कि हर साल ऐसे ओवरलोड वाहनों से अनेक हादसे घटित हो रहे हैं। पिछले वर्ष भी कई लोगों की जानें इन अवैध रूप से दौड़ते वाहनों की चपेट में आने से हुई थी । घनी बस्तियों से होकर गुजरते ये भारी वाहन न केवल सड़कों को नुकसान पहुँचा रहे हैं, बल्कि क्षेत्रवासियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन चुके हैं। प्रशासन की चेतावनी और जनता की बार-बार की मांगों के बावजूद ओवरलोड गन्ना वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लगाई जा सकी है।बल्कि किस समय किसको मौत की नींद सुला दे यह अवरलोड गन्ने के वाहन कुछ कहा नहीं जा सकता हे और तो और इन अवरलोड गन्ने के वाहनों के बराबर से गुजरने मे दूसरे वाहन स्वामियों को बहुत बड़ी परेशानी होती हेस और मानो यह अहसास होता हे की यह अवरलोड गन्ना वाहनो को ज़ब दूसरे वाहन क्रास करते हे तो की यह हमारे वाहनों के ऊपर पलट गया हे जिससे बहुत बड़ा खतरा बना रहता हे

क्षेत्रवासियो ने सवाल उठाया है आखिर किसकी शह पर दौड़ रहे हैं ये अवैध ओवरलोड वाहन?

जनता का कहना है कि यदि जल्द ही इन पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और बार बार इन पर रोक लगाने की मांग के बाद भी आख़िरकार इन अवरलोड वाहनों पर क्यों रोक नहीं लग रही हे यह सवाल चप्पे चप्पे पर गूंज रहा है।



## क्षेत्रवासियों की गुहार

हमने कई बार प्रशासन से अवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब तो डर है कि कब किसी और परिवार को ऐसी लापरवाही का शिकार होना पड़े।

नई सड़कों को उखाड़ते और लोगों की जान जोखिम में डालते ये ओवरलोड गन्ना वाहन प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब देखना यह है कि क्षेत्र की जनता की यह पुकार आखिरकार कब और कौन सुनता है।

## सरकार की छवि को जमकर लग रहा है पलिता

जहाँ केंद्र व प्रदेश सरकार देशवासियो को अच्छी अच्छी सडके देकर सफर को आसान कर रही हे वही यह अवरलोड गन्ना वाहन नए नए हाइवे को खराब कर सड़को के हालत खराब कर रहे हे जिससे उन हाइवो पर से गुजरने वाले व्यक्तियों को खराब सड़को से होकर गुजरना पड़ रहा हे जिस कारण सरकार की छवि को पलिता लगता दिख रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## पिटबुल से पड़ोसन को कटवाया, रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना/फुगाना।** एक दबंग ने अपने पालतू पिटबुल से एक महिला को कटवाया। जब महिला ने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने गलती मानने के बजाए महिला के घर में घुसकर महिला के साथ बुरी तरीके से मारपीट की और घायल कर फरार हो गया। उधर फुगाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार महिला सलमा पत्नी नौशाद निवासी ग्राम कुरावा ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 16 दिसम्बर को शाम के समय जब मे खेत से अपने घर पर आ रही थी तभी पडोसी राजेन्द्र पुत्र पालू ने अपनी छत से ईंट का बना चुल्हा मेरे ऊपर फेंका। जब मेने उससे पूछा तो गाली गलोच करने लगा तथा अपना कुत्ता पिटबुल साथ लेकर मेरे घर में घुस आया ओर मुझे कुत्ते से कटवा दिया ओर मेरे साथ मारपीट की। शोर शराबा होता देख आस पास के लोगो के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। फुगाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घायल महिला को हस्पताल में भर्ती कराया है।

## जमीनी विवाद में 4 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना/फुगाना।** जमीनी विवाद में एक पक्ष के विरुद्ध फुगाना पुलिस के द्वारा रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार इस्तेकार उर्फ भोटा उर्फ इफ्तखार पुत्र इसरार निवासी लोई थाना फुगाना ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसके भाई शाहनवाज, पेशनवाज, खालिद और माता रहमत इलाही पत्नि इसरार अहमद के जायज वारिस हैं। उसके ही परिवार के अब्दुल जब्बार व अम्बार अहमद पुत्रगण फतेह मौहम्मद खां और अब्दुल सत्तार पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी ग्राम लोई थाना फुगाना के साथ उसका जमीनी विवाद कोर्ट में चल रहा है। बीती 12 दिसम्बर की सायं अब्दुल जब्बार और अम्बार अहमद पुत्रगण फतेह मौहम्मद, अब्दुल सत्तार पुत्र अब्दुल जब्बार और अब्दुल्ला पुत्र अम्बार अहमद जबरन उसके खेत पर पहुंचे और उसके साथ धक्का मुक्की व गाली गलोच करने लगे। उसके रोकने पर कहने लगे तेरा यहां कुछ नही है। यह खेत हमारा है। अगर तू यहां आया तो जान से मार देंगे। तभी अब्दुल्ला पुत्र अम्बार ने उसे और उसके भाई खालिद को खेत से भगा दिया और आगे भविष्य मे देख लेने को कहने लगा। उसके बाद मैंने इन लोगो को समाज में बैठाकर समझाने की कोशिश की परन्तु कोई रास्ता नही निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## सगाई समारोह से लौट रहे युवक को मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** आधा दर्जन से भी अधिक अज्ञात नवयुवकों ने एक समारोह से अपने घर को लौट रहे एक ग्रामीण युवक की पिटाई कर दी। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए लोगों कोे देखकर सभी आरोपी कारों में सवार होकर हत्या की धमकी देते हुए फरार हो गये। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच करने के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार सोमीन अली पुत्र नूरदीन निवासी गांव हुसैनपुर कलां ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसका भाई आस मौहम्मद बीती 16 दिसम्बर की रात्रि में लगभग 09 बजे बुढ़ाना कस्बे के हिंडन नदी पुल पार स्थित एक बैंकट हाल में आयोजित एक सगाई समारोह से खाना खाकर अपने घर लौट रहा था। तब तीन चार गाडी बुढाना कस्बे की ओर से तेज गति से आ रही थी। जो उसके भाई के पास आकर रुकी। गाड़ी से 08 या 10 अज्ञात व्यक्ति उतरे और उसके भाई के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान मौके पर भीड इकठा हो गई ओर उसके भाई को बचाया। इसके बाद सभी अज्ञात लोग उसके भाई को जान से मारने की धमकी देकर और गाली गलौच करते हुए वहां से भाग गए। वहीं दूसरी और पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी।

## सरकारी चावल से भरा हुआ केंटर पकड़ा

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के मेरठ वाया करनाल रोड पर शाहपुर मंडी समिति के कर्मचारियों ने आज बृहस्पतिवार की देर रात एक केंटर को किसी मुखबिर की सूचना पर भाग दौड़ करके पकड़ा। जिसमें केंटर की तलाशी लेने पर उसमें चावल भरा हुआ पाया गया। सुत्रों के मुताबिक यह चावल सरकारी है जो कि अन्य जनपद में अवैध रुप से चोरी से बिकने के लिए जा रहा था। यह चावल कहां से बदला गया है और कहां जा रहा था इसका पता देर रात समाचार लिखे जाने तक भी पता नहीं लग पाया था। मौके पर बुढ़ाना पुलिस भी सूचना के आधार पर पहुंच गयी थी। इस सम्बंध में जब शाहपुर मंडी समिति के सचिव नितेश मलिक से फोन पर बात हुई तो उन्होंने बताया कि उनको सूचना मिली है कि उनके कर्मचारियों ने चावल से भरा केंटर पकड़ा है। वे उसको अभी दिखवा रहे हैं कि मामला क्या है। उधर बरामद चावल को लेकर तरह तरह की चर्चाएं चल रही थी।

## किक्की गैंग से पीड़ितों ने थाने पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार

**खतौली।** कस्बे में सक्रिय किक्की गैंग से पीड़ित सर्व समाज के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को सहारनपुर मंडल के डीआईजी एवं मेरठ जोन के एडीजी से मुलाकात कर अपनी शिकायतें रखने के उद्देश्य से थाना खतौली पहुंचा। पीड़ितों ने प्रशासन के समक्ष न्याय की मांग उठाते हुए पूरे प्रकरण से अवगत कराया। थाना खतौली में पीड़ितों की मुलाकात क्राइम इंस्पेक्टर एवं एसआई नरेश कुमार से हुई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने पीड़ितों को आश्वस्त किया कि किक्की जैन के विरुद्ध पूर्व में दर्ज कराई गई एफआईआर में तहरीर के समय जो तथ्य विवेचना में शामिल थे, किन्हीं कारणों से जो परिवर्तित हो गए थे, उन्हें पुनः सही तरीके से विवेचना का हिस्सा बनाया जाएगा। साथ ही मामले में शामिल सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर उन्हें दंडित किया जाएगा। पुलिस के आश्वासन के बाद सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने फिलहाल वापसी का निर्णय लिया। पीड़ितों ने बताया कि गुरुवार 19 दिसंबर 2025 को वे पुनः थाना खतौली पहुंचकर दर्ज एफआईआर में आवश्यक संशोधन कराने के साथ-साथ अन्य नई शिकायतें भी दर्ज कराएंगे। व्यापारियों और पीड़ितों ने स्पष्ट किया कि उन्हें थाना पुलिस से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा है। यदि न्याय नहीं मिला तो सभी व्यापारी और पीड़ित एकजुट होकर मामले को कमिश्नर स्तर तक, और आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री तक ले जाने को मजबूर होंगे।

## धुन्ध में रोड पर खड़े ट्रक को पुलिस ने हटवाया

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार की प्रथम रात्रि बहुत ही घने कोहरे में मेन सड़क के बीचों बीच अचानक से खराब होकर खड़े हुए ट्रक को गश्त कर रही बुढाना पुलिस ने खुद धक्के लगवाकर सड़क से दूर हटवाकर खड़ा करवा दिया ताकि कोई दुर्घटना ना हो। बीती देर रात आठ बजे से ही धुन्ध शुरु हो गयी थी। धुन्ध इतनी जबरदस्त थी कि सडक पर एक दो मीटर दूर का कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। आज प्रथम रात्रि लगभग बारह बजे के बाद एक ट्रक बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर कुरैशियों वाली पुलिया पर अचानक से खराब हो गया। इससे पहले कोई दुर्घटना घटित होती तभी वहां पर गश्त कर रही बुढाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और सड़क के बीचों बीच खड़े हुए बंद ट्रक को देखा तो उन्हें समझते हुए देर नहीं लगी। तब बुढाना पुलिस ने ट्रक चालक से पूछताछ की तो पता लगा कि ट्रक अचानक से खराब हो गया।

तब पुलिस ने धक्का लगाकर ट्रक को सड़क के बीच से हटाकर सड़क से दूर खड़ा करवाया ताकि घने कोहरे के कारण किसी भी तरह की दुर्घटना ना हो सके। अक्सर घने कोहरे के चलते खड़े वाहन में आते जाते वाहनों की टक्कर लग जाना स्वाभाविक है। इस तरह से घनी धुन्ध के समय में अक्सर ऐसी घटनाएं हो जाना बिल्कुल आम बात है। ऐसी टक्करें जबरदस्त होती हैं और जानी नुकसान ज्यादा पहुंचाती हैं। कुल मिलाकर बुढाना पुलिस की सूझबूझ से दुर्घटना होने से बच गयी नहीं तो इस घने कोहरे के कारण कोई भी छोटी या फिर कोई भी बडी घटना घट सकती थी।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विकास कार्यों की बैठक में डीएम ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की प्रगति संतोषजनक न होने पर सहायक आयुक्त शामली का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के डीएम के निर्देश

जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैश बॉर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए जहां कमी है उसमें सुधार करते हुए प्रगति के निर्देश दिए। ताकि जनपद की रैंकिंग ठीक रहें।विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड के बिन्दु के अनुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण,ओर समाज कल्याण विभाग की प्रगति संतोषजनक न होने पर तीनों अधिका. रियों को कारण बताओं नोटिस के साथ ही उक्त कार्य में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आपेक्षिक सहयोग न होने पर उनको भी कारण बताओं नोटिस के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा के दौरान फैमिली आईडी में प्रगति खराब होने पर सुधार के कड़े निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिलाध्ब्लॉक स्तरीय टॉक्स फोर्स के अंतर्गत जिन अधिकारियों ने माह नवंबर में लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किया उन सभी का जिसमें तीनों एसडीएम,डिप्टी




## सीएम डेशबोर्ड की बिन्दूवार समीक्षा

सीएमओ,नायब तहसीलदार ऊन व शामली, डीपीआरओ,बीडीओ कांधला,व ऊन, सीडीपीओ कांधला,सप्लाई इंस्पेक्टर थानाभवन, अन्य जो उसका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए व्यक्तिगत शौचालय की जिओ टैगिंग में प्रगति खराब होने पर कांधला के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को हटाने के निर्देश डीपीआरओ को दिए।

बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की प्रगति संतोषजनक न होने पर सहायक आयुक्त शामली का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें क्वालिटी का विशेष ध्यान रखते हुए समय से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदाई संस्था को दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी, सत्एन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी द्धवि0ध्रा0ऋ, शामली, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग की बैठक में सभी एसडीएम सहित समस्त संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोवंश के मीट को लेकर दो गुटों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सकौती के निकट स्थित आदिदेव कार्बन कम्पनी मे बॉलर प्लांट लगाने वाली ठेका कम्पनी के मजदूरो द्वारा गाय का मांस पकाने के विरोध मे दो पक्षो के मध्य जमकर विवाद हुआ। हंगामे के बीच पुलिस मौके पर पहुॅची और एक आरोपी को हिरासत मे लिया गया। वही ठेका कम्पनी ने गाय के मीट पर बढे विवाद को देखते हुए सभी आठ साथी कर्मचारियों को आनन फानन में कम्पनी से बाहर निकाल दिया।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव सकौती मे स्थित आदिदेव कार्बन कम्पनी निर्माणाधीन है। जिसमे अलग अलग प्लांट का इंस्टालेशन जारी है। बताया गया है कि बॉलर प्लांट लगाने का ठेगा साउथ की एक कम्पनी को दिया गया है। जिसमे पूरब से आए कर्मचारी काम कर रहे थे। उसी दौरान प्लांट के दूसरे हिस्से मे काम करने वाले कर्मचारियों को एक युवक ने तंज कसते हुए कहना शुरू कर दिया कि हमने गाय का मीट पकाकर खाया है। तभी कर्मचारियों के दूसरे पक्ष ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते लेबर के अन्य लोग एकत्र हो गए और विवाद बढ गया। विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और मामले को देखते हुए आरोपी युवक को हिरासत मे लिया।

वही दूसरी ओर ठेका कम्पनी ने आरोपी युवक के सभी आठ साथियों को भी आदिदेव कम्पनी से बाहर निकाल दिया। आदिदेव कम्पनी मे काम करने वाले सिविल डिपार्टमेंट के लोग मामले पर पर्दा डालते नजर आए और काफी देरतक मीडियाकर्मियों को भी प्रवेश नही दिया गया,ताकि मामले को दबाया जा सके।

# बीएसएम में एथलेटिक्स खेल. कूद कंपटीशन का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में गुरुवार को 20वीं एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों के शारीरिक विकास, खेल कौशल और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इसके अलावा बैग रेस, फॉग रेस, कंगारू रेस, चिकन रेस एवं स्पून रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताएं भी कराई गई।खेल अध्यापक अनुभव कुमार के संरक्षण में बालक वर्ग ए के लिए 100 व 200 मीटर दौड़ तथा वर्ग बी के लिए 100, 200 व 400 मीटर दौड़ आयोजित की गई। वहीं खेल अध्यापक कार्तिक चौहान के मार्गदर्शन में बालिका वर्ग ए, वर्ग बी एवं वर्ग सी के लिए लॉन्ग जंप प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

# एसआईआर में सहयोग करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय हामिद हुसैन ने जनपद के समस्त नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवा रहे हैं, जो 26 दिसंबर तक एकत्र किए जाएंगे। वर्ष 2025 की मतदाता सूची में जिन पात्र नागरिकों के नाम शामिल नहीं हैं, वे अपना नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 एवं घोषणा पत्र आवश्यक साक्ष्यों के साथ संबंधित मतदान स्थल के बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं।इसी प्रकार मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य प्रविष्टियों में संशोधन कराने या एक मतदान स्थल से दूसरे मतदान स्थल में स्थानांतरण के लिए फार्म-8 भरकर बीएलओ के माध्यम से आवे. दन किया जा सकता है।प्रभारी अधिकारी ने बताया कि ऐसे प्रवासी भारतीय निर्वाचक, जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं अथवा कर रहे हैं और पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे अपने पासपोर्ट में अंकित भारत स्थित निवास पते से संबंधित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए फार्म-6ए के माध्यम से ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवे. दन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।

## एसआईआर में प्रशासन का सहयोग करें: किरणपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के गांव बुन्टा एवं मुल्लापुर में पहुंचे एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि एसआईआर फार्म जमा कराए और इसमें प्रशासन का सहयोग करे। विकास कार्यो के अंतर्गत नवनिर्मित खड़ंजा मार्ग का उद्घाटन भी किया। गुरूवार को क्षेत्र के गांव बुंटा व मुल्लापुर में एमएलसी किरणपाल कश्यप पहुंचे। जहां उन्होने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसमें सभी जानकारी हासिल करे। यदि किसी का वोटर लिस्ट से नाम छूटा है तो फार्म-6 भरे। एसआईआर फार्म भी संबंधित बीएलओ को अवश्य जमा कराए और जिला प्रशासन का सहयोग करे। इसके बाद उन्होने नवनिर्मित खड़ंजा मार्ग का उद्घाटन किया। उन्होने कहा कि पूर्व में यह मार्ग अत्यंत खराब स्थिति में था, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का सु.ढ़ होना बेहद आवश्यक है। खड़ंजा मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर बड़ी गौरव कश्यप, भारत कश्यप, राकेश सैनी, आशु सैनी, मुस्तकीम, आरिफ, राजकुमार कश्यप मौजूद रहे।



18 एसएमएल00-शामली के गांव बुंटा में ग्रामीणों से मुलाकात करते एमएलसी।

## एक नजर

### जेए नेशनल एकेडमी में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** जेए नेशनल एकेडमी में आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन दिवस पर विभिन्न फील्ड इवेंट्स का आयोजन किया गया, जिनमें शॉटपुट, जेवलिन थ्रो, टग ऑफ वॉर, क्रिकेट, लॉन्ग जंप एवं ब्रॉड जंप प्रमुख रहे। इससे पूर्व स्पोर्ट्स मीट के प्रथम दिवस पर सभी रेस इवेंट्स संपन्न कराए गए थे। समापन दिवस पर आयोजित सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में पैंथर ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टाइगर ग्रुप को 6 विकेट से पराजित किया। वहीं जूनियर क्रिकेट मुकाबले में चैंपियन स्क्वाड ने सुपर किंग्स टीम को 4 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। शॉटपुट प्रतियोगिता में शावेज ने प्रथम, अर्शियन ने द्वितीय तथा दानिश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर एकेडमी के प्रबंधक मास्टर जाहिद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और भविष्य में प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आते हैं। वहीं एकेडमी के प्रधानाचार्य राणा जिया-उल-हक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे स्पोर्ट्स मीट सफल एवं यादगार बन सका।

### बाजार में बढ़ी चोरी की घटनाओं के विरोध में व्यापारियों में रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पीएनबी बैंक के निकट स्थित किरयाना की दुकान से खुलेआम पुलिस को चुनौती देकर मोबाईल चोरी करने के मामले मे व्यापारी संगठन के लोगो ने मिलकर विरोध किया और पुलिस को शिकायतीपत्र देकर ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने की मांग की गई। इस दौरान एक दर्जन से अधिक व्यापारी पुलिस चौकी पहुॅचें। चौसाना चौकी से महज तीन सौ मीटर की दूसरी पर चंद सेकंड के भीतर मोबाईल चोरी करके खुलेआम पुलिस को चुनौती देने वाले बदमाशों का विरोध करते हुए व्यापारी संगठन के लोगो ने पुलिस चौकी पहुॅचकर विरोध किया और पुलिस को शिकायतीपत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई। दरअसल बीते दिवस बुधवार की सुबह करीब नौ बजे व्यापारी दुकान पर अकेला था। तभी एक व्यक्ति आता है और दुकानदार के सामान तोलते ही आरोपी व्यक्ति मोबाईल को चोरी करके भाग जाता है। इसके अलावा बीते एक सप्ताह के भीतर चोरी की कई घटनाएं होने से व्यापारियों मे गुस्सा है। व्यापारियों ने पुलिस गश्त बढाने की मांग की है। इस दौरान दिनेश बिंदल,तरूण कुमार,देशराज,अनुभव गर्ग,कंवरपाल शर्मा,मनोज कुमार,सुनील शर्मा,संजय,प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक युवक पर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ जबरन शादी रचाने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है । गुरुवार को पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 24 वर्षीय पुत्री घर से कस्बे में जूते पहनने की बात कहकर निकली थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां जानकारी ली तथा संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन युवती का कहीं भी कोई सुराग नहीं लग सका। बाद में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जानकारी दी गई कि उसकी पुत्री को गांव भभीसा निवासी सन्नी अपनी कार में बैठाकर दिल्ली की ओर ले गया है। बताया गया कि युवक उसके साथ शादी रचाने की फिराक में है। पीड़िता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के साथ-साथ अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया जल्दी युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

### युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर किया घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक युवक के साथ कई लोगों ने लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी आरिफ ने बताया कि उसका पुत्र सुहेल अपने घेर से घर पर आ रहा था आरोप है कि तभी कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी कई लोगों ने पीड़ित के युवक को घेर लिया और उसके साथ लाठी डंडों सहित धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपने पुत्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। और डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद कई लोगों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दुसरी और भभीसा निवासी अशोक ने बताया कि वह कस्बे के नवजीवन हॉस्पिटल में कार्य करता है। आरोप है कि गांव जिडाना निवासी पिता पुत्र ने पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली गलौज की और मारपीट की पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

## अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में भारत रत्न स्व। अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय सुशासन का महत्व रहा।कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुशासन की अवधारणा, पारदर्शिता,जवाबदेही तथा राष्ट्र निर्माण में स्व।अटल बिहारी वाजपेई के योगदान पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतिभागी छात्राओं के भाषणों में विचारों की स्पष्टता और विषय की गहन समझ देखने को मिली।निर्णायक मंडल में डॉ। सीमा सिंह एवं डॉ। अंकिता त्यागी उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागी छात्राओं में से तीन श्रेष्ठ वक्ताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में बी।ए तृतीय वर्ष की छात्रा आयशा प्रथम स्थान, बीएससी द्वितीय की छात्रा प्रिंसी, द्वितीय स्थानकी छात्रा महविश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।चयनित छात्राएं आगामी 22 दिसंबर 2025 को जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली मुख्य प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ। नयना शर्मा,संयोजक, कल्चरल क्लब, द्वारा किया गया।



# एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में गुरूवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को भारत और उसके विभिन्न राज्यों के बीच एकता, समानता और विविधता के महत्व को समझाया गया। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश और मेघालय राज्य की प्रमुख कृषि फसलों की जानकारी भी दी गई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के प्रत्एक राज्य में भौगोलिक, सांस्कृतिक और कृषि संबंधी विविधताएं होने के बावजूद अनेक समानताएं भी हैं। इन्हीं समानताओं को समझकर ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार की जा सकती है। कृषि इन समानताओं का एक महत्वपूर्ण आधार है और अनेकता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। भूगोल विषय के अध्यापक महेश नारायण गौड़ ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में धान, मक्का, अनानास, कीवी जैसी कई फसलें समान रूप से उगाई जाती हैं। दोनों राज्यों की जलवायु में भी कुछ समानताएं हैं, हालांकि मेघालय में अत्यधिक वर्षा होती है, जबकि अरुणाचल प्रदेश में देश में सबसे पहले सूर्योदय होता है। कार्यशाला में स्काउट प्रभारी अनिल कुमार कश्यप, घनश्याम सारस्वत, मनोज भारद्वाज, मनोज शर्मा, बिजेंद्र गौतम, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, सारिका गर्ग, ज्योति तायल रहे।



# 32 गांवों की चकबंदी की भूमि को वन विभाग की बताए जाने पर किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** तहसील कैराना व ऊन क्षेत्र के कुल 32 गांवों की चकबंदी की कृषि भूमि को वन विभाग की भूमि बताए जाने को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। गुरूवार को दर्जनों गांवों के किसानों ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान के नेतृत्व में डीएम से मुलाकात कर वन विभाग द्वारा जारी नोटिस को निरस्त कराने की मांग की है।

गुरूवार को कैराना तहसीन और ऊन तहसील में दर्जनों किसान, ग्रामीण शामली कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होने जमकर नारेबाजी की और ग्रामीणों की जमीन को वन विभाग पर जबरन कब्जाने का आरोप लगाया। किसानों के साथ पहुंचे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान ने ग्राम प्रधानों के साथ डीएम से मुलाकात की। उनका कहना है कि ग्राम पठेड़, बसेड़ा असरफपुर, बल्हेड़ा, सहपत रामड़ा सहित तहसील कैराना एवं ऊन के 32 गांवों का रकबा चकबंदी के अंतर्गत कास्त की भूमि है, जिस पर किसान पिछले लगभग 70 वर्षों से निरंतर खेती करते आ रहे हैं। उक्त भूमि पर अब तक वन विभाग का कोई हस्तक्षेप अथवा विवाद नहीं रहा है।

आरोप लगाया गया है कि वन विभाग द्वारा वर्ष 1955 के आंकड़ों का हवाला देते हुए उक्त भूमि को वन भूमि बताते हुए राजस्व विभाग से अपने अधीन कराने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि संबंधित किसानों के पास भूमि से जुड़े सभी वैध राजस्व अभिलेख एवं दस्तावेज मौजूद हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि वन विभाग द्वारा जारी नोटिस को खारिज कराया जाए, ताकि किसानों की वर्षों पुरानी खेती और आजीविका सुरक्षित रह सके। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि सुप्रींम कोर्ट द्वारा जारी आदेशा के बाद ही नोटिस दिया गया है। इसके लिए ग्रामीण, किसान कोर्ट को सहारा ले सकते है। वही मामले को लेकर किसानों में भारी चिंता का माहौल बना हुआ है और वे प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की अपेक्षा कर रहे हैं।इस अवसर पर प्रधान सुमित, वकील जंग, मुस्तकीम मल्लाह, हुकुम सिंह, विक्रम सिंह, रामकिशन, संदीप कुमार, जितेन्द्र, जितेन्द्र, राकेश, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।





# प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रहा सफल: घनश्याम दास गर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की जिला व नगर इकाई के पदा. धिकारीयों ने प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता मेंशामली के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर बैठक आयोजित कर दिनांक 14 दिसंबर रविवार को शामली के हनुमान टीला हनुमान धाम के महाराजा अग्रसेन बारात घर में नव निर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी के समारोह की सफलता के लिए शामली जिला व नगर इकाई के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारियों एवं पदाधिकारीयों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया इस अवसर पर बैठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि शामली जिला व नगर इकाई इस कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद, वबधाई की पात्र है क्योंकि किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए टीम भावना से कार्य करना महत्व रखता है।

शामली जिला व नगर इकाई की पूरी टीम ने कार्यक्रम संयोजक सूर्यवीर सिंह, नरेंद्र अग्रवाल रवि शंकर व अनुज गोयल तथा अन्य सभी पदाधिकारीयों ने एकजुटता दिखाते हुए टीम भावना से कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया इसके लिए शामली जिला व नागरी के सभी पदाधिकारी बधाई एवं साधुवाद के पात्र हैं प्रदेश के सभी 28 जिलों के व्यापारी भी साधुवाद के पात्र हैं कि उन्होंने इस ठंड के मौसम में कोहरा पडने के बावजूद कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की संख्या बल बढ़ाकर कार्यक्रम को सफल बनाया उन्होंने विशेष तौर से दिल्ली चांदनी चौक के सांसद माननीय प्रवीण खंडेलवाल जी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी गरिमामय उपस्थित से व्यापारियों का मनोबल बढ़ाया उधर विधायक शामली सदर प्रस्सन्न चौधरी जी व थाना भवन क्षेत्र के विधायक अशरफ अली खान व शामली नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर इस प्रदेश स्तर के कार्यक्रम को सफल बनाया बैठक में मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री ,सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष ,नरेंद्र अग्रवाल प्रदेश मंत्री, रवि संगल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महेश धीमान नगर महामंत्री, अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, राजेश सिंघल जिला महामंत्री, शिवांक गर्ग ऋषभ जैन आदि उपस्थित रहे।

# अलाव में भी घोटाला: बिना अलाव जले ही हाथ ताप रहे हैं आमजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मेन बस स्टैंड पर नगर पंचायत द्वारा सर्दी से बचाव के लिए जलाए जा रहे अलाव में भी उदासीनता और अनियमितता के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अधिक.ारी केवल दिखावे के लिए लकड़ी रखकर फोटो खिंचवा रहे हैं, जबकि उन्हें वास्तव में जलाया ही नहीं जा रहा है।



नगर पंचायत कर्मचारी बस स्टैंड पर लकड़ी का ढेर लगाकर उसकी तस्वीरें लेते हैं और अपनी रिपोर्ट में काम पूरा दिखा देते हैं। लेकिन उन लकड़ियों को आग नहीं लगाई जाती, जिससे ठंड में यहां रुकने वाले यात्री और आस-पास के लोग सर्दी से बचाव के लिए अलाव की गर्मी से वंचित रह जाते हैं।

इस घटना से कस्बे के लोगों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यह नगर पंचायत की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने और फाइलों में काम दिखाने की रवायत का एक और उदाहरण है। लोगों ने सर्दी में राहत के नाम पर हो रहे इस तरह के दिखावे की कड़ी निंदा की है।

स्थानीय नागरिकों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि नगर पंचायत में फल-फूल रहे भ्रष्टाचार और लापरवाही की तुरंत जांच की जाए। उनका आरोप है कि अलाव के लिए आवंटित धन का सही उपयोग नहीं हो रहा है और सिर्फ कागजी खानापूर्ति की जा रही है।

इस मामले पर नगर पंचायत के अधिकारियों की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर जनहित के कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आम जनता का सवाल है अगर सर्दी से राहत देने जैसे छोटे काम में भी धोखा है, तो बड़ी योजनाओं का क्या हाल होगा।

# साढ़े 10 लाख कीमत की स्मेक के साथ तस्कर गिरफ्तार एक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध शराब की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने साढ़े 10 लाख रूपए कीमत की स्मेक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं तस्कर का एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार इमरान पुत्र अहसान निवासी मोहल्ला शाहघासी दरवाजा झिंझाना को गोग.वान रजवाहे से ग्राम गौगवान की ओर करीब 150 मीटर दूरी पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 54।39 ग्राम स्मेक, एक मोबाइल फोन और 670 रूपए नकद बरामद किए गए। बरामद स्मेक की अनुमा.नित कीमत साढ़े 10 लाख रूपए बताई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बरेली के फतेहगंज निवासी आसिफ के यहां से स्मैक खरीद कर अपने फरार साथी साबिर के साथ कैराना झिंझाना क्षेत्र में बेचता था। पुलिस ने बताया कि जिस समय घेरा बंदी कर मुख्य आरोपी इमरान को पकड़ा गया तो इसका साथी साबिर चकमा देकर फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़े गए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा। गिरफ्तार करने वाली टीम में एस आई अनुज फोगाट हेड कांस्टेबल अमित सागवान कांस्टेबल शांतनु यादव शामिल रहे।






कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान तैनात पुलिसबल।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## नाबालिग के अपहरण मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, जेल रवाना

**कैराना।** अभियुक्त द्वारा नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर 15 दिसंबर को थाना कैराना में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह ने प्रभारी निरीक्षक कैराना को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में गुरुवार को संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस ने अपहरण की घटना में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से नाबालिग किशोरी को भी बरामद कर लिया है।गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना कैराना में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम सीमर पुत्र गय्यूर, निवासी मोहल्ला आलकलां पुलिस ने संबंधित धाराओं में उसे जेल भेज दिया है

# भाजपा सरकार के रवैये के खिलाफ धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार को जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष प्रदीप कश्यप के निर्देशन में कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम ने केंद्र की भाजपा सरकार पर कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्यवाही का आरोप लगाते हुए भाजपा जिला मुख्यालय का घेराव कर धरना दिया। यह कार्यक्रम जिला महासचिव सोशल मीडिया लोकेश एवं शहर अध्यक्ष इंतजार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। धरने को संबोधित करते हुए जिला महासचिव सोशल मीडिया लोकेश ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता किसी भी प्रकार से डरने या झुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनविरोधी मानसि.कता के तहत विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है, जिसका कांग्रेस पूरी मजबूती से मुकाबला करती रहेगी। शहर अध्यक्ष इंतजार ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सत्य के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। सत्य की ही जीत होती है और भाजपा की द्वेषपूर्ण कार्यवाही से कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामलाल कश्यप, शुभजीत कश्यप, प्रमोद कश्यप, रिजवान अहमद, विपिन, सुमित कश्यप, आसिफ, जितेंद्र चौधरी मौजूद रहे। कांग्रेस की भाजपा कार्यालय के घेराव को देखते हुए भाजपा कार्यालय पर पुलिस बल तैनात रहा।

## एक नजर

### साइबर ठगी के शिकार युवक को पुलिस ने दिलाए 10000 रूपए वापस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना** क्षेत्र में साइबर ठगी का शिकार हुए एक युवक को पुलिस की सक्रियता से पूरी धनराशि वापस मिल गई। फेसबुक पर सस्ते प्रिंटर का लालच देकर अज्ञात साइबर ठगों द्वारा ठगे गए 49,610 रूपए में से 10000 रूपए थाने की साइबर सेवा केन्द्र की मदद से पीड़ित के खाते में वापस कराए गए। गांव मछरौली निवासी रवि कुमार पुत्र बृजपाल ने फेसबुक पर चल रहे एक संदिग्ध विज्ञापन के माध्यम से सस्ता प्रिंटर खरीदने के लिए यूपीआई के जरिए 49,610 रूपए ट्रांसफर किए थे। भुगतान के बाद न तो उन्हें प्रिंटर मिला और न ही उनकी रकम वापस की गई। खुद को ठगा महसूस करते हुए पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद साइबर सेवा केन्द्र की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर ठगी की गई राशि को होल्ड कराया। इसके परिणामस्वरूप बृहस्पतिवार को पीड़ित को 10000 रूपए की धनराशि वापस दिला दी गई। राशि वापस मिलने पर पीड़ित रवि कुमार ने जनपद पुलिस साइबर सेवा केन्द्र टीम का आभार व्यक्त किया।

### नगर पंचायत द्वारा ठंड से राहत के लिए अलाव की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** शीतलहर और बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर पंचायत थाना भवन द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की जा रही है। नगर पंचायत की ओर से प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर लकड़ी उपलब्ध कराकर अलाव जलवाए जा रहे हैं, जिससे राहगीरों, मजदूरों और जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत मिल सके। नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि ठंड के मौसम में आमजन की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। साथ ही आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया।

# 50 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर समयदीन का एक साथी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना पुलिस ने 50 हजार रूपए के अन्तर्राज्ईय हिस्ट्रीशीटर बदमाश समयदीन उर्फ शामा मृत के एक सक्रिय साथी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 265 ग्राम,26।5 तोले,पीली धातु के आभूषण तथा 3 लाख 2 हजार 400 रूपए नगद बरामद किए हैं।



पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। विगत, 8/9 दिसंबर की रात्री थाना बाबरी व थानाभवन पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 50 हजार रूपए का इनामी अपराधी समयदीन उर्फ शामा पुत्र मेहरदीन निवासी मोहल्ला रायजादगान, थाना कांधला, जनपद शामली, हाल पता जनता कॉलोनी, उरुकेरे, जनपद तुमकुर, कर्नाटक, पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया था। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक बदमाश समयदीन उर्फ शामा के विरुद्ध डकैती, लूट और चोरी के 29 मुकदमे शामली व सहारनपुर जनपदों के अलावा कर्नाटक, तेलंगाना और जयपुर राजस्थान में पंजीकृत थे। वह एक शातिर और सक्रिय अन्तर्राज्ईय बदमाश था।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि समयदीन उर्फ शामा द्वारा तेलंगाना राज्य के जनपद नागरकुर्नूल के थाना कलवाकुर्ती क्षेत्र में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था।

इस संबंध में थाना कलवाकुर्ती पर मुकदमा संख्या 452/2025 धारा 331 (4)/305 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत है।थाना नभारी बांध की पुलिस टीम नभारी बांध की पुलिस टीम ने द्वारा उसके साथी की गिरफ्तारी के बाद चोरी की बड़ी बरामदगी हुई है। गुरुवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस ने किया एंबुलेंस सेवाओं का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के उच्च पदाधिकारी एवं क्षेत्र प्रभारी संदीप कुमार, मंडल प्रभारी जयविंद्र जसोया तथा जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल सहित जनपद में संचालित सभी एंबुलेंस सेवाओं 108 व 102 का औचक निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी एवं अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों को 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा की निशुल्क सुविधा के बारे में जागरूक किया गया।अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को जच्चा-बच्चा संबंधी मामलों में 102 एंबुलेंस सेवा तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में 108 एंबुलेंस सेवा के निशुल्क उपयोग की जानकारी दी गई। पूर्व में एंबुलेंस सेवा का लाभ ले चुकी कुछ गर्भवती महिलाओं से फीडबैक भी लिया गया, जो संतोषजनक पाया गया।शीत लहर एवं कोहरे के बढ़ते



प्रभाव को देखते हुए अधिकारियों ने सभी एंबुलेंस पायलटों से संवाद कर सुरक्षित एवं मध्यम गति से वाहन चलाने, हाई-ग्लो फोकस लाइट का प्रयोग करने तथा मरीजों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों को उत्तम कार्य गुणवत्ता, नियमित एंबुलेंस जांच, बेहतर रखरखाव, सभी आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, ड्रेस कोड का पालन, मरीजों से शालीन व्यवहार एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस सेवा प्रत्एक कर्मचारी में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# किसान से मारपीट कर बदमाशों ने सात हजार छीने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बदमाशों ने एक किसान से मारपीट कर उसे तमंचा दिखाकर सात हजार रुपए छीन लिए। इसके बाद बदमाश किसान कें ट्रैक्टर में तोड़फोड़ करते हुए उसको डरा धमका कर मौके से फरार हो गए।

नांगल थाना क्षेत्र के जालपुर निवासी किसान जोगेंद्र सिंह ने अपने खेत पर सुल्तान नामक ट्रैक्टर चालक से मिल की मैली मंगाई थी। बीती रात करीब 9 बजे किसान जोगेंद्र सिंह मैली का भुगतान करने के लिये अपने खेत पर गया था। इसी दौरान पांच-छः बदमाश हाथ में तमंचा लेकर खेत पर पहुंच गए। सभी ने मारपीट करते हुए तमंचे का भय दिखाकर किसान की जेब में रखे सात हजार रुपए लूट और फोन छीनने का प्रयास किया, जिससे वह टूट गया। फोन को छोड़कर सभी बदमाश मौके

### मामला रास्ते का विवाद : थाना प्रभारी

से फरार हो गए। किसान ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची। पीड़ित किसान से पूछताछ कर वापस लौट आयी। इस मामले में पीड़ित किसान ने बताया कि पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया। आज सुबह पीड़ित किसान ने नांगल पुलिस को एक बदमाश के नामजद सहित कई के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

इस मामले में थाना प्रभारी सतेंद्र मलिक नें बताया कि मामला रास्ते के विवाद का था, लूट नहीं हुई है। सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** गुरुवार को मिशन शक्ति फेस.5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति, एंटी रोमियो टीम व साइबर क्राइम टीम द्वारा लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज वह लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज स्कूलो में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं, बालकों एवं अध्यापिकाओं को नए आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति संवेदनशील बनाना रहा।कार्यक्रम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल नीतू तथा मोबाइल चालक हेड कांस्टेबल राहुल तोमर ने सहभागिता की। टीम ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को हृदंड से न्याय की ओरह्न विषय के अंतर्गत नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी और बताया कि इन कानूनों से महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे होगा। इस दौरान साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध तथा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने तथा कानून का सही उपयोग करने के बारे में जागरूक किया गया। टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 108 (एंबुलेंस सेवा) शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना आदि के बारे में भी जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने सभी से कानून के प्रति जागरूक रहने, महिलाओं व बालिकाओं के सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करने की अपील की।

# ऑपरेशन सवेरा के तहत कैराना में नशा-मुक्ति का संदेश, स्कूल व गांव में जागरूकता कार्यक्रम

**कैराना।** ऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय बीनडा एवं ग्राम बीनडा में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा-मुक्त जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा।

पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में कैराना पुलिस ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, साथ ही शिक्षा, परिवार और सामा.जिक जीवन पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पुलिस ने छात्र-छात्राओं, महिलाओं, युवाओं



और ग्रामीण नागरिकों से नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा व खेल गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों, युवाओं को नशे की लत से बचाने के उपायों, नशा तस्करी व अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई, नशा छोड़ने के लिए परामर्श व उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई, जिसमें सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखने का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ और ग्रामीणों ने सहयोग किया। अंत में सभी छात्र-छात्राओं व ग्रामीण नागरिकों ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# मुस्लिम फंड ने गरीबों को बांटे कंबल

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर की ब्रांच चांदपुर में गरीब परिवारों को सर्दी से बचाने का एक छोटा सा प्रयास करते हुए सैकड़ों कंबल बांटे गए।

इस अवसर पर मुस्लिम फंड बसी किरतपुर से पधारे मुंशी हसीनुद्दीन ने कहा कि जनपद भर में हमारी लगभग 10 ब्रांच हैं, जो समय-समय पर गरीब पारिवारों की विभिन्न प्रकार से मदद करती चली आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारी ब्रांच समय-समय पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से भी गरीब परिवारों का इलाज करती चली आ रही हैं। आज का कंबल वितरण भी इसी मदद का एक अंश है। गरीब बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता उपलब्ध करा कर मदद करती रही है। जनरल मैनेजर शेख अकीलउद्दीन ने कहा कि मुस्लिम फंड बसी किरतपुर हमेशा ही गरीब परिवार की मदद करता रहा है। समय-समय पर गरीब परिवारों की विभिन्न प्रकार से मदद करने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं।

# विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रपति भवन का भ्रमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक टूर पर दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंच भवन की ऐतिहासिक वास्तुकला, संग्रहालय, उद्यान तथा प्रशासनिक महत्व की जानकारी हासिल की।

स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन साद फैजान सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति भवन केवल भारत के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास नहीं है, बल्कि यह देश की लोकतांत्रिक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक भी है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पर गए बच्चों को प्रशिक्षित गाइड्स के माध्यम से राष्ट्रपति भवन के निर्माण, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वहां होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। स्कूल के को-चेयरमैन अहमद सिद्दीकी ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों में राष्ट्रीय चेतना, नागरिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक और जीवनोपयोगी सीख प्रदान करते हैं। इसलिए समय-समय पर भारत के इतिहासिक स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण छात्र-छात्राओं के लिए होना चाहिए।



# नि:शुल्क चिकित्सा शविर का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सकों ने रोगियों का चिकित्सीय परीक्षण कर उन्हें औषधी देने के साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई।

हाशिमपुरा गांव में आयोजित जामिया तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान अब्दुल सत्तार व अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. अहतेशामुल हक सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में डा. गुल अफशा फातिमा, डा. अफीफा नाज, डा. महमूद, डा. मुजम्मिल ने विभिन्न रोगों से ग्रस्त मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवाइयां दी। साथ ही कुछ मरीजों की फिजियोथेरेपी भी की गई।



साथ ही सर्दी के मौसम में होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाए सुझाए गए। गुल मौहम्मद, मोहम्मद अय्यूब, जो. गिंदर, नवेदुल आफाक, आसिफ , इस्लाम, रूक्शा खानम, शबनम हसन, मनोज कुमार, मधु, राधा रानी, फरहा, शिबली इकबाल आदि शामिल रहे।

## वांछित वारंटी को भेजा जेल

**देवबन्द।** वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक यूवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

उच्चाधिकारियों के आदेश पर वांछितो की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने गुरुवार को एनआई एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत विरुद्ध गांव राजूपुर निवासी मो. इकबाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# कोतवाल ने चलाया अभियान, पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था का लिया जायजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कोतवाल अमरपाल शर्मा ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही सड़क के दोनो ओर किये गए अतिक्रमण को हटाने के कड़े निर्देश देने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के लिए वाहन चालकों को निर्देश दिए।

खानकाह चौकी क्षेत्र में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमर पाल शर्मा ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था का जायजा लिया गश्त के दौरान सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई और उन्हें तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।



इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को रोका गया और उन्हें नियमों के प्रति जागरूक करते हुए भविष्य में उल्लंघन न करने की हिदायत दी गई। थाना प्रभारी अमर पाल शर्मा ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, सुगम यातायात और आमजन की सुरक्षा के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# ग्रामिणों ने नाला निर्माण में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए जाने के साथ ही नाला निर्माण में भ्रष्टाचार व्याप्त होने का आरोप लगाते हुए जांच कराकर उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इस बाबत एक ग्रामीण की वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है।

रणखंडी के ग्रामीण सत्य राणा द्वारा जारी की गई वीडियो में सत्य कहते दिख रहे है कि गांव के गुलाल पट्टी मुहल्ले में नाला निर्माण हुआ था। नाला निर्माण के बाद जो पट्टि लगाई गई है, उसमें जहां तक नाला निर्माण दर्शाया गया है, उसी लंबाई करीब 700 मीटर बैठती है जबकि नाले का निर्माण लगभग 100 मीटर ही कराया गया है। उक्त नाला निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है। राज्य एवं केंद्रीय वित्त योजनांतर्गत हुए नाला निर्माण का ग्राम प्रधान को संज्ञान लेना चाहिए। वहीं, घलौली गांव निवासी एवं भाजपा के जिला मंत्री पंकज त्यागी ने सत्य राणा द्वारा बनाई गई इस वीडियो को अपने एक्स एकाउंट पर डालते हुए मुख्यमंत्री और डीएम सहारनपुर को टेग किया है और कार्रवाई की मांग की है। मामले में रणखंडी के प्रधान पति प्रमोद राणा का कहना है कि पारित एस्टीमेट के हिसाब से नाले का निर्माण पूर्णतया किया गया है। बताया कि गांव में होने वाले विकास कार्य प्रधान के जरिये ही हो रहे है फिर भले ही उसका पैसा किसी भी मद से आया हो।

# विशालकाय अजगर पकड़ा

**शेरकोट।** खो बैराज के पास अजगर सांप दिखाई देने से लोग भयभीत थे। सांप को देखने के लिए लगातार लोगों की भीड़ बढ़ रही थी। किसी अनहोनी के डर से पुलिस को कई बार भीड़ को तितर बितर करना पड़ा था। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने अनहोनी के डर से वन विभाग टीम को उक्त सांप के बारे में जानकारी दी थी। वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाकर उसे दो बार पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिल पायी थी। आज वन क्षेत्र अधिकारी शशांक गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगर सांप को पकड़ लिया। शशांक गुप्ता ने बताया कि पकड़ गया असगर सांप लगभग बारह फिट लंबा तथा पचास किलोग्राम से अधिक वजन का है। अजगर को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है। इस अभियान में वन रक्षक विपिन कुमार, चौकीदार तथा एनजीओ इंचार्ज भास्कर मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया गया। क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की टीम की सराहना की।



# कुत्तों का मासूम पर जानलेवा हमला

## राहगीरों ने बामुश्किल बचाया, हायर सेंटर किया रैफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र में आवारा कुत्तों का दिन प्रतिदिन आतंक बढ़ता ही जा रहा है।

नगर से सटे ग्राम झाड़पुरा निवासी छह वर्षीय बालक कार्तिक पुत्र लौकमन को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। बालक कार्तिक अपने दादा छत्रपाल सिंह के साथ खेत से अपने घर की ओर वापस आ रहा था। इसी दौरान गांव के रास्ते में खड़े आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बालक पर हमला कर दिया। अपने पोते की चीख पुकार की आवाज सुनकर दौड़े दादा छत्रपाल सिंह ने पोते को बचाने का प्रयास किया लेकिन कुत्तों के झुंड के आगे दादा हिम्मत हार गए। राहगीरों ने बालक को कुत्तों के झुंड से बचाया, तब तक कुत्तों के झुंड ने कार्तिक के ऊपर हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया।



परिजनों ने बालक कार्तिक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां डॉ. मोहित व फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल बालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सक ने बताया कि कुत्तों ने बालक को जख्मी कर दिया था।

गौरतलब है कि ब्लॉक अफजलगढ़ क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन कुत्तों के हमलों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। गत 16 दिसंबर को मौहल्ला बेगम सराय निवासी दिलशाद अंसारी की 6 वर्षीय पुत्री हुमेरा को कुत्तों के झुंड ने उस समय हमला कर घायल कर दिया था, जब वह घर के बाहर खेल रही थी। इससे पूर्व गत छह जून को नगर की फैजी कालोनी निवासी पांच वर्षीय मासूम बालिका यास्मीन को कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था तथा बीते 24 जुलाई को सलावत नगर (भागीजोत) निवासी एक बुजुर्ग किसान महिला को धान की कटाई करते हुए आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।

सीएचसी अफजलगढ़ व पीएचसी कासमपुर गढ़ी के आंकड़ों की मानें तो सन् 2025 में ब्लॉक क्षेत्र में लगभग तीन सौ पुरुष, महिलाओं व बच्चों पर हमला कर घायल कर दिया। आवारा कुत्तों ने हमला कर तीन बालकों, एक महिला सहित चार को मौत के घाट उतार दिया। अफजलगढ़, रसूलपुर आबाद, सूआवाला, कादराबाद, रेहड़, मानियावाला, सीरवासुचन्द, कासमपुर गढ़ी आदि दर्जनों गांव में कुत्तों के हमले जारी है। उधर प्रशास. निक अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। नगर व ग्राम वासियो ने डीएम जसजीत कौर से आवारा कुत्तों के झुंड को पकड़वाकर निजात दिलाने की मांग की है।

# महिलाओं-बालिकाओं को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** स्थानीय मौहल्ला पाई बाग में आज पुलिस ने 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उप निरीक्षक सुभाष राणा, महिला हेड कांस्टेबल निर्वशी, महिला कांस्टेबल अनीता और कोबरा टीम मौजूद रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। पुलिस टीम ने विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन-1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930 जैसे आपातकालीन नंबरों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान पैम्फलेट भी वितरित किए गए और नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबरों की जानकारी दी गई।

# खो नदी किनारे बेसुध मिला नशेड़ी

**शेरकोट।** खो नदी के किनारे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक व्यक्ति को नशे की हालत में बेसुध पड़ा देख स्थानीय लोगों ने उसे मृत समझ लिया। देखते ही देखते यह खबर क्षेत्र में फैल गई और खो बैराज पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को उठाने का प्रयास किया तो व्यक्ति भाग खड़ा हुआ। उसके भागते ही कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली कि कोई अनहोनी नहीं हुई। वहीं पुलिस ने भी स्थिति को सामान्य बताया और लोगों से अपील की कि ऐसी किसी भी घटना में बिना पूरी जानकारी के अफवाह न फैलाएं। पुलिस का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति इस तरह बेसुध अवस्था में मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# संदेशों का होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 और शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संस्था प्रवाह एनजीओ के बीच आपसी सहयोग (अनुबंध) संपन्न हुआ है। इस अनुबंध के अंतर्गत दोनों संस्थाएं स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को मिलकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। प्रवाह एनजीओ के प्रबंध निदेशक गगन दीप उपाध्याय ने बताया कि प्रवाह एनजीओ पूर्व से ही सामाजिक क्षेत्र में अनेक गतिविधियों का संचालन करता आ रहा है। संस्था समाज के प्रति समर्पण भाव से शिक्षा जागरूकता, स्वास्थ्य शि. विर, स्वच्छता अभियान एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्य निरंतर करती रही है। रेडियो संदेश 89.6 एफएम के साथ हुए इस अनुबंध से सामाजिक संदेशों को व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार मिलेगा। रेडियो के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा का महत्व, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संदेश तथा जनहित से जुड़े कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 एवं प्रवाह एनजीओ के बीच हुआ आपसी अनुबंध पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रेडियो संदेश टीम से डॉ. अजय कुमार, सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी तथा डॉ. शबनम कुरैशी, संग्राम सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सफाईकर्मियों को गर्म कपड़े वितरित

**अफजलगढ़।** नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई कर्मियों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े वितरित किए गए। पालिका मीटिंग हॉल में एक कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी एस.पी. सिंह एवं चेयरपर्सन पति जावेद विकार की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस दौरान पुरुष सफाई कर्मियों को ट्रैकसूट तथा महिला सफाई कर्मियों को गर्म कपड़े भेंट किए गए। गर्म कपड़े पाकर सफाई कर्मियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अधिशासी अधिकारी एस.पी. सिंह ने कहा कि सफाई सेवक नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत कर्मचारियों से और बेहतर ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही कस्बावासियों से नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि नगर में जगह-जगह कूड़ेदान लगाए जा रहे हैं। नागरिक कचरा कूड़ेदानों में ही डालें और इधर-उधर न फेंकें, जिससे स्वच्छ बना रह सके। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में सफाई कर्मियों को राहत देने के उद्देश्य से गर्म कपड़ों का वितरण किया गया है। इस मौके पर लेखाकार संजीव अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, रोहिताश पवार, अमर पवार, रंजीत, दिनेश कुमार, मनोज पवार, राजीव, कमल, जगपाल, विमला देवी, सुमन देवी, रीता, प्रीति, नीतू आदि पालिका कर्मचारी व सफाईकर्मी मौजूद रहे है।

# भाकियू प्रधान की मासिक बैठक

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) की मासिक बैठक में संगठन विस्तार के साथ-साथ किसान एवं मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर मंथन किया गया। बैठक में प्रशासन की लापरवाही और किसानों की उपेक्षा को लेकर तीखी नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक के दौरान मुख्य छ: मुद्दों में अनैतिक रूप से संचालित तथा अनैतिक कार्य में संलिप्त राजन व अन्य होटलों पर प्रतिबंध, तहसील कर्मचारी द्वारा शिकायत करने पर फोन नहीं उठाना, दिन और रात के अंधेरे में ओवरलोडिंग, , राशन वितरण में गड़बड़ियों का निस्तारण।

ग्राम अकबरपुर आमला में चक रोड मार्ग पर मनरेगा द्वारा कार्य किया जाए जिससे गन्ना ढलान की समस्या न हो। इसी क्रम में किसान नेताओं ने अवैध रूप से संचालित होटलों और अवैध धंधों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह व संचालन जिला व्यापार अध्यक्ष रामोद कुमार ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष नीरज, रहीसुद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) मौहम्मद सरफराज अहमद, कुलदीप, राजेंद्र सिंह, जिला मंत्री शकील, मौहम्मद कामिल, जॉनी, बृजेश पाल, जिला प्रभारी शमशाद गुज्जर आमिल तथा प्रदेश सचिव डॉ. आकिल गुड्डू, रफीक, शमीम, विशाल चौधरी, मौहम्मद सोहेल, कुलदीप, सुनील कुमार, अभिषेक, रिंकू, पंकज, वीर सिंह, सुभाष, धूम सिंह, विपिन, सद्दाम, कैलाश, आदिल, सिकंदर, आतिफ़ उबेद, सलमान, जोगेंद्र चौधरी, युवा तहसील अध्यक्ष मुकुल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** सिमराह इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में छात्र-छात्राओं को नियम, प्रतिज्ञा एवं जांच की जानक. ारी, अतिथि सत्कार, गांठ बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, भाईचारा, देश सेवा भावना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में कक्षा 5 से कक्षा 12 तक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा समस्त नियमों का पालन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शिविर संचालकगण विवेक भार्गव, परमजीत कौर एवं परमजीत चौधरी ने छात्र-छात्राओं को 18 टोली बनाकर स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत अनुशासन में रहकर नियमों का पालन करते हुए अपने आप को हर क्षेत्र प्रतिभाशाली बनाने का प्रशिक्षण दिया। टोली नंबर 1 ने प्रथम, टोली नंबर 8 एवं 9 ने द्वितीय तथा टोली नंबर 18 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




## प्रमाण पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रबंधिका श्रीमती हिना कमाल व प्रधानाचार्य मंसूर खान ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास तथा देश प्रेम की भावना को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू कुमार, पल्लवी, रोहित गुप्ता, कोपल शर्मा, लक्षी चौहान, इकरा, सबीहा, अनस व समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# विद्यार्थियों का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहा. सिक ज्ञान को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक भव्य शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान ने हरी झण्डी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने मथुरा, वृंदावन, फतेहपुर सीकरी एवं आगरा के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान मथुरा एवं वृंदावन में विद्यार्थियों ने निधिवन, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारकाधीश मंदिर, रंगनाथ जी मंदिर, बाँके बिहारी मंदिर, यमुना घाट एवं प्रेम मंदिर जैसे पवित्र एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपरा को निकट से समझा। इन स्थलों ने विद्यार्थियों को आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों से भी परिचित कराया। इसके उपरांत आगरा में विद्यार्थियों ने विश्वविख्यात ताजमहल, आगरा का लाल किला एवं फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा एवं जोधा बाई का किला जैसे ऐतिहासिक धरोहर स्थलों का भ्रमण किया, जहां उन्हें मुगलकालीन स्थापत्य कला, इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत की गहन जानकारी प्राप्त हुई।



इस सफल भ्रमण में कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं प्रवक्तागण डॉ. एम.ए. खान, शिव कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, मीनू कोठारी एवं खुशबू रानी का विशेष योगदान रहा। सभी शिक्षकों ने पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन, सुरक्षा एवं शैक्षणिक उद्देश्यों का विशेष ध्यान रखा।

कालेज प्रबंधन एवं शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धाक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय सिद्ध हुआ। छात्रों ने इस अवसर के लिए महाविद्यालय प्रशासन एवं सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जागरूक

**चांदपुर।** मिशन शक्ति अभियानअंतर्गत ग्राम सेह में महिला आरक्षी धीरु देवी व शिवानी के द्वारा महिलाओं एवं ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। उन्हें महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकाल. ीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़, गुड टच बैड टच व साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया। यातायात संबंधी जानकारी भी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं से उनकी समस्याएं पूछी गई।

# अज्ञात वाहन ने पोल को टक्कर मारी

**नजीबाबाद।** बुंदकी मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने देर रात सड़क किनारे खड़े एक विद्युत पोल को टक्कर मार दी। इस घटना से पोल क्षतिग्रस्त हो गया और ग्राम पंचायत जालबपुर गुदढ की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। यह घटना सुभाषनगर के निकट हुई। वाहन ने रात के अंधेरे में पोल को नुकसान पहुंचाया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त विद्युत खंभे के पास कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सका। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने क्षतिग्रस्त पोल को हटाकर नया विद्युत पोल स्थापित किया और बिजली आपूर्ति को सुचारू रूप से बहाल कर दिया।

# किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**नजीबाबाद।** तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन प्रधान की मासिक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक दोपहर 12 बजे हुई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में किसानों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। इनमें किसानों की जमीन की फरद (खतौनी) से जुड़ी समस्याएं, राशन कार्ड न बनने की शिकायतें और आवारा पशुओं द्वारा फसलों को पहुंचाए जा रहे नुकसान पर रोक लगाने की मांग प्रमुख थी। इसके अतिरिक्त, फसलों के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता और वन विभाग से संबंधित परेशानियों पर भी चर्चा की गई। बैठक का आयोजन भारतीय किसान यूनियन प्रधान के व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष रमोद कुमार के नेतृत्व में किया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे बैंक बचत खाता नं0 32654197755 में मेरा नाम SUMAYYA W/o AKBAR अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम SUMAYYA USMANI W/o AKBAR USMANI अंकित है, ये दोनों मेरे ही नाम हैं। मैं इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

SUMAYYA USMANI W/o AKBAR USMANI
निवासी: 679 मौहल्ला खानकाह देवबंद तहसील देवबंद जिला सहारनपुर।

# सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत

**अमदाबाद में बुमराह की होगी वापसी, संजू का खेलना तय, सीरीज का आखिरी मैच आज**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को पांच मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा।

भारतीय टीम इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। भारत के पास वनडे के बाद टी-20 सीरीज जीतने का भी अच्छा अवसर है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द हो गया था। यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस सीरीज को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फार्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी-20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए। दूसरी तरफ, उपकप्तान शुभमन गिल पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों आलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं, जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि बुमराह की वापसी के बाद हर्षित को प्लेइंग-11 में मौका मिलता है या नहीं। अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के लिए चुनौती पेश करेगी। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है। भारत- अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

दक्षिण अफ्रीका- रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डिकाक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, मिलर, डोनोवान फेरेरा, जार्ज लिंडे, यानसेन, कार्बिन बाश, लुंगी एनगिडी, ओटेनील बार्टमैन।

## शुभमन गिल चोटिल हुए या दिया गया आराम

**टीम के उपकप्तान गिल के बाहर होने पर फैंस ने दी प्रतिक्रिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मैच से बाहर रहने पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। गिल इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। गिल पैर की अंगुली में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के शेष दो मैचों से बाहर हो गए हैं। समझा जाता है कि गिल को ये चोट ट्रेनिंग सत्र के दौरान लगी थी। हालांकि, गिल के बाहर होने पर फैंस सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और इन्होंने सवाल उठाए हैं कि क्या वाकई गिल चोटिल हुए हैं या उन्हें ड्रॉप किया गया है। गिल को इससे पहले टेस्ट सीरीज के दौरान गर्दन में चोट लगी थी और उन्होंने टी-20 सीरीज से मैदान पर वापसी की थी। गिल को कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी जिसके बाद उन्हें कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गिल इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी नहीं खेले थे। टी-20 सीरीज के लिए गिल को टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था।

## भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 260 सैंपल पॉजिटिव

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2024 में लगातार तीसरी बार डोपिंग मामलों में दुनिया में पहले नंबर पर रहा। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के 260 सैंपल डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए, जो किसी भी देश से सबसे ज्यादा है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है, जब भारत 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलिंपिक की मेजबानी के लिए भी दावेदारी पेश कर चुका है। इसी साल जुलाई में जब भारतीय प्रतिनिधिमंडल लाजेन गया था, तब इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (ओआईसी) ने भारत में डोपिंग की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई थी। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने 2024 में कुल 7,113 डोपिंग टेस्ट किए। इनमें 6,576 यूरिन और 537 ब्लड सैंपल शामिल थे। इन

- **जिन देशों में 5000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे पॉजिटिविटी रेट है**

टेस्ट में 260 मामले पाजिटिव निकले, यानी डोपिंग की दर 3.6प्रतिशत रही। जिन देशों में 5,000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे ज्यादा पॉजिटिविटी रेट है। नाडा नाडा का कहना है कि डोपिंग के ज्यादा मामले सामने आना खिलाड़ियों में डोपिंग बढ़ने की वजह से नहीं, बल्कि सख्त जांच और बेहतर टेस्टिंग सिस्टम के कारण है। नाडा के मुताबिक, पहली नजर में ये आंकड़े चिंताजनक लग सकते हैं, लेकिन असल में ये भारत के मजबूत एंटी-डोपिंग प्रयासों और ज्यादा टेस्टिंग का नतीजा हैं। नाडा ने बताया कि 2023 में कुल 5,606 सैंपल की जांच की गई थी, जिनमें 213 केस पॉजिटिव पाए गए। वहीं 2025 में अब तक 7,068 टेस्ट किए जा चुके हैं, लेकिन पॉजिटिविटी रेट घटकर सिर्फ 1.5प्रतिशत रह गया है और 110 मामले ही सामने आए हैं। इससे साफ है कि टेस्टिंग बढ़ने के साथ डोपिंग पर नियंत्रण भी हुआ है। डोपिंग रोकने के प्रयास जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय खेलों में कुछ गहरी समस्याएं हैं। इनमें वैज्ञानिक रिसर्च की कमी और कोच, डाक्टर व फिजियोथेरेपिस्ट को दवाओं और सप्लीमेंट्स की सही जानकारी न होना शामिल है। इससे डोपिंग के मामले सामने आते हैं। डोपिंग रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने नया एंटी-डोपिंग पैनल बनाया है और सरकार ने नेशनल एंटी-डोपिंग बिल पास किया है। नाडा ने 2024 में 280 जागरूकता वर्कशाप कराईं, जिनमें करीब 37 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 'नो योर मेडिसिन' ऐप पर अब तक 2.4 लाख बार सर्च किए जा चुके हैं।

**खेल विशेष**

## मैच रद्द होने पर शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा

**नई दिल्ली।** भारत-साउथ अफ्रीका मैच कोहरे के कारण रद्द होने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा है। मुकाबला 17 दिसम्बर को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होना था, लेकिन घने कोहरे की वजह से टास भी नहीं हो सका। वहीं, थरूर के अलावा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सरकार को घेरा है। थरूर ने लखनऊ में वायु गुणवत्ता की आलोचना की है और ऐसी परिस्थिति में इंटरनेशनल मुकाबले की मेजबानी सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट फैन लखनऊ में इंडिया और साउथ अफ्रीका मैच शुरू होने का व्यर्थ ही इंतजार कर रहे हैं। उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में घने कोहरे और 411 एक्यूआई के कारण विजिबिलिटी इतनी खराब है कि क्रिकेट मैच संभव नहीं है। उन्हें बीसीसीआई यह मैच तिरुवनंतपुरम में आयोजित करना चाहिए था, जहां एक्यूआई लगभग 68 है। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में होने वाला इंटरनेशनल क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है। दरअसल इसकी वजह कोहरा या फाग नहीं, स्माग है। हमने जो पार्क लखनऊ की शुद्ध हवा के लिए बनवाए थे, भाजपा सरकार वहां भी इवेंटबाजी करवाकर उन्हें बर्बाद करना चाहती है। भाजपाई न इंसान के सगे हैं, न पर्यावरण के। मुंह ढक लीजिए कि आप लखनऊ में हैं। दर्शक बोला कि दिन बोरा गेहूं बेचकर मैच देखने आए मैच के रद्द होने से दर्शकों में काफी नाराजगी और आक्रोश है। उन्होंने पैसा वापस करने की मांग की। एक दर्शक ने बताया कि हम तीन बोरे गेहूं बेचकर मैच देखने आए हैं, हमार टिकट का पैसा वापस करो। कई अन्य दर्शकों ने भी इसी प्रकार की मांग रखी।

## विश्वनाथ आनंद बने द हॉस्टल कंपनी के ब्रांड एंबेसडर



**विश्वनाथन आनंद को देश के सबसे बड़े बैकपैकर हॉस्टल बुकिंग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के पहले शतरंज ग्रैंडमास्टर और पूर्व विश्व के नंबर वन खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को देश के सबसे बड़े बैकपैकर हॉस्टल बुकिंग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

इस अवसर पर द हॉस्टल कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी पलाश गोयल ने कहा कि विशी सर शायद हमारे मुख्य कस्टमर न हों, लेकिन वह आधुनिक भारतीय मिलेनियल का प्रतिनिधित्व करते हैं - फोकस्ड, टैलेंटेड, और फिर भी बाहर निकलने, मजे करने और घूमने से नहीं डरते। इस साझेदारी के जरिए, हमारा मकसद भारत के बैकपैकर हॉस्टल्स में विश्वास और जागरूकता लाना है, एक ऐसा क्षेत्र जिस पर पारंपरिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा है। वहीं विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यात्रा ने शतरंज के बोर्ड पर और उससे बाहर भी मेरे नजरिए को व्यापक बनाया है। मैं द हॉस्टल कंपनी के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हूं, एक ऐसा ब्रांड जो पूरे भारत में यात्रा को सुरक्षित, किफायती और अनुभवों से भरपूर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोवा, ऋषिकेश, कसोल और वर्कला जैसे जगहों पर 200 से अधिक वेरिफाइड बैकपैकर हॉस्टल्स के साथ, द हॉस्टल कंपनी 250 रुपये से शुरू की थी।

## अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

- **फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब व 22 टूर्नामेंट जीते**

**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नए साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नए कोच होंगे। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया कि हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं और मुझे लगता है कि अगर हमारे खेल के रास्ते अलग होने हैं, तो यह तब होना चाहिए जब हम सबसे ऊंचे मुकाम पर हों। वह मुकाम जिसके



लिए हमने हमेशा प्रयास किया और हमेशा वहां पहुंचने की उम्मीद की।


## पाक ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने अगले वर्ष 15 जनवरी से छह फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्वकप और जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए उन्नीस साल के मध्यक्रम के बल्लेबाज फरहान यूसुफ की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। आईसीसी के अनुसार, पाकिस्तान अंडर-19 टीम अभी दुबई में एसीसी अंडर19 एशिया कप में खेल रही है, जहां ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने के बाद शुक्रवार को सेमीफाइनल में बंगलादेश से भिड़ेगी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट का फाइनल 21 दिसम्बर को होगा।

## वेस्टइंडीज ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम की घोषणा की

**एंटीगुआ, वार्ता।** विंडीज ने सलामी बल्लेबाज जोशुआ की अगुवाई में अगले वर्ष जिम्बाब्वे व नामीबिया में होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। डोर्न ने पिछले वर्ष ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। जोनाथन को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी शामिल हैं। आईसीसी के अनुसार, 15 सदस्यीय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 2025 के क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं और अंतर्राष्ट्रीय तैयारी सीरीज के दौरान प्रभावित किया।

## पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में फ्लेमेंगो को हराकर जीता फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब



**दोहा, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने फ्लेमेंगो को शूटआउट में हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब अपने नाम किया। यह पीएसजी की इस वर्ष की छठी ट्रॉफी है। अल रेयान में अहमद बिन अली स्टेडियम में बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पेरिस सेंट-जर्मेन ने फ्लेमेंगो के साथ हुए मुकाबले में अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद शुरू हुए पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी ने फ्लेमेंगो को 2-1 से हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीत लिया। यह इस साल उनकी छठी बड़ी ट्रॉफी जीती। इससे पहले उन्होंने लीग 1, कूप डी फ्रांस, ट्रॉफी डेस चैंपियंस, यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप के खिताब जीते है। पीएसजी के लिए पहला गोल खिचा क्वारत्सखेलिया ने 38वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ब्रेक के बाद फ्लेमेंगो ने जवाबी हमला करते हुए, जोर्जिन्हो ने 62वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियंस को बराबरी पर ला दिया। इस दौरान दोनों ने मौके बनाए लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। पीएसजी सामान्य समय के आखिर में गोल के करीब पहुंचा, लेकिन फ्लेमेंगो के गोलकीपर ऑगस्टिन रॉसी ने उन्हें रोक दिया।

## ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने मैच में पकड़ बनाई

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क (54) और स्कॉट बोलैंड (नाबाद 14) की जुझारू पारी के दम पर तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को 371 को स्कोर बनाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के 213 के स्कोर पर आठ विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। इंग्लैंड अभी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 158 रन पीछे है और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ्रा आर्चर (नाबाद 30) संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए क्रीज पर टिके हुए हैं। यहां ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ विकेट पर 326 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने नौवां विकेट 348 के स्कोर पर मिचेल स्टार्क (54) के रूप में गिरा।

92वें ओवर की पहली गेंद पर जोफ्रा आर्चर ने नेथन लायन (नौ) को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 371 के स्कोर पर अंत कर दिया। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने पांच विकेट लिए। ब्राइडन कार्स और विल जैक्स को दो-दो विकेट मिले। जोश टंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 71 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। जैक क्रॉली (नौ), ऑली पोप (तीन), बेन डकेट (29) और जो रूट (19) रन बनाकर आउट हुए। हैरी ब्रूक और कप्तान बेन स्टोक्स ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 37वें ओवर में कैमरून ग्रीन ने अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे हैरी ब्रूक का शिकार कर लिया। हैरी ब्रूक ने 63 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। जेमी स्मिथ (22), विल जैक्स (छह) और ब्राइडन कार्स बिना खाता खेले ही पेवेलियन लौट गए। 168 पर आठ विकेट गिरने के संकट के समय बल्लेबाजी करने आए जोफ्रा आर्चर ने स्टोक्स के साथ मोर्चा संभाला। बेन स्टोक्स ने बहादुरी से मुकाबला किया, 151 गेंदों का सामना किया और चार घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रन बनाए, लेकिन कप्तान को मैदान पर ज्यादा साथ नहीं मिला। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 213 रन बना लिए हैं और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ्रा आर्चर (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद है। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस ने तीन विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड और नेथन लॉयन को दो-दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। मैच के दौरान स्निको को लेकर भी काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी को लेकर अपनी निराशा साफ कर दी। इंग्लैंड क्रिस गैफनी, तीसरे अंपायर, से नाराज थे, जिन्होंने पहले दिन एलेक्स कैरी के आउट न होने के विवाद के बाद, रियल-टाइम स्निकोमीटर के सबूत के आधार पर जेमी स्मिथ को कमिंस की गेंद पर कैच आउट दिया था। स्मिथ कुछ देर पहले ही अजीब हालात में आउट होने से बचे थे, गैफनी ने फैसला किया था कि गेंद उनके हेलमेट से लगी थी, जबकि टीवी तस्वीरों से लग रहा था कि गेंद ग्लव्स से लगी थी, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया ने तर्क दिया था (हालांकि गेंद स्लिप पर उस्मान ख्वाजा तक पहुंची थी या नहीं, यह एक अलग मामला था)।



- **मैच के दौरान स्निको को लेकर काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी लेकर अपनी निराशा साफ कर दी**

## टॉम लेथम और कॉन्वे के शतक, न्यूजीलैंड 334/1

- **कप्तान टॉम लेथम ने 137 और कॉन्वे ने नाबाद 178 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान टॉम लेथम (137) और डेवन कॉन्वे (नाबाद 178) की शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय एक विकेट पर 334 का स्कोर खड़ाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं।

यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने सावधानी से शुरुआत की और पहले आठ ओवर में सिर्फ 11 रन बनाए। हवा और पिच दोनों से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी। लंच ब्रेक के बाद दोनों ने अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे किए। लगभग 20 मिनट तक बारिश की वजह से खेल रुका रहा, लेकिन इससे न्यूजीलैंड की लय नहीं टूटी। कॉन्वे ने कुछ शानदार बाउंड्री लगाकर अपना छठा टेस्ट शतक बनाया। वेस्टइंडीज पहले दो सत्र में एक भी मौका नहीं बना पाई और लंच के बाद वाले सेशन में एक भी मेडन ओवर नहीं हुआ। इसी दौरान लेथम ने सीरीज का अपना दूसरा शतक बनाया। एक समय ऐसा लग रहा था कि यह बिना विकेट वाला दिन रहेगा। रोच ने दूसरी नई गेंद से 87वें ओवर में लैथम को आउट करके सफलता दिलाई, जिसमें रॉस्टन चेज ने फर्स्ट स्लिप पर शानदार कैच पकड़ा। टॉम लेथम ने 246 गेंदों में एक छक्का और 15 चौके लगाते हुए 137 रनों की शतकीय पारी खेली।

## 8.40 करोड़ में बिके आकिब की दिलचस्प दास्तां

- **बारामूला जिले के तेज गेंदबाज को पिता डाक्टर बनाना चाहते थे, परीक्षा भी दी, दिल्ली के लिए खेलेंगे**



**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के तेज गेंदबाज आकिब नबी डार को आईपीएल आक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपए में खरीदा। इस सफलता के पीछे आकिब की मेहनत के साथ उनके परिवार का भी अहम योगदान रहा। आकिब के पिता गुलाब नबी डार ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि उनका सपना था कि बेटा डाक्टर बने। इसी वजह से आकिब ने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए परीक्षा भी दी, लेकिन कुछ अंकों से चूक गए। इसके बाद उन्होंने दोबारा परीक्षा देने से इनकार कर दिया और क्रिकेट को ही अपना करियर बनाने का फैसला किया, जो आज उन्हें आईपीएल तक ले आया। नबी ने बताया कि आकिब पढ़ाई में भी अव्वल था। उसने आठवीं और दसवीं कक्षा में जोनल लेवल पर टॉप किया था और 12वीं में साइंस स्ट्रीम चुनी। पढ़ाई के साथ-साथ वह बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेलता रहता था। 12वीं के बाद जब वह गांव से कॉलेज की पढ़ाई के लिए बारामूला गया, तो उसका फोकस क्रिकेट पर और बढ़ गया। गुलाब नबी ने कहा कि उन्होंने बेटे से बस इतना कहा था कि अगर क्रिकेट ही खेलना है, तो पूरी मेहनत और ईमानदारी से खेलो। आकिब को एक बहन भी है, जिसने साइंस से पोस्ट-ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की है। गुलाब नबी ने कहा कि आक्शन के वक्त घर में जश्न का माहौल था। पिछले दो-तीन सालों से आकिब डोमेस्टिक क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, इसलिए उन्हें भरोसा था कि कोई न कोई टीम उसे जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे ज्यादा रकम की उम्मीद थी, लेकिन जो भी मिला, अल्लाह की मेहरबानी है और वही उनके लिए बेहतर है। इस रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे बालर आकिब अपनी सटीक यार्कर और बेहतरीन लेंथ के लिए पहचाने जाते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 में आकिब ने 7 मैचों में 15 विकेट झटके थे। वहीं 29 साल के आकिब रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन के पहले फेज में 29 विकेट के साथ दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ सिद्धार्थ देसाई हैं, जिनके नाम 35 विकेट हैं। दिलीप ट्रॉफी में इस सीजन में आकिब ने इतिहास रच दिया। वे टूर्नामेंट के इतिहास में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इसके साथ ही उन्होंने 1979 के फाइनल में कपिल देव द्वारा बनाए गए तीन गेंदों पर तीन विकेट (हैट्रिक) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। नार्थ जोन की ओर से ईस्ट जोन के खिलाफ खेलते हुए आकिब ने 28 रन देकर 5 विकेट झटके। इस प्रदर्शन के साथ वे दिलीप ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले गेंदबाजों कपिल देव और साईराज बहुतुले की सूची में शामिल हुए और चार लगातार विकेट लेकर उनसे भी आगे निकल गए। दो आईपीएल टीमों ने नेट बालर रहे आकिब इससे पहले दो आईपीएल टीमों के साथ नेट बालर की भूमिका निभा चुके हैं। वे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और एसआरएच के लिए नेट बालर रहे हैं।

## शूटिंग लीग ऑफ इंडिया: यूपी फ्रेंचाइजी की यूपी प्रोमेथियंस शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) ने गुरुवार को अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले अपने पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस को लीग में शामिल करने की घोषणा की। यहां इस अवसर पर लीग में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए, एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि हम शूटिंग लीग ऑफ इंडिया परिवार में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उत्तर प्रदेश में खेल की अपार क्षमता है और एक मजबूत शैक्षिक और विकासात्मक दर्शन वाली फ्रेंचाइजी के आने से लीग को बहुत फायदा होगा। बुनियादी ढांचे और शिक्षा के माध्यम से अवसर पैदा करने की मुकेश शर्मा की प्रतिबद्धता एसएलआई के विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। एक स्थाई इकोसिस्टम बनाना जो प्रतिभा को पोषित करे, युवाओं को प्रेरित करे, और

- **अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फ्रेंचाइजी की घोषणा हुई**

भारतीय शूटिंग को अगले स्तर पर ले जाए। लीग में प्रवेश को लेकर फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस के मालिक मुकेश शर्मा ने कहा कि शूटिंग भारत के सबसे मजबूत ओलंपिक खेलों में से एक है और उत्तर प्रदेश में इस सफर में बहुत बड़ी भूमिका निभाने की प्रतिभा और क्षमता है।

यूपी प्रोमेथियंस के जरिए, हमारा मकसद एक स्ट्रक्चर्ड, प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म बनाना है जहां एथलीटों को सही इंफ्रास्ट्रक्चर, कोचिंग और कॉम्पिटिटिव एक्सपोजर के साथ सपोर्ट मिले। शूटिंग लीग ऑफ इंडिया इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और मुझे इस पहले सीजन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है।

# साढ़े चार लाख की नकली करेंसी के साथ एक गिरफ्तार

## सहारनपुर में चल रहा था नकली नोट बनाने का कारोबार, जयपुर पुलिस के छापे से खुला राज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जयपुर की थाना चित्रकूट कोतवाली पुलिस ने नकली नोट बनाने के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सहारनपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से लगभग 4.30 लाख रुपये के नकली नोट, प्रिंटर, कंप्यूटर और नोट छापने में इस्तेमाल होने वाला कागज बरामद किया गया है। जयपुर पुलिस आरोपी को न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जयपुर रवाना हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात जयपुर पुलिस सहारनपुर पहुंची और स्थानीय सदर बाजार कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर दिल्ली रोड स्थित सेंट्रल पार्क कॉलोनी में छापेमारी की। इस दौरान गौरव पुंडीर नामक युवक को उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। मौके से नकली नोटों के साथ-साथ नोट छापने के उपकरण भी बरामद हुए। जयपुर पुलिस के उप निरीक्षक ने बताया कि दो दिन पहले जयपुर के चित्रकूट थाना क्षेत्र में गोविंद सिंह समेत दो लोगों को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि वे ये नकली नोट सहारनपुर निवासी गौरव पुंडीर से लेते थे, जो रूपये 1,00,000 के बदले रू. 3,00,000 के नकली नोट उपलब्ध कराता था। इसी सूचना के आधार पर जयपुर पुलिस टीमआरोपियों को साथ लेकर सहारनपुर पहुंची और गौरव पुंडीर को गिरफ्तार किया। आज आरोपी को दीवानी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे ट्रांजिट रिमांड पर जयपुर भेज दिया गया। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद सहारनपुर में नकली नोटों के नेटवर्क के सक्रिय होने पर स्थानीय पुलिस की कार्यशैली और खुफिया तंत्र पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# एल्पाइन में लगाई शैक्षिक प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एल्पाईन पब्लिक स्कूल में ज्ञान सृजन और नवाचार की भव्य एवं प्रेरणादायक शैक्षिक प्रर्दशनी का आयोजन किया गया।

चिलकाना रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप मे एसपी ट्रैफिक शेलेन्द्र श्रीवास्तव तथा विषेश अतिथि पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान उपस्थित रहे। प्रर्दशनी में सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान, कला एवं शिल्प सहित विभिन्न विषयों से संबधित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए गए। विज्ञान खंड में नवीन प्रयोगों और वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल रूप में प्रस्तुत किया, वहीं गणित खंड में सूत्रों और तुकों को रोचक ढंग से समझाया गया। सामाजिक विज्ञान के मॉडल के माध्यम से इतिहास, भूगोल, और नागरिक शास्त्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। कला एवं शिल्प खंड में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा देखने योग्य रही। पूरे प्रर्दशनी परिसर में स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला । विद्यार्थियों ने विश्वास के के साथ अपने-अपने प्रोजेक्टस की जानकारी दी और आगंतुकों की जिज्ञासाओं का संतोषजनक उत्तर दिया।

यह प्रर्दशनी विद्यार्थियों के समग्र विकास आत्म-विश्वास और व्यवहा. रिक ज्ञान को बढावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रही। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, एवं विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। विज्ञान विभाग के वि विध्यार्थियों ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण विषय पर एक अत्यंत अत्यंत आकर्षक और जागरूकता बढ़ाने वाला मॉडल प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

# रैन बसेरे में ईओ सविता का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा ने सर्दी के मद्देनजर बनाए गए अस्थाई रैन बसेरे का निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा ने बुधवार की देर शाम को नगर पंचायत द्वारा बनाए गए अस्थाई रैन बसेरे पर पहुँच कर रैन बसेरे की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा ने बताया कि इस रैन बसेरे में लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।इस रैन बसेरे में राहगीर व अन्य निराश्रित लोग ठहर सकते हैं।

उन्होंने नगर पंचायत कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए।यदि ऐसा कोई व्यक्ति दिखाई दे तो उसे रैन बसेरे में लाया जाए।

इस दौरान वरिष्ठ लिपिक देवेन्द्र कुमार,रोहित चौहान,नफीस सिद्दीकी ,रोहित कुमार, अरुण कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# खेलों में करें मेहनत: पुष्पेन्द्र

**चिलकाना।** एलआरडी पब्लिक स्कूल पठेड़ में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया।

बृहस्पतिवार को आयोजित प्रतियोगिता शुभारंभ अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य पुष्पेंद धीमान ने अपने संबोधन में कहा कि सभी बच्चों को क्रीड़ा प्रतियोगिता में हो रहे खेल जैसे खो खो, बेडमिंटन, लंबी कूद, हाई जंप व दौड़ आदि में अच्छी मेहनत करनी है और अपने अपने खेल में प्रथम स्थान प्राप्त करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक सचिन धीमान व सफल संचालन इफरा अफरीदी ने किया। इस दौरान डॉ विमल शर्मा, स्पोर्ट्स कोच सत्यम कुमार, डॉ मजाहिर हसन, प्रियंका नामदेव, अन्नू छाबड़ा, साक्षी धीमान व उपासना धीमान उपस्थित रहे।

# चिकित्सक लोगों को दें उत्तम सेवा: जसवंत

## डा.डी.के.गुप्ता ने ली यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन ब्रांच अध्यक्ष पद की शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि चिकित्सक निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सभी लोगों को उत्तम सेवाएं प्रदान करें।

मंत्री श्री सैनी ने यह बात रेलवे रोड स्थित एक सभागार में यूपी नर्सिंग होंम असोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक सरकार द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को आम नागरिक तक पहुचाने का जरिया बने और सभी लोगो को उत्तम सेवाए प्रदान करें। मुख्यचिकत्साधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने सभी सरकारी एवम गैर सरकारी चिकित्सको को समाज सेवा में बढ़ चढ़कर योगदान देने के लिये प्रेरित किया।

यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन सहारनपुर ब्रांच के वर्ष 2027 के लिए डॉक्टर सुभाष सहगल को प्रेसिडेंट इलेक्ट नियुक्त किया। वर्ष 2026 के लिए डॉक्टर डी के गुप्ता नर्सिंग होम असोसिएशन के अध्यक्ष पद की शपथ ली। उन्होंने अपनी समिति में डॉक्टर राहुल सिंह को सचिव डॉक्टर अमित पांडे को कोषाध्यक्ष एवम डॉ प्रशांत खन्ना व डॉ वंदना आर्य को उपाध्यक्ष नियुक्त किया और शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण शर्मा, सचिव डॉ नीरज आर्या, कोषाध्यक्ष डॉ अनुपम मालिक, डॉ नरेश नौसरान, डॉ रिक्की चौधरी, डॉ आर एन बंसल, डॉ रवि ठक्कर, डॉ पूनम मखीजा, डॉ कलीम अहमद, डॉ विजय अग्रवाल, डॉ रेणु शर्मा, डॉ विजय अग्रवाल डॉ जयपाल सिंह, डॉ सुदर्शन नागपाल, डॉ गुनिता जैन, डॉ रोबी गुप्ता, डॉ राजेश शर्मा, डॉ राज खन्ना, डॉ संजीव मिगलानी, डॉ राजेश गुप्ता, डॉ विवेक बनर्जी, डॉ मनु कपिल, डॉ पुनीत खुराना, डॉ रेणु सिंघल, डॉ गायत्री सहगल, डॉ पंकज खन्ना, डॉ सी एम कमाल आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय कूच करते निक्कू को साथियों समेत रोका



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर भाजपा कार्यालय की ओर कूच करते हुए कांग्रेस उपाध्यक्ष चंद्रजीत सिंह निक्कू व विधानसभा प्रत्याशी रही सुखविन्दर कौर को पुलिस ने घर के बाहर ही रोक दिया। इससे पूर्व दोनों को पुलिस ने रात्रि में ही हाउस अरेस्ट कर लिया था। इस दौरान सेवा दल के महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, मनजीत कोका मनजीत गोल्डी एडवोकेट, शमा एडवोकेट, राहुल सिंह, पल्लवी, विक्रम वोहरा, विपिन, भीम, रवि पुंडीर, राजीव, अश्वनी आदि मौजूद रहे।

# प्रदर्शन से पूर्व हाउस अरेस्ट किए गए मुख्य कांग्रेसी नेता





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर भाजपा कार्यालय पर किये जाने वाले प्रदर्शन से पूर्व ही कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। कुछ कांग्रेसी नारेबाजी कर भाजपा कार्यालय के पास तक तो पहुंचे, लेकिन पुलिस द्वारा उन्हें पहले ही रोक दिया गया।

पुलिस प्रशासन ने कल रात से ही जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी व प्रदर्शन से पूर्व मनीष त्यागी के निवास पर पहुंचे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मेहरबान आलम, एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली तोमर, जिला उपाध्यक्षगण वरुण शर्मा, नितिन शर्मा व सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा और उनके साथ पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरीआदि को घरों में ही नजरबंद करके प्रदर्शन में शामिल होने से रोका। बावजूद इसके कुछ कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी व हरिओम मिश्रा के नेतृत्व में दिल्ली रोड स्थित कमिश्नर कार्यालय के पास एकत्रित हुए और बाद में दिल्ली रोड स्थित भाजपा कार्यालय के निकट पहुंचने में कामयाब हुए। जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय की तरफ बढ़ते देख कांग्रेसजनों को पुलिस ने भाजपा कार्यालय से लगभग 50 मीटर दूरी पर ही रोक लिया और उन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया। कांग्रेसजनों अपने इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन को पुलिस प्रशासन द्वारा रोके जाने का विरोध करते हुए जोरदार नारेबाजी की।

इस दौरान कांग्रेस जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पालीवाल व प्रदेश सचिव सतपाल बर्मन, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष इमरान कुरेशी, पिछड़ा विभाग के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सैनी, महानगर उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, इकराम खान व नीरज कपिल, श्याम बिहारी शर्मा, मयंक शर्मा, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, शर्मिष्ठा सिंह, शहनाज बेगम, अमित राठौर, राजन बिरला, संजय यादव, रवि जाटव, प्रभजीत सिंह, आरिफ मंसूरी, विक्की कुमार, अभिषेक सैनी, दीपक सैनी, आशीष सैनी, मनीष सैनी, देवेश सैनी, राजेंद्र सिंह, जैलसिंह मौजूद रहे।

# प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नकुड़।** नगर के पीएम श्री विद्यालय में मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।

गुरुवार को कार्यक्रम का शुभारंभ एआरपी राजेंद्र कुमार, सुशील कुमार तथा प्रधानाध्यापक अनूप सिरोही ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। नशाखोरी के विरुद्ध प्रस्तुत की गई लघु नाटिका को उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने विशेष रूप से सराहा। प्रधानाध्यापक अनूप सिरोही ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा के साथ साथ भारतीय संस्कृति, सामा. जिक मूल्यों और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित सेल्फी प्वाइंट एवं विभिन्न कलाकृतियों की भी प्रशंसा की गई।

# साथियों समेत बसपा में शामिल हुए विजेंद्र सैनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल के समक्ष नकुड विधानसभा क्षेत्र से विजेंद्र सैनी ने पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

जीपीओ रोड स्थित एक होटल में बसपा की आयोजित बैठक में यह घोषणा की गई। रणधीर बेनीवाल ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग, दलित, अल्पसंख्यक और भाईचारे के सभी समाज बहुजन समाज पार्टी के साथ खड़े होंगे। उन्होने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने किसानों, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया है, जिसे वह 2027 में जनता के सामने मुद्दे के रूप में रख सके। इस अवसर पर रणधीर बेनीवाल ने मुख्य मंडल कोर्डिनेटर नरेश गौतम, मंडल कोर्डिनेटर जनेश्वर प्रसाद, प्रताप सिंह, सरफराज राइन, जिला प्रभारी राजेश प्रधान, नफेसिंह के साथ पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का बसपा का पटका व पगडी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नकुड नरेंद्र प्रधान, महानगर अध्यक्ष आसिफ अली, स्वराज, चौधरी जमशेद, रजनीश उजाला ,ऋषिपाल प्रमुख, विजेंद्र पाल, प्रदीप कुमार,अनिल कुमार, संदीप बौद्ध, राजेंद्र कुमार, राम कुमार शिंद, डा महिपाल सैनी, विजेंद्र सैनी, कृष्ण पाल सैनी, सतीश सैनी, तेजपाल सैनी, बलबीर सैनी, डॉ विपिन सैनी, मांगेराम सैनी, राजकुमार सैनी ,महेंद्र सैनी, प्रदीप सैनी, ऋषिपाल सैनी ,जितेंद्र सिंह सैनी, सतपाल सैनी, डॉक्टर कृष्णपाल सैनी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे

# स्वच्छता अभियान चलाया

**गंगोह।** एचआर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चकवाली प्राथमिक विद्यालय में सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया।

योजना प्रभारी डॉ. अरुण धीमान ने पाठशाला प्रांगण में स्वयंसेवकों और गांव भर से आए पूनम, संतोष, पिंकी, संगीता, राजवीर, पप्पू, जयपाल आदि लोगों को स्वच्छता के बारे में सविस्तार बताते हुए बीमारियों से बचाव को अपने मोहल्ले और गांव की गलियों की सफाई पर बल दिया। पॉलीथीन का प्रयोग न करने को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य विजय कुमार मलिन बस्तियों की सफाई में स्वयंसेवकों की लगन को देखकर प्रभावित हुए। स्वयंसेवकों में कशिश, कनिका, आसमां, सानिया, नेहा, स्वीटी, उमर, हर्ष, शुभम आदि उपस्थित रहे।

# बाबा लालद्वारे का मनाया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बाबा लालद्वारे का स्थापना दिवस श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया।

बाबा लाल दास रोड स्थित लालद्वारा प्रांगण में ध्यानपुर गद्दी के महामंडलेश्वर संत रामसुन्दर दास ने कहा कि बावा लाल दयाल एक युग दृष्टा संत थे, जिन्होंने योग बल और जप-तप से 300 वर्ष की आयु प्राप्त की। उन्होंने सहारनपुर में गंगा माई को प्रकट किया और यहां 100 वर्षों तक तपस्या की। संतों की तपोभूमि पर मात्र आगमन से ही जीव का कल्याण हो जाता है। सतगुरु बावा लाल सेवक मंडल के प्रधान अशोक अरोड़ा, सचिव राजेश कपूर तथा लालद्वारा प्रमुख इंद्र मोहन जोशी के साथ महंत जी ने धर्मध्वज का आरोहण किया। मनीष आनंद, प्रदीप सूरी व विनोद शर्मा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। महंत जी ने अनेक सेवकों को नामदान भी प्रदान किया। कार्यक्रम में सत्संग एवं कीर्तन का आयोजन किया गया।

मंडल के रवि भाटिया, शिवम बांगा, राजकुमार गंभीर, डॉ. अशोक भाटिया, जुग्गी लाल भाटिया एवं नवीन भाटिया ने महंत जी को स्मृति चिन्ह व वस्त्र भेंट किए। इस दौरान पुष्कर कपूर, जीत खन्ना, अनमोल गंभीर, रमेश सचदेवा, संजीव बांगा, रमन कपूर, विरेंद्र महाजन, पवन अवस्थी, गौरव डंग, गौरव गांधी एवं कीमती भाटिया का विशेष सहयोग रहा।

# प्रीति चौधरी ने महिलाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित अभियानों के तहत थाना फतेहपुर की महिला पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाई है। महिला उप निरीक्षक मिथलेश राठौर के नेतृत्व में महिला हेड कांस्टेबल बबीता और लेडी कांस्टेबल प्रीति चौधरी ने शहर के विभिन्न बाजारों का दौरा कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया।

यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों और संभावित खतरों से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान करने पर केंद्रित था। पुलिस टीम ने बाजारों में घूमकर महिलाओं से सीधे संवाद किया और उन्हें घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध तथा अन्य महिला संबंधी मुद्दों पर सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। हेड कांस्टेबल बबीता और एलसी प्रीति चौधरी ने भी महिलाओं को आत्मरक्षा के सरल तरीके सिखाए तथा साइबर फ्रॉड से बचने के टिप्स दिए क्षेत्र की महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि बाजार जैसे सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस का यह सीधा संपर्क उन्हें सुरक्षित महसूस कराता है। थाना फतेहपुर क्षेत्र में ऐसे अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं, जिससे समाज में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि जागरूकता ही अपराधों पर अंकुश लगाने का सबसे प्रभावी हथियार है।

# नहीं बख्शे जाएंगे नशा कारोबारी: राधेश्याम

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम ने कहा कि अवैध नशे का कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।नो हेल्मेट नो फ्यूल का भी पालन करें।

ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने पुलिस फोर्स के साथ थानाक्षेत्र के गाँव मोहनपुर गाड़ा में पैदल गश्त कर माइक द्वारा अनाउंसमेंट करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया।इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने ग्रामीणों से नशा न करने की अपील की साथ ही अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। बाद में गाँव के सम्मानित नागरिकों के साथ बैठक करते हुए इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा कि नशा विनाश का कारण बनता है। इस दौरान एसआई देवेंद्र सिंह सहित स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी दिखा उत्साह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** काष्ठनगरी जनपद में 16 से 20 दिसंबर आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता कुराश उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक जारी है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी पूरे जोश और खेल भावना के साथ प्रतिभाग कर रहे हैं।

गांधी पार्क के डा.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के अंतर्गत आज को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मंडलायुक्त सहारनपुर रूपेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडलायुक्त द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात डॉ. पूजा रानी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। संयुक्त शिक्षा निदेशक सहारनपुर राणा सहस्रांशु कुमार सुमन ने मंडलायुक्त का बाल वृक्ष, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में एस.डी. कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत पंजाबी नृत्य, श्री दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं का घूमर नृत्य तथा इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा झांसी की रानी पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। पाइनवुड स्कूल की रंगारंग प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। इसके उपरांत खेल शिक्षक प्रवीण कुमार द्वारा विजयी खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गई। मंडलायुक्त ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक सहारनपुर राणा एस.के. सुमन, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविंद पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्ष देव स्वामी सहित अनेक अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मंडलायुक्त रूपेश कुमार ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से अनुशासन, खेल भावना एवं आपसी भाईचारा विकसित होता है। विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता और अधिक मजबूत होती है। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डॉ. करुणा कालरा द्वारा किया गया। जय हिंद, जय भारत के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी सभी टीमें पूरे उत्साह के साथ मैदान में उतरीं और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिनमें महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 19 दिसम्बर 2025

# जी राम जी बिल पारित

हालिया विरोध के बावजूद आखिर सरकार लोकसभा में भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी विधेयक 2025 लोकसभा में पारित करने में सफल हो गई। इस विधेयक को मनरेगा के स्थान पर लाया गया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिव. राज सिंह चौहान ने इस बिल के पक्ष में संसद में उम्मीद जताई है कि यह विधेयक महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम करेगा। यह विधेयक गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श समाज की स्थापना करेगा। शिवराज सिंह चौहान के अनुसार कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। इस विधेयक पर लोकसभा में मध्य रात्रि तक बहस चली। जहां सत्ता पक्ष इस विधेयक के फायदे गिना रहा है, वहीं कांग्रेस व अन्य उसके सहयोगी विपक्षी दल उसका जमकर विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव प्रियंका गांधी ने जमकर इस बिल का विरोध किया और कहा कि यह संशोधन विधेयक 2025 गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा, क्योंकि उनकी नजर में इसका बोझ राज्यों पर पड़ने वाला है। इसलिए यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि मनरेगा में जहां एक वर्ष में सौ दिनों की काम की गारंटी दी गई थी, इस विधेयक में 125 दिनों की गारंटी दी गई है, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं मानती। प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सौ दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है और इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा खत्म हो जाएगी। कांग्रेस के अनुसार योजना देश के गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालात में साथ देती थी। भले ही मनरेगा को खत्म कर दिया गया हो, लेकिन कांग्रेस के रूप से लगता है कि वह इस मुद्दे को ऐसे नहीं छोड़ने वाली और इसे लेकर दूर तक जाने वाली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा भी कि यह मनरेगा का केवल नाम बदलने का मामला नहीं है बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार योजना की योजनाबद्ध हत्या है और नए विधेयक के जरिये भाजपा सरकार उस अधिकार को छीन रही है जो कांग्रेस ने दिया था। यह काम के अधिकार को छीनने की जरूरत है। यह बड़ा मुद्दा है और पिछड़े वर्ग, दलित वर्ग व गरीबों के अधिकारों का हनन है। कांग्रेस मनरेगा को लेकर हर राज्य और जिले में लड़ेगी, सरकार की भले ही इसके पीछे कुछ भी मंशा रही हो और मनरेगा में सरकार को खामियां ही खामियां नजर आ रही हों, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि इस योजना के चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूरों को लाभ पहुंचा है। खामियां हर योजना में होती हैं, अच्छा होता कि सरकार सबको साथ लेकर आगे बढ़ती।

## मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है योगी सरकार



योगी सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है, भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है, एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है, सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है, खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी, धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है, कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# बॉन्डी बीच हमले पर दिखी एक साधारण इंसान की वीरता





**रजनीश कपूर**

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुआ आतंकी हमला पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। 14 दिसंबर 2025 को हनुक्का उत्सव के दौरान यह दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हमले में 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए। आतंकवादी साजिद अक्रम और उनके बेटे नवेद अक्रम थे, जो इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित थे। यह हमला न केवल यहूदियों पर लक्षित था, बल्कि मानवता पर एक बड़ा आघात था। ऐसे में जब चारों तरफ अफरा-तफरी और डर का माहौल था, एक साधारण इंसान ने जो साहस दिखाया, वह न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि हमें यह सिखाता है कि संकट की घड़ी में आम आदमी भी असाधारण बहादुरी दिखा सकता है। एक साधारण नागरिक, अहमद अल-अहमद ने जो साहस दिखाया, वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। जब चारों तरफ लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे, उस वक्त अहमद ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने एक हमलावर की ओर दौड़ लगाई, उससे बंदूक छीनी और उसे निरस्त्र कर दिया। इस संघर्ष में अहमद खुद घायल हो गए, लेकिन उनकी इस बहादुरी से अनगिनत जानें बच गईं। वीडियो फुटेज में साफ दिखता है कि कैसे एक आम इंसान ने मौत को आंखों में झांककर आतंकवादी का मुकाबला किया। अहमद अल-अहमद कोई प्रशिक्षित सैनिक नहीं हैं और न ही कोई पुलिस अधिकारी हैं। 43 वर्षीय अहमद एक सीरिया मूल के मुस्लिम हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में फल बेचने का साधारण काम करते हैं। लेकिन, जब संकट आया तो उन्होंने सोचा नहीं, बस आगे बढ़ गए। यह वीरता हमें याद दिलाती है कि साहस दिल में होता है, पद या हथियार में नहीं। आज की दुनिया में जहां आतंकवाद जैसे खतरे बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे उदाहरण दुर्लभ लेकिन बेहद जरूरी हैं। अहमद की यह बहादुरी न केवल बॉन्डी बीच के पीड़ितों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा बन गई है। अहमद की यह वीरता इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था और अहमद खुद एक मुस्लिम हैं।

उन्होंने साबित कर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। यह घृणा और हिंसा की विच. ारधारा है, जो किसी भी समुदाय को निशाना बना सकती है, लेकिन साहस और मानवता की भावना हर धर्म और समुदाय में मौजूद है। अहमद ने न केवल यहूदियों की जान बचाई, बल्कि पूरे मुस्लिम समुदाय को एक संदेश दिया कि सच्चा धर्म सेवा और सुरक्षा में है, न कि हिंसा में। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री और पुलिस ने उन्हें श्हीरोश करार दिया है।

अस्पताल में भर्ती अहमद ने कहा कि वे फिर से वही करेंगे, क्योंकि उन्होंने निर्दोषों को मरते देखा और चुप नहीं रह सके। दुनिया भर के नेताओं ने उनकी प्रशंसा की और 'गोफंडमी' जैसे प्लेटफॉर्म पर उनके लिए सहायता राशि जुटाई जा रही है। यह सम्मान उन्हें इसलिए मिला क्योंकि उन्होंने साबित किया कि एक साधारण व्यक्ति भी बड़ा बदलाव ला सकता है। आतंकवाद आज वैश्विक समस्या है। भारत हो या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस हो या अमेरिका . कहीं न कहीं नफरत की यह आग भड़कती रहती है। ऐसे में सरकारें, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अपना काम करती हैं, लेकिन कभी-कभी स्थिति इतनी तेजी से बिगड़ती है कि आम नागरिक को ही आगे आना पड़ता है। बॉन्डी बीच की घटना हमें यही सिखाती है। अगर हम डरकर चुप रहें, भागें या नजर फेर लें, तो आतंकवादी अपने मकसद में कामयाब हो जाते हैं, लेकिन अगर एक व्यक्ति भी खड़ा हो जाए, तो पूरी स्थिति बदल सकती है।


अहमद ने यही किया। उनकी वीरता ने न केवल हमलावर को रोका बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित किया कि संकट में एकजुट होकर मुकाबला करें। भारत जैसे देश में, जहां हम आए दिन आतंकी खतरों का सामना करते हैं, अहमद की यह कहानी विशेष रूप से प्रासंगिक है। याद कीजिए 26/11 के मुंबई हमलों में ताज होटल के कर्मचारियों ने कैसे जान जोखिम में डालकर मेहमानों को बचाया था। यानी आम नागरिकों की बहादुरी भी कम नहीं। बॉन्डी बीच की घटना हमें बताती है कि साहस कोई जन्मजात गुण नहीं, बल्कि परिस्थिति में लिया गया निर्णय है। हमें अपने बच्चों को यही सिखाना चाहिए . कि गलत के खिलाफ खड़ा होना जरूरी है, चाहे परिणाम कुछ भी हो। आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया और आराम की जिंदगी में डूबी है। ऐसे में अहमद जैसे उदाहरण उन्हें जगाते हैं। वे दिखाते हैं कि हीरो फिल्मों में नहीं, असल जिंदगी में पैदा होते हैं। एक साधारण इंसान, जब फैसला लेता है कि अब बस बहुत हुआ, तो वह असाधारण बन जाता है। अहमद की कहानी हमें यह भी सिखाती है कि विविधता में एकता ही हमारी ताकत है। ऑस्ट्रेलिया एक बहुसांस्कृतिक देश है, ठीक भारत की तरह। वहां मुस्लिम नागरिक ने यहूदी समुदाय को बचाया . यह संदेश दुनिया भर में फैलना चाहिए कि नफरत की विचारधारा को हराने के लिए हमें सीमाओं से ऊपर उठना होगा।

सरकारों को भी इस घटना से सबक लेना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में बंदूक कानूनों को और सख्त करने की बात हो रही है। भारत में भी आतंकवाद विरोधी नीतियों को मजबूत करना जरूरी है। लेकिन साथ ही, नागरिकों में जागरूकता और साहस का संचार भी आवश्यक है।

स्कूलों में, सामुदायिक कार्यक्रमों में ऐसी कहानियां सुनाई जानी चाहिए जो लोगों को प्रेरित करें। अहमद अल-अहमद की वीरता को दुनिया भर में सम्मानित किया जाना चाहिए, जैसे कि कोई पुरस्कार या कोई स्मारक। क्योंकि ऐसे लोग समाज के असली रक्षक होते हैं। बॉन्डी बीच हमला दर्दनाक है, लेकिन अहमद की बहादुरी इसे उम्मीद की कहानी बना देती है। यह हमें याद दिलाती है कि अंधेरे में भी प्रकाश होता है, बशर्ते हम दिया जलाने की पहल करें। हर आम इंसान में एक हीरो छिपा है। जब कभी संकट आए, तो डरें नहीं, आगे बढ़ें। अहमद की तरह साहस दिखाएं। यही हमारी जीत होगी, केवल आतंकवाद पर नहीं, बल्कि मानवता की जीत।

# प्राचीन सौर तूफान से तबाही के चिन्ह

**सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवे. शित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।**



लगभग 14,300 साल पहले फ्रांस स्थित चीड़ के जंगल में एक असाधारण घटना घटी थी, जिसके निशान हाल ही में उजागर हुए हैं। मियाके इवेंट नामक इस घटना में सौर कणों की इतनी शक्तिशाली बमबारी हुई थी कि ऐसी घटना यदि आज हुई होती तो इससे संचार उपग्रह तो नष्ट होते ही, साथ में दुनिया भर की बिजली ग्रिड को भी गंभीर नुकसान हुआ होता। यह दिलचस्प जानकारी पेरिस स्थित कॉलेज डी फ्रांस के जलवायु विज्ञानी एडुआर्ड बार्ड के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन से मिली है। उन्होंने फ्रांस के आल्प्स जंगलों में नदी के किनारे दबे पेड़ों के वलयों की जांच करके यह जानकारी दी है। ऐसा माना जाता है कि मियाके घटनाएं सूर्य द्वारा उत्सर्जित उच्च-ऊर्जा प्रोटॉन्स के परिणामस्वरूप होती हैं, क्योंकि आधुनिक समय में अभी तक ऐसी कोई भी घटना नहीं देखी गई है इसलिए वैज्ञानिक इस रहस्य को जानने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवेशित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।

विशेषज्ञों के अनुसार आखिरी ग्लेशियल मैक्सिमम के अंत में बर्फ की चादरों के पिघलने से नदियों का बहाव तेज हो गया। बहाव के साथ आने वाली तलछट के नीचे ऑक्सीजन विहीन पर्यावरण में पेड़ों के तने संरक्षित रहे। ये पेड़ आज भी सीधे खड़े हैं। 172 पेड़ों से लिए गए कार्बन-14 नमूनों का अध्ययन करने पर 14,300 साल पहले कार्बन-14 की अतिरिक्त मात्रा का पता चला। समय की सही गणना के लिए शोधकर्ताओं ने सौर गतिविधि के एक अन्य संकेतक-बर्फीली कोर में बेरीलियम-10 - अध्ययन किया और पाया कि कार्बन-14 और बेरीलियम-10 दोनों में वृद्धि एक ही समय दर्ज हुई हैं, जो अभूतपूर्व सौर गतिविधि का संकेत है।

फिलॉसॉफिकल ट्रांजेक्शन्स ऑफ रॉयल सोसायटी-ए में प्रकाशित यह खोज इसलिए दिलचस्प मानी जा रही है कि यह घटना अपेक्षाकृत शांत सौर हलचल के दौरान हुई। अनुमान है कि सूर्य की सतह के नीचे चुंबकीय क्षेत्र बनकर सौर तूफान के रूप में फूट गया होगा। वैज्ञानिक सौर तूफानों की आवृत्ति और उसके नतीजों को बेहतर समझने का प्रयास कर रहे हैं। आज प्रौद्योगिकी पर हमारी अत्यधिक निर्भरता के कारण इनके परिणाम घातक हो सकते हैं। संचार, पॉवर ग्रिड और जीपीएस पर निर्भर वित्तीय बाजार अधिक प्रभावित होंगे।

**स्रोत फीचर्स**

# दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्र इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विचारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**



प्रयागराज। वीबी-जी राम जी विधेयक के तहत मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता।

## चीन ने हैनान के मुख्य बंदरगाह द्वीप पर शुरू किए विशेष कस्टम अभियान

**बीजिंग।** चीन ने हैनान के मुक्त व्यापार बंदरगाह (एफटीपी) पर विशेष सीमा शुल्क अभियान शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य विदेशी सामानों का आसान प्रवेश, बिना शुल्क दिए व्यापार और उसके अधिक अनुकूल उपायों लागू करना है। इस कदम को दुनियाभर में बढ़ते संरक्षणवाद के समय में मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और खुलेपन का विस्तार करने के चीन के चल रहे प्रयासों के तहत एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत 30000 वर्ग किमी से अधिक के इस द्वीप को एक विशेष कस्टम निगरानी क्षेत्र के रूप में नामित किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले पर हमें बेवजह बदनाम किया: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा कि आस्ट्रेलिया में आतंकी हमले को लेकर उन्हें बेवजह बदनाम किया गया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इसे भारत-इजरायल जैसे दुश्मन देशों की साजिश बताया। मीडिया ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि हमलावर को पाकिस्तान से जोड़ने का मकसद देश की छवि को खराब करना था। उन्होंने कहा कि बिना किसी सबूत और दस्तावेज के पाकिस्तान पर आरोप लगाए गए। तरार ने आरोप लगाया कि इस झूठी खबर को खासतौर पर भारत और इजरायल में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिए फैलाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि झूठी खबरों से पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ।

# लंदन में मिले भारत के दो भगोड़े

## देश से फरार कारोबारी ललित मोदी ने ऐसे मनाया विजय माल्या का 70वां जन्मदिन

**लंदन।** देश से फरार कारोबारी ललित मोदी और विजय माल्या एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह है लंदन में हुई एक भव्य पार्टी, जिसमें ललित मोदी ने अपने दोस्त माल्या के 70वें जन्मदिन से पहले खास आयोजन किया।

भारत में जिन दोनों पर करोड़ों रुपये के घोटाले और कर्ज न चुकाने के आरोप हैं, वे विदेश में खुलकर जश्न मनाते नजर आए। पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी ने यह प्री-बर्थडे पार्टी अपने लंदन स्थित आलीशान घर में रखी। विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था। 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी। पार्टी की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर



विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था, 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी

जिम राइडेल ने सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने ललित मोदी और विजय माल्या की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि ललित ने अपने सुंदर घर में विजय माल्या के लिए शानदार प्री-70वां बर्थडे पार्टी रखी। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए ललित मोदी ने लिखा कि सभी मेहमानों का धन्यवाद, जिन्होंने उनके घर आकर उनके दोस्त विजय माल्या का जन्मदिन मनाया। इसके बाद विजय माल्या ने भी इस पोस्ट को रीट्वीट किया। इस पार्टी में मशहूर बिजनेसवुमन और बायोकान की संस्थापक किरण मजूमदार-शा भी मौजूद रहीं। इसके अलावा हालीवुड अभिनेता इद्रिस एल्बा और फेमस फैशन डिजाइनर मनोवीराज खोसला भी पार्टी में नजर आए। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में किरण मजूमदार-शा को कभी मनोवीराज खोसला के साथ खड़े देखा गया तो कभी वह इद्रिस एल्बा से बातचीत करती दिखीं। जिम राइडेल ने इंस्टाग्राम पर पार्टी का इनविटेशन कार्ड भी साझा किया। इस कार्ड में लिखा था कि रीमा और ललित अपने प्रिय मित्र विजय माल्या के सम्मान में एक ग्लैमरस शाम का आयोजन कर रहे हैं। कार्ड में विजय माल्या को 'किंग आफ गुड टाइम्स' कहा गया था। यह पहली बार नहीं है जब ललित मोदी और विजय माल्या साथ दिखे हों। इससे पहले 29 नवम्बर को ललित मोदी ने लंदन में अपना 63वां जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया था। यह पार्टी लंदन के मैफेयर इलाके के मशहूर मैडाक्स क्लब में आयोजित की गई थी। उस पार्टी में भी विजय माल्या शामिल हुए थे।

# भारत-ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता

## आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत, खाड़ी क्षेत्र में भारतीय उत्पादों के लिए खुला रास्ता

**मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं**

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान ने आज अपने आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता न केवल भारतीय निर्यातकों के लिए भारी अवसर लेकर आया है, बल्कि 2006 में अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद ओमान की ओर से किसी भी देश के साथ किया गया यह पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है।

व्यापारिक नजरिये से देखें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डालर के पार पहुंच चुका है। ओमान में करीब सात लाख भारतीय रहते हैं, जो सालाना लगभग 2 अरब डालर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं। यह समझौता इन संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा। ओमान का सेवाओं का कुल आयात लगभग 12.52 अरब डालर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में मात्रा 5.31 प्रतिशत है। यह समझौता इस गैप को भरने का काम करेगा। मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की आवाजाही पर व्यापक रियायतें दी हैं। 'इंट्रा-कारपोरेट ट्रांसफरीज' का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। टेंडर के आधार पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए समय की अवधि को 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है। इसे दो साल और विस्तार दिया जा सकता है। भारतीय कंपनियों के लिए 100 फीसदी एफडीआई का रास्ता साफ: आईटी, बिजनेस सर्विसेज, आडियो-विजुअल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय कंपनियां अब ओमान में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) कर सकेंगी। शुल्क कटौती से एफटीए में कई क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। डेयरी, चाय, काफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोना-चांदी की ईंटें (इनसपवद) और स्क्रैप धातु जैसे संवेदनशील उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है। ओमान के निर्यात हितों वाले कुछ उत्पादों के लिए भारत ने टैरिफ-रेट कोटा (टीआरआईक्यू) उदारीकरण का रास्ताअपनाया है, ताकि घरेलू उद्योग प्रभावित न हों। ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए भारत का एक महत्वपूर्ण गेटवे (प्रवेश द्वार) है। ओमान में 6000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठान काम कर रहे हैं। ब्रिटेन के बाद पिछले 6 महीनों में यह भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक समझौता है, जो भारत की आक्रामक वैश्विक व्यापार रणनीति का उदाहरण है। दोनों देशों ने भविष्य में ओमान की अंशदायी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लागू होने पर 'सामाजिक सुरक्षा समन्वय' पर चर्चा करने पर भी सहमति जताई है।

## पीएम मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान

**मस्कट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है। ओमान ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें 'आर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया है। राजधानी मस्कट में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। पीएम मोदी अभी ओमान के दौरे पर है, जो उनके तीन देशों के दौरे का अंतिम पड़ाव है, वे आज ही ओमान से वापस स्वदेश लौटेंगे। वे 15 से 18 दिसम्बर के बीच जार्डन, इथियोपिया और ओमान के दौरे पर गए थे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी को इथियोपिया ने भी 'ग्रेट आनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया था। यह सम्मान इथियोपिया के प्रधानमंत्री डा. अबी अहमद अली ने उन्हें दिया था। बता दें कि पीएम मोदी इस सम्मान को पाने



द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मिला 'आर्डर ऑफ ओमान'

वाले दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी को संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से सम्मानित किया था। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और प्रभाव का परिचायक हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को अपनाते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत किया है।


## भारत और नीदरलैंड रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और सहयोग बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और रक्षा प्रौद्येगिकी तथा उद्योग के क्षेत्रा में सहयोग बढाने के लिए गुरुवार को यहां आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील मौजूद थे। सिंह ने यहां वैन के साथ वार्ता की और दोनों देशों के बीच मजबूत तथा बढ़ती रक्षा साझेदारी की पुष्टि की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने रणनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैन्य-से-सैन्य सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बातचीत के दौरान भारत और नीदरलैंड ने स्वतंत्रा, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्रा के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मंत्रियों ने घनिष्ठ रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को खासकर विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्रा में जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड की राजदूत सुमारिसा गेराड्र्स ने रक्षा सहयोग पर आशय पत्रा का आदान-प्रदान किया।

## दिल्ली से मुंबई तक भारत हार नहीं भूलेगा: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि उनकी सेना ने भारत को कभी न भूलने वाला सबक दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई तक भारत इस हार का दर्द कभी नहीं भूलेगा। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने देश की जनता की दुआओं से यह जीत हासिल की। उन्होंने यह बयान खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में हरिपुर यूनिवर्सिटी में दिया।

शहबाज ने दावा किया कि 87 घंटे तक चले इस संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। साथ ही कई ड्रोन भी मार गिराए। पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले का पाकिस्तान पर गलत इल्जाम लगाया है। इसके बाद उन्होंने हम पर सैन्य कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को टूरिस्टों पर आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। ये आतंकी पाकिस्तान से जुड़े थे। 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने टूरिस्ट्स पर गोली चलाई थीं। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। शहबाज इससे पहले भी ऐसी बयानबाजी कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले उन्होंने सितम्बर में भारत के 7 विमान



पाकिस्तानी पीएम ने कहा: मोदी सरकार को सबक सिखाया, 6 लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया

गिराने का दावा किया था। उन्होंने यूएन में दिए गए भाषण में भारत पर पाकिस्तान की जीत का दावा किया था। शहबाज ने कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय जांच की अपील की थी, लेकिन भारत ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि भारत का कटरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। शरीफ ने कहा कि वे पिछले साल ही यूएन के मंच से चेतावनी दे चुके थे कि पाकिस्तान किसी बाहरी हमले को सहने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी चेतावनी सच साबित हुई। इस साल मई में बिना उकसावे के पाकिस्तान पर हमला हुआ।

## वेनेजुएला के साथ जंग की घोषणा कर सकते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी ब्राडकास्टर टकर कार्लसन ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वेनेजुएला के साथ युद्ध की घोषणा कर सकते हैं। टकर कार्लसन ने यह बात अपने आनलाइन शो 'जजिंग फ्रीडम' में कही। उनके मुताबिक, एक अमेरिकी सांसद ने उन्हें बताया कि सांसदों को ट्रम्प के संबोधन से पहले एक बंद कमरे में ब्रीफिंग दी गई थी।

इस ब्रीफिंग में कहा गया कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सैन्य टकराव की स्थिति बन सकती है और राष्ट्रपति इसे भाषण में सार्वजनिक कर सकते हैं। यह दावा ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से छीन लिया गया था। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला ने 1976 में अमेरिकी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था और उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली थी। ट्रम्प ने वेनेजुएला पर दबाव बढ़ाते हुए प्रतिबंधित तेल टैंकरों के वेनेजुएला आने-जाने पर पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया है। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर लिखा कि वेनेजुएला दक्षिण अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ी नौसेना घेराबंदी से घिरा हुआ है। यह घेराबंदी और बढ़ेगी, जब तक कि वेनेजुएला अमेरिका से चुराए गए तेल, जमीन और दूसरी संपत्तियों को वापस नहीं लौटाता। ट्रम्प का दावा है कि वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे। दरअसल, 1976 में वेनेजुएला की सरकार ने (राष्ट्रपति कार्लोस आंद्रेस पेरेज के समय) पूरे तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इसका मतलब था कि विदेशी तेल कंपनियां (ज्यादातर अमेरिकी, जैसे एक्सान, गल्फ आयल, मोबिल आदि) जो दशकों से वहां तेल निकाल रही थीं, उनके सभी आपरेशंस और संपत्तियां वेनेजुएला की नई सरकारी कंपनी पेट्रोलियोस डे वेनेजुएला (पीडीवीएसए) के पास चली गईं।

> ■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: वेनेजुएला ने हमारी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था, चुराई संपति वापस करे
>
> ■ वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से छीन लिया गया था

## इजरायल, मिस्र के बीच ऐतिहासिक गैस निर्यात समझौता

**काहिरा।** इजरायल ने मिस्र के साथ देश के इतिहास का सबसे बड़ा गैस निर्यात समझौता किया है, जिसकी कीमत 112 बिलियन शेकेल (34.6 बिलियन डॉलर) है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल के प्रिय नागरिकों, आज मैंने इजरायल के इतिहास के सबसे बड़े गैस सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदे 112 बिलियन शेकेल का है। इसमें से 58 बिलियन शेकेल (17.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर) सरकारी खजाने में जाएंगे। अमेरिकी कंपनी शेवरॉन के साथ हुए इस सौदे में इजरायली भागीदार भी शामिल हैं और वे मिस्र को गैस की आपूर्ति करेंगे।

# हिजाब विवाद पर पाकिस्तान का आया बयान

## इस्लामाबाद ने भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया

**इस्लामाबाद।** भारतीय राज्य बिहार में मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार से जुड़े एक विवादित वीडियो को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब कथित तौर पर जबरन हटाने की घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान ने इसे भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने गुरुवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता द्वारा सार्वजनिक मंच पर एक मुस्लिम महिला का हिजाब जबरन हटाना और फिर उसका मज़ाक उड़ाया जाना बेहद चिंताजनक है और इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पत्राकारों से बात करते हुए कहा: इस तरह की घटनाएं भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासतौर पर मुस्लिम समुदाय के साथ हो रहे



यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ

दुर्व्यवहार को दर्शाती हैं। पाकिस्तान ने भारत सरकार से अपील की कि वह इस घटना की गंभीरता को समझे, अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करे, धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करे और मानवीय गरिमा को सुरक्षित रखे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब हटाते नजर आ रहे हैं। यह घटना 15 दिसम्बर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित एक नियुक्ति पत्रा वितरण समारोह के दौरान हुई, जहां डाक्टरों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे थे। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम की तस्वीरें अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं, लेकिन जिस महिला डाक्टर का हिजाब हटाने का आरोप है, उसकी तस्वीरें पोस्ट में शामिल नहीं हैं। वीडियो सामने आने के बाद देशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। घटना के बाद विपक्षी दलों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों ने मुख्यमंत्री के व्यवहार को असंवेदनशील और अपमानजनक बताया। कई लोगों का कहना है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे नेता से इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती, खासकर जब मामला धार्मिक आस्था और व्यक्तिगत सम्मान से जुड़ा हो।







# 'टैरिफ' मेरा फेवरेट अंग्रेजी शब्द: ट्रम्प

## कहा: इससे 8 जंग रुकवाई, अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि टैरिफ अंग्रेजी का उनका फेवरेट शब्द है। ट्रम्प ने दावा किया कि इसकी मदद से उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले 10 महीनों में दुनिया भर में 8 युद्धों को रोका। ट्रम्प ने अपने कार्यकाल के 11 महीने पूरे होने पर व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित किया। ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता छोड़ते समय उन्हें एक बड़ा संकट सौंपा था।

ट्रम्प ने अमेरिका में महंगाई के मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए जोर दिया कि कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील और भारत सहित कई देशों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि टैरिफ की वजह से अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया है। वहीं, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने ट्रम्प के भाषण की आलोचना की है। सांसद



विपक्ष बोला: राष्ट्रपति सिर्फ 'मैं' 'मैं' करते हैं

क्रिस वैन होलेन ने कहा कि आज रात ट्रम्प ने कितने झूठ बोले, इसका हिसाब रखना तो मुश्किल है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रम्प पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज राष्ट्रपति के भाषण में सिर्फ एक शब्द सुनाई दिया, मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अब दुनिया अमेरिका का मजाक नहीं उड़ाती, बल्कि उसका सम्मान करती है। ट्रम्प ने आगे कहा कि हमारा राष्ट्र मजबूत है। अमेरिका का सम्मान है, और हमारा देश पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरा है। हम एक ऐसे आर्थिक उछाल के लिए तैयार हैं जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। ट्रम्प ने अपने भाषण में महंगाई और जीवन यापन पर ज्यादा बात नहीं की। हालांकि उन्होंने कहा कि किराने का सामान, कारें और अन्य वस्तुओं की कीमतें नीचे आ रही हैं। अपनी खास नीतियों से बढ़ी महंगाई को वे ठीक कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ऊर्जा और भोजन की कीमतें अब नियंत्राण में आ रही हैं। हालांकि, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भोजन और ऊर्जा की कीमतें अभी भी बढ़ रही हैं। ट्रम्प की टैरिफ नीतियों को भी कीमतें बढ़ाने का एक कारण बताया जा रहा है, हालांकि वे इन्हें देश के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत बताते हैं।

## कंबोडिया-थाईलैंड सीमा संघर्ष में अब तक 18 नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा पर जारी झड़पों के बीच कंबोडिया में नागरिकों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 18 हो गया है। कंबोडिया के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता टच सोखक ने गुरुवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार शाम 6 बजे तक संघर्ष में मारे गए कंबोडियाई नागरिकों की कुल संख्या 18 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। सोखक ने कहा कि विस्थापित लोगों की कुल संख्या बढ़कर 144066 परिवारों तक पहुंच गई है, जिसमें 476179 व्यक्ति शामिल हैं। इनमें 240000 से अधिक महिलाएं और लगभग 130000 बच्चे शामिल हैं।